वैश्विक संवाद

15.1

अनेक भाषाओं में एक वर्ष में 3 अंक

पत्रिका

International Sociological Association

समाजशास्त्र पर बातचीत जोआन मार्टिनेज–अलियर के साथ

वोलोडिमिर शोलुखिन

मोरक्को समाजशास्त्र और आईएसए फोरम 2025

अब्देलफत्ताह एजीन
अब्देलातिफ किदाई
ड्रिस एल गजौनी
कावतर लेबदाउई

खुला विज्ञान

फर्नांडा बेगेल
यूंजुंग शिन
जे–महन शिम
एना मारिया सेट्टो
सरिता अलबागली
इस्माइल रफोल्स

सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य

गेब्रियल केसलर
गेब्रियल वोमारो

खुला अनुभाग

> हैती : एक राज्य का संध्याकाल
> अमेरिका में 'हरित' निष्कर्षण से संबंधित संघर्षों का मानचित्रण
> लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्रीय संघों का संक्षिप्त मानचित्रण
> संकट और अनिश्चितता के समय में लैटिन अमेरिका और कैरिबियन का समाजशास्त्र

GD
अंक 15 / क्रमांक 1 / अप्रैल 2025
https://globaldialogue.isa-sociology.org/



> सम्पादकीय

इस साल *ग्लोबल डायलॉग* (GD) पंद्रह वर्ष का हो गया है। यह सब माइकल बुरावॉय के असाधारण प्रोत्साहन की बदौलत एक हस्तनिर्मित तरीके से शुरू हुआ। सितंबर 2010 में अपने पहले संपादकीय में उन्होंने लिखा : ''हम चाहते हैं कि यह सूचना पत्र हमारे वैश्विक समुदाय के भीतर विचारों के आदान–प्रदान का केंद्र बने।'' 2014 के अंत में, जापान में XVIII ISA वर्ल्ड कांग्रेस के बाद, *ग्लोबल डायलॉग* एक सूचना पत्र नहीं रह गया और एक पत्रिका बन गया। धीरे–धीरे, यह चार भाषाओं में प्रकाशित होने से सत्रह भाषाओं में प्रकाशित होने लगा, जिसमें ऑनलाइन लेखों को प्रति वर्ष चार (और फिर तीन) अंकों के साथ जोड़ा गया, और इसने तेजी से एक पेशेवर डिजाइन का स्वरुप ले लिया। लोला बुसुटिल और ऑगस्ट बागा, जो शुरू से ही GD के निर्माण में शामिल रहे हैं, का इस उपलब्धि में बहुत योगदान है।

2017 के अंत में, माइकल बुरावॉय ने GD7.4 के संपादकीय में *ग्लोबल डायलॉग* का संक्षिप्त इतिहास लिखा, जिसकी मैं अत्यधिक अनुशंसा करता हूँ। वहाँ से, ब्रिगिट ऑलेनबैकर और क्लॉस डोरे ने इस विरासत को संभाला, और GD को वर्तमान प्रारूप में समेकित किया। इस प्रोजेक्ट में पांच वर्ष के अपने नेतृत्व के दौरान, इसके सुलभ, आलोचनात्मक और बहुलवादी दृष्टिकोण को बनाए रखते हुए उन्होंने पत्रिका को विविधता प्रदान की। कैरोलिना वेस्टेना और विटोरिया गोंजालेज के साथ, मैंने 2023 में संपादक का पद संभाला। मैंने तीन केंद्रीय चुनौतियों की पहचान की: आईएसए से और आईएसए से परे सार्वजनिक और वैश्विक समाजशास्त्र का निर्माण करना, *ग्लोबल डायलॉग* के संपादकीय अनुभागों को पुनर्गठित करना और स्थिरता प्रदान करना, और इसके संचार और प्रसार रणनीतियों को पुनर्परिभाषित करना।

हमने कई अक्षों पर प्रगति की है, लेकिन कई अन्य पर अभी भी काम करना बाकी है। ग्लोबल डायलॉग की पंद्रहवीं वर्षगांठ और रबात में समाजशास्त्र के पांचवें आईएसए फोरम उन कार्यों से निपटने में आगे बढ़ने का एक अच्छा अवसर होगा। इस पूरे वर्ष में, सार्वजनिक और वैश्विक समाजशास्त्र के लिए कुछ प्रमुख चुनौतियों पर हमारे आगामी संस्करणों में चर्चा की जाएगी। हमारा लक्ष्य इस परियोजना में योगदान देने में रुचि रखने वाले सभी लोगों के साथ विभिन्न संवाद खोलना भी है। वैश्विक उथल–पुथल के मध्य, ग्लोबल डायलॉग को हमारे समय के संकटों के लिए वैश्विक प्रतिक्रियाएँ प्रदान करने, विभिन्न वास्तविकताओं और शैक्षणिक संस्कृतियों के बीच पुल बनाने और बौद्धिक और राजनीतिक विकल्पों का प्रस्ताव करने में सक्षम होना चाहिए।

इस अंक की शुरुआत यूक्रेनी समाजशास्त्री वोलोडिमिर शेलुखिन द्वारा कैटलन बुद्धिजीवी जोआन मार्टिनेज– एलियर, जो राजनीतिक और आर्थिक पारिस्थितिकी के क्षेत्र में अग्रणी व्यक्तियों में से एक हैं, के साथ एक साक्षात्कार से होती है। इस बातचीत में, वे यूक्रेन के सबसे प्रमुख उन्नीसवीं सदी के बुद्धिजीवियों में से एक सेरही पोडोलिन्स्की की विरासत और सामाजिक सिद्धांत में पारिस्थितिकीय मोड़ की जांच करते हैं।

इस अंक का पहला खंड मोरक्को में समाजशास्त्र का एक व्यापक विहंगावलोकन प्रस्तुत करता है, जिसमें अन्य विषयों के अलावा मोरक्को में समाजशास्त्र का संस्थागतकरण, औपनिवेशिक और विदेशी समाजशास्त्रीय विद्यालयों के बीच तनाव और 'समाजशास्त्र के मोरक्को विद्यालय' का उदय, साथ ही राष्ट्रीय बहस में सबसे प्रासंगिक लेखकों और मुद्दों में से कुछ, और समाजशास्त्रीय अभ्यास में रुझान शामिल हैं। 6–11 जुलाई को रबात में आयोजित होने वाले आईएसए फोरम से पहले, मैं 2021 में GD11.3 में प्रकाशित माघरेब से समाजशास्त्र पर अनुभाग के साथ–साथ एडबेलफत्ता एजीन, अब्देललतीफ किदाई, ड्रिस एल गजौनी, और कावतर लेब्डौई, द्वारा हस्ताक्षरित इन लेखों को पढ़ने की सलाह देता हूँ।

निम्नलिखित अनुभाग हमें ओपन साइंस (खुले विज्ञान) के लेंस के माध्यम से सार्वजनिक और वैश्विक समाजशास्त्र के बारे में सोचने के लिए आमंत्रित करता है। फर्नांडा बेगेल जिन्होंने ओपन साइंस पर यूनेस्को सलाहकार समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, द्वारा संपादित यह ओपन साइंस और समावेशन और अंतरसांस्कृतिकता (एफ. बेगेल) के बीच संबंधों पर प्रमुख प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है, विभिन्न सांस्कृतिक संदर्भों में ओपन साइंस की विशिष्टता (यूजिंग शिन और जे–महन शिम), विज्ञान के गैर–व्यावसायीकरण की संभावनाएं (एना मारिया सेट्टो), नागरिक विज्ञान की प्रवृत्तियाँ, सामुदायिक विज्ञान, सहभागी विज्ञान और विज्ञान में सार्वजनिक भागीदारी के साथ संवाद के लिए खुलापन (सरिता अलबागली), और ओपन साइंस, देखभाल और ज्ञानात्मक न्याय (इस्माइल राफोल्स) के बीच संबंध।

सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य अनुभाग में, अर्जेंटीना के दो प्रमुख समकालीन समाजशास्त्री, गेब्रियल केसलर और गेब्रियल वोमारो, लैटिन अमेरिकी वास्तविकता के अनुभवजन्य अध्ययनों पर आधारित एक दिलचस्प वैचारिक ढांचे की पेशकश करके, राजनीतिक ध्रुवीकरण का अध्ययन कैसे किया जाए, इस प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास करते हैं।

अंत में, ओपन सेक्शन की शुरुआत हैती के बुद्धिजीवी जीन–मैरी थियोडैट द्वारा कैरिबियन देश में मौजूदा संकट के पीछे के तर्क के स्पष्ट विश्लेषण से होती है। अगले लेख में, मारियाना वाल्टर, यानिक डेनियू और विवियाना हेरेरा वर्गास ने अमेरिका में हरित निष्कर्षणवाद से संबंधित संघर्षों के 25 मामलों का मानचित्रण और विश्लेषण किया है। लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्र पर अंतिम दो लेखों में लैटिन अमेरिका में समाजशास्त्रीय संघों की स्थिति के बारे में मिगुएल सेर्ना का विवरण और नवंबर 2024 में डोमिनिकन गणराज्य में आयोजित अपने अंतिम सम्मेलन में लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्रीय संघ (एएलएएस) की सभा द्वारा अनुमोदित घोषणा शामिल है।

अधिक समाचारों के लिए हमारे अगले अंक का इंतजार करें। ग्लोबल डायलॉग अमर रहे और इसे संभव बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद! ■

ब्रेनो ब्रिंगल, *ग्लोबल डायलॉग* के संपादक

पीएस : जब इस अंक का संस्करण बंद हो चुका था, तब हमें माइकल बुरावॉय की दुखद मृत्यु की खबर मिली। हमने एक उत्कृष्ट विद्वान, सार्वजनिक समाजशास्त्र के वैश्विक प्रवर्तक, *ग्लोबल डायलॉग* के संस्थापक और महा उत्साही तथा एक शानदार और उदार इंसान को खो दिया है। उनके द्वारा अपनाई गई हर बात के लिए श्रद्धांजलि के रूप में, हम अपना अगला अंक उनकी स्मृति को समर्पित करेंगे।

> वैश्विक संवाद **जी.डी. वेबसाइट** पर अनेक भाषाओं में देखा जा सकता है।

> प्रस्तुतियाँ <**globaldialogue@isa-sociology.org**> पर भेजी जा सकती हैं।

> संपादक मण्डल

संपादक : ब्रेनो ब्रिंगेल

सह–सम्पादक : विटोरिया गोंजालेज, कैरोलिना वेस्टेना

सहयोगी सम्पादक : क्रिस्टोफर इवांस

प्रबंधन संपादक : लोलाबुसुतिल, अगस्त बागा

सलाहकार : माइकल बुरावे, ब्रगिट औलेनबैकर, क्लाउस डोरे

क्षेत्रीय संपादक

अरब दुनिया : *(लेबनान)* साड़ी हनाफी, *(ट्यूनिशिया)* फातिमा रधौनी, सफौने ट्रैबेल्सी।

अर्जेन्टीना : मैगडालेना लेमस, जुआन परसिआ, दांते मार्चिसिओ।

बांग्लादेश: हबीबुल खोंड़कर, खैरुल चौधरी, शेख मोहम्मद कैस, अब्दुर रशीद, मोहम्मद जहीरुल इस्लाम, तौहीद खान, हेलाल उद्दीन, मसुदूर रहमान, रसेल हुसैन, रूमा परवीन, यास्मीन सुल्ताना, मोहम्मद शाहिदुल इस्लाम, शादिया बिंता जमान, फरहीन एक्टर भुइयां, आरिफुर रहमान, एकरामुल कबीर राणा, सलेह मामून, आलमगीर कबीर, सुरैया अख्तर, तस्लीमा नसरीन, मोहम्मद नसीम, एस. मो. शाहीन अख्तर।

ब्राजील : फेबरिसियो मासिएल, आंद्रेजा गैली, जोसे गुइराडो नेटो, जेसिका मज़िजनी मेंडिस, कैरीन पासोस।

फ्राँस/स्पेन : लोला बुसुतिल

भारत : रश्मि जैन, मनीष यादव।

ईरान : रेयहाने जावदी, नियाश डॉलाती, एलहम शुशत्राजिदे, अली राघेब।

पोलैंड: अलेक्सांद्रा बिएरनका, अन्ना टर्नर, जोआना बेडनारेक, सेबेस्टियन सोस्नोव्स्की।

रोमानिया : रालुका पोपेस्कु, राइसा–गैब्रिएला जम्फिरेस्कु, बियांका ऐलेना मिहिला।

रूस : ऐलेना ज्द्रावोम्यस्लोवा, डारिया खोलोडोवा।

ताईवान : वान–जू ली, जी हाओ केर्क, चिएन–यिंग–चिएन, यी–शुहो हुआंग, मार्क यी–वेई लाई, यूं–जो लिन, ताओ–युंग लु, नी–ली।

तुर्की : गुल कोरबासियोग्लू, इरमक एवरेन।

*'समाजशास्त्र पर बातचीत' अनुभाग में, वोलोडिमिर शेलुखिन ने **जोआन मार्टिनेज–अलिएर** से सेरही पोडोलिन्स्की और सामाजिक सिद्धांत में पारिस्थितिकीय मोड़ के बारे में बात की।*

*विषयगत खंड **'मोरक्कन समाजशास्त्र और आईएसए फोरम'** में औपनिवेशिक और विदेशी समाजशास्त्रीय स्कूलों के बीच तनाव और 'मोरक्कन समाजशास्त्र स्कूल' के उद्भव जैसे विषयों को शामिल किया गया है।*

*'सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य' अनुभाग की विषय वस्तु लैटिन अमेरिकी वास्तविकता के अनुभवजन्य अध्ययनों पर आधारित **राजनीतिक ध्रुवीकरण का अध्ययन कैसे किया जाए**, प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास करती है।*

कवर पेज का श्रेय : मार्टिन वोरेल, विकिमीडिया कॉमन्स।

GD

सेज प्रकाशन की उदार ग्रांट से
वैश्विक संवाद का प्रकाशन संभव है।

> इस अंक में

संपादकीय 2

> समाजशास्त्र पर बातचीत

पोडोलिन्स्की और सामाजिक सिद्धांत में पारिस्थितिकीय मोड़
जोआन मार्टिनेज–अलियर के साथ एक साक्षात्कार
वोलोडिमिर शोलुखिन यूक्रेन द्वारा 5

> मोरक्को समाजशास्त्र और आईएसए फोरम 2025

मोरक्को में समाजशास्त्र का संस्थागतकरण
अब्देलफत्ताह एजीन, द्वारा 8

मोरक्को में समकालीन समाजशास्त्र पर पुनर्विचार
अब्देलातिफ किदाई और ड्रिस एल गजौनी, मोरक्को द्वारा 12

मोरक्को में समाजशास्त्र और सामान्य समाजशास्त्र
कावतर लेबदाउई, मोरक्को द्वारा 16

> खुला विज्ञान

खुलेपन और समावेशन का विवादित क्षेत्र
फर्नांडा बेगेल, अर्जेंटीना द्वारा 18

खुले विज्ञान की द्वंद्वात्मकता: यूनेस्को की सिफारिश के तीन वर्ष बाद
यूंजुंग शिन, और जे–महन शिम, दक्षिण कोरिया द्वारा 21

विज्ञान का विव्यावसायीकरण: एक स्वप्नलोक?
एना मारिया सेट्टो, मैक्सिको द्वारा 23

नागरिक विज्ञान और एक नया अधिकार एजेंडा
सरिता अलबागली, ब्राजील द्वारा 26

खुले विज्ञान पर पुनर्विचार:
समानता और समावेशन की ओर
इस्माइल रफोल्स, नीदरलैंड / स्पेन द्वारा 29

> सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य

ध्रुवीकरण और राजनीतिक संघर्ष:
लैटिन अमेरिका से अंतर्दृष्टि
गेब्रियल केसलर, और गेब्रियल वोमारो, अर्जेंटीना द्वारा 32

> खुला अनुभाग

हैती : एक राज्य का संध्याकाल
जीन–मैरी थियोडैट, हैती / फ्रांस द्वारा 35

अमेरिका में 'हरित' निष्कर्षण से संबंधित संघर्षों का मानचित्रण
मारियाना वाल्टर, स्पेन यानिक डेनियाउ, मैक्सिको और विवियाना हेरेरा वर्गास, कनाडा द्वारा 38

लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्रीय संघों का संक्षिप्त मानचित्रण
मिगुएल सेर्ना, उरुग्वे द्वारा 42

संकट और अनिश्चितता के समय में लैटिन अमेरिका और कैरिबियन का समाजशास्त्र
ALAS (**लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्रीय संघ**) द्वारा 45

"ज्ञानात्मक न्याय प्रदान करने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए ओएस की अवधारणा और प्रचार पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।"

इस्माइल रफोल्स

> पोडोलिन्स्की और सामाजिक सिद्धांत में पारिस्थितिकीय मोड़

जोआन मार्टिनेज–अलियर के साथ एक साक्षात्कार

जोन मार्टिनेज–एलियर, 2009. श्रेय: विकिमीडिया कॉमन्स।

सेरही पोडोलिंस्की (1850–91) उन्नीसवीं सदी के सबसे मौलिक यूक्रेनी सामाजिक विद्वानों में से एक हैं। जितना उनका कम अध्ययन किया गया है, उतना ही उनका प्रभाव प्रभावशाली रहा है। क्या वे सबसे पहले एक क्रांतिकारी आंदोलनकारी, एक गहन शोधकर्ता या एक पागल व्यक्ति थे? द्रहोमानोव ने पोडोलिंस्की के साथ सहयोग करते हुए अपने आप को भावनात्मक अराजकतावादी से दूर रखा। मिखाइलो ह्रुशेव्स्की और मायकीटा शापोवाल ने उन्हें यूक्रेनी समाजशास्त्र के संस्थापकों में शामिल किया। यूक्रेनी विज्ञान अकादमी के पहले अध्यक्ष वोलोडिमिर वर्नाडस्की ने उनके विचारों को लोकप्रिय बनाया। उन्होंने लेखकों को प्रेरित किया और उनके विचार विश्व प्रसिद्ध कैटलन सामाजिक विद्वान **जोआन मार्टिनेज–अलियर**, जो पारिस्थितिक अर्थशास्त्र और राजनीतिक पारिस्थितिकी के संस्थापकों में से एक हैं और जिनके विचारों ने तथाकथित बार्सिलोना स्कूल की नींव रखी, के लिए भी महत्वपूर्ण थे। प्रो. मार्टिनेज–अलियर को बलजान पुरस्कार, जो यूरोप में सामाजिक विज्ञान और मानविकी में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है, और होलबर्ग पुरस्कार, जिसकी तुलना अक्सर सामाजिक विज्ञान में नोबेल पुरस्कार से की जाती है, से सम्मानित किया गया है। इन पुरस्कारों को प्राप्त करते समय दिए गए दोनों व्याख्यानों में, मार्टिनेज–अलियर ने सेरही पोडोलिंस्की का उल्लेख किया।

प्रो. मार्टिनेज–अलियर सेरही पोडोलिंस्की को समर्पित एक रिपोर्ट पेश करने की योजना बना रहे थे, लेकिन परिस्थितियों ने ऐसा होने नहीं दिया। कीव विश्वविद्यालय (यूक्रेन) के सामाजिक संरचना और सामाजिक संबंध विभाग के वोलोडिमिर शेलुखिन द्वारा आयोजित इस साक्षात्कार ने उस रिपोर्ट की जगह ली। इस साक्षात्कार को यूक्रेनी समाजशास्त्रीय पत्रिका *SVOIE* और कीव के तारास शेवचेंको नेशनल यूनिवर्सिटी (सेरही पोडोलिंस्की के अल्मा मेटर) में समाजशास्त्र संकाय द्वारा आयोजित 'पोटेंशियल क्लासिक्स सुपरसिडेड, फॉरगॉटन, एंड अनकवर्ड इन द हिस्ट्री ऑफ यूक्रेनियन सोशियोलॉजी' (5–6 जून, 2024) सम्मेलन के ढांचे के भीतर तैयार किया गया था। यूक्रेन और विदेशों के शोधकर्ताओं को एक साथ लाने वाला यह सम्मेलन यूक्रेन में अपनी तरह का पहला सम्मेलन था, जिसमें यूक्रेनी समाजशास्त्र के इतिहास पर विशेष ध्यान दिया गया था।

वोलोडिमिर शेलुखिन (वीएस): सेरही पोडोलिंस्की के बारे में आपकी जानकारी वोलोडिमिर वर्नाडस्की की एक पुस्तक से शुरू हुई, लेकिन यह पुस्तक आपके ध्यान में कैसे आई? एक सामाजिक विद्वान के लिए भू–रसायन विज्ञान पर पुस्तक पढ़ना कुछ हद तक अप्रत्याशित है।

जोआन मार्टिनेज–अलिएर (जेएमए): 1979 और 1982 के बीच, मैंने स्पेनिश पारिस्थितिकी अर्थशास्त्री जोस मैनुअल नारेडो के साथ (*द जर्नल ऑफ पीजेंट स्टडीज* में स्पेनिश में, कैटलन में, और फिर अंग्रेजी में) पोडोलिन्स्की के कृषि ऊर्जा विज्ञान की व्याख्या पर लेख प्रकाशित किए। मैंने पोडोलिंस्की के लेख में संख्याओं (इनपुट और आउटपुट के रूप में किलोकैलोरी) का सारांश देते हुए एक तालिका बनाई। बाद में जब मैं अपनी पुस्तक *इकोलॉजिकल इकोनॉमिक्स* (1987) तैयार कर रहा था, मैंने वर्नाडस्की की ला जियोचिमी (1924) को 1986 में पढ़ा। मेरे मित्र जैक्स ग्रिनेवाल्ड, जो एक फ्रांसीसी दार्शनिक और ज्ञानमीमांसक, पारिस्थितिकीविद् और विज्ञान के इतिहासकार हैं, ने मेरा ध्यान वर्नाडस्की की इस पुस्तक की ओर, और वर्नाडस्की द्वारा ऊर्जा और एन्ट्रॉपी के बारे में लिखे गए पन्नों और पोडोलिन्स्की के लिए उनके आधे पृष्ठ की प्रशंसा की ओर आकृष्ट किया।

वी.एस.: वर्नाडस्की की किताब के साथ–साथ पोडोलिंस्की की विरासत का अध्ययन करते समय आपने किन स्रोतों का उपयोग किया? 1970 के दशक में पोडोलिंस्की को काफी हद तक भुला दिया गया था, और उनका सबसे महत्वपूर्ण लेख 2004 में ही अंग्रेजी में प्रकाशित हुआ था।

जेएमए: पोडोलिंस्की का 1880 का कृषि ऊर्जा विज्ञान पर लेख इतालवी, जर्मन में प्रकाशित हुआ था, जिसे मैं पढ़ सकता हूँ, और स्लोवो पत्रिका में रूसी में भी, और संभवतः यूक्रेनी में, जिसे मैं तब तक नहीं पढ़ सकता जब तक मुझे मदद न मिले। और बहुत बाद में इसका अंग्रेजी में अनुवाद किया गया। एक ही लेख के थोड़े अलग संस्करण हैं।

वी.एस.: जब आपने पोडोलिंस्की की विरासत पर अपना शोध शुरू किया था, तो क्या आप इस विषय पर रोमन सर्बिन के अध्ययन से अवगत थे?

जेएमए: हां, मैं रोमन सर्बिन के काम से वाकिफ था। हमने कई साल पहले पत्र–व्यवहार किया था। पोडोलिंस्की ने बेशक यूक्रेनी आर्थिक इतिहास के बारे में लिखा थाः वे जारिस्ट रूस का विरोध करने वाले यूक्रेनी बुद्धिजीवियों के एक समूह से संबंधित थे। रूस में वे पियोत्र लावरोव के करीब थे, जो एक 'नारोडनिक' थेः किसानों के पक्ष में और जारवाद के खिलाफ एक राजनीतिक प्रवृत्ति। पोडोलिंस्की ने मार्क्स से भी कुछ समय के लिए व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। 1880 में, वे मोंटपेलियर में निर्वासन में रह रहे थे। उन्होंने ब्रेस्लाउ (ब्रोकला) और ज्यूरिख में चिकित्सा का अध्ययन किया था। यह वास्तव में अफसोस की बात है कि वे बीमार थे और कम उम्र में ही उनकी मृत्यु हो गयी। वे नारोदनाया वोल्या समूह के साथ दोस्ताना थे। लेकिन, मैं कहूँगा कि वे एक यूक्रेनी राष्ट्रवादी थे। कीव, लविवि में यूक्रेनी विश्वविद्यालयों में मिखाइलो ड्राहोमानोव और इवान फ्रेंको के के नाम हैं – ये पोडोलिंस्की के दोस्त और प्रेरणा के स्रोत थे।

वी.एसः कुछ मायनों में, सेरही पोडोलिंस्की उन्नीसवीं सदी के लिए एक असामान्य विचारक थे। औद्योगिकीकरण, रेलमार्ग और भाप इंजन के युग में प्रकृति और कृषि संबंधों पर उनका ध्यान कुछ हद तक पुराने जमाने का लगता था।

जेएमए: पोडोलिंस्की ने विज्ञान में उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त की थी। यही कारण है कि वह कृषि ऊर्जा विज्ञान पर अपना लेख लिख सके। उन्होंने ऊर्जा पर शोध का बारीकी से पालन किया, और अपने काम में उन्होंने मोलेशोट, क्लॉसियस को उद्धृत किया। इसलिए, वे सूर्य से प्रकाश संश्लेषण में परिवर्तित ऊर्जा की मात्रा की गणना कर सकते थे, और कैसे यह राशि बढ़ी (उनके विचार में) जब मनुष्यों और जानवरों के काम को कृषि में लागू किया गया था। अधिशेष में वृद्धि हुई (मेहरारबेट उन्होंने 1880 में मार्क्स को जर्मन में लिखा था)। लेकिन बहुत सारा उत्पादन प्राकृतिक रूप से, मानव श्रम के बिना किया गया था (भौतिक अर्थ में उत्पादन, जिसे किलो कैलोरी में मापा गया)। 1880 में यह सब अभी भी नया था। पोडोलिंस्की के लेख यूरोप में कई भाषाओं में प्रकाशित हुए, जिसमें मार्क्सवादी पत्रिका *डाइ न्यु जीट* भी शामिल है, लेकिन मार्क्सवादी लेखकों की बहुत दिलचस्पी नहीं थी। मार्क्सवादी लेखकों ने कृषि ऊर्जा विज्ञान पर नहीं लिखा। कुछ पारिस्थितिकीविदों ने, बहुत बाद में (1970 के दशक में डेविड पिमेंटेल और हॉवर्ड टी. ओडम ने) मानव अर्थव्यवस्था की पारिस्थितिक ऊर्जा और कृषि के EROI (खेत में आने वाली ऊर्जा और फसल की ऊर्जा के बीच का अनुपात) पर लिखना शुरू किया। आज यह पारिस्थितिक अर्थशास्त्र में रुचि का विषय है।

वी.एस.: कुछ रूढ़िवादी मार्क्सवादी लेखकों ने पोडोलिंस्की की विरासत और मार्क्सवादी विचारों से इसके संबंध की आपकी व्याख्या को संदेहपूर्ण तरीके से लिया है। उनका मुख्य तर्क है कि हम पोडोलिंस्की को सामाजिक विज्ञान में पारिस्थितिकीय मोड़ के संदर्भ में नहीं समझा सकते क्योंकि उन्होंने प्रकृति को केवल संसाधनों के एक जटिल समूह के रूप में देखा था। प्रकृति के बारे में उनका दृष्टिकोण उपभोक्तावादी था। आप इस आलोचना का जवाब कैसे देते हैं?

जेएमए: 1880–82 में मार्क्स और एंगेल्स (मार्क्स की मृत्यु 1883 की शुरुआत में हुई) ने कृषि की ऊर्जा पर पोडोलिंस्की के लेखों की प्रतियां पढ़ीं। उन्हें नहीं लगा कि यह समाज और अर्थव्यवस्था के अध्ययन के लिए दिलचस्प था। जैसा कि एंगेल्स ने मार्क्स को लिखा था, पोडोलिंस्की ने अर्थव्यवस्था का विश्लेषण भौतिक दृष्टिकोण से करने की कोशिश की थी, और यह गलत था। कुछ मार्क्ससवादी विद्वान ऐसे हैं जो मानते हैं कि एंगेल्स खुद गलत नहीं हो सकते। मैं इससे असहमत हूँ।

वी.एस.: अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र और संबंधित क्षेत्रों में कौन से समकालीन सिद्धांत पोडोलिंस्की के दृष्टिकोण के अनुरूप हो सकते हैं?

जेएमए: पोडोलिंस्की अपने समय से आगे थे क्योंकि उन्होंने उत्पादन और कृषि के इनपुट से यथार्थवादी आंकड़ों के आधार पर बायोमास उत्पादन का एक मॉडल विकसित किया था, जिसे ऊर्जा इकाइयों में व्यक्त किया गया था, यानी प्रति हेक्टेयर किलोकैलोरी। किलोकैलोरी इनपुट पक्ष (प्रकाश संश्लेषण के साथ–साथ मानव और पशु कार्य, बीज, उर्वरक और आजकल पेट्रोलियम, आदि) और आउटपुट पक्ष पर प्रासंगिक हैं। वयस्क मनुष्य प्रतिदिन लगभग 1800 से 2500 किलोकैलोरी खाते हैं। जैसा कि वर्नाडस्की ने 1924 में लिखा थाः 'पोडोलिंस्की ने जीवन की ऊर्जा को समझा और अपने निष्कर्षों को अर्थव्यवस्था के अध्ययन में लागू करने की कोशिश की'। दूसरे शब्दों में, उन्होंने कृषि के सामाजिक चयापचय को देखा, और उनके मॉडल को पूरी अर्थव्यवस्था पर लागू किया जा सकता था। उन्हें कृषि ऊर्जा

>>

विज्ञान और पारिस्थितिक अर्थशास्त्र के अग्रदूत के रूप में मान्यता दी गई है। ऊर्जा अनुसंधान और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र, और साथ ही ऊर्जा अनुसंधान और आर्थिक और सामाजिक इतिहास, कुछ हद तक उनकी अंतर्दृष्टि से अलग विकसित हुए (क्योंकि उनकी मृत्यु अपेक्षाकृत अल्पायु में हुई, और इसलिए भी कि मार्क्सवादी विद्वान उनके काम को जानते थे लेकिन मार्क्स के साथ उनके पत्राचार, जो पहली बार 1919 में प्रकाशित हुए थे, में एंगेल्स की नकारात्मक टिप्पणियों के कारण इसकी सराहना नहीं करते थे)। लेकिन उन्हें भुलाया नहीं गया। *द जर्नल ऑफ पीजेंट स्टडीज* में नारेडो के साथ मेरे 1982 के लेख और मेरी 1987 की पुस्तक ने पारिस्थितिक अर्थशास्त्रियों के नए स्कूल और पारिस्थितिक मानवविज्ञानियों को उन्हें अच्छी तरह से जानने का अवसर प्रदान किया। उदाहरण के लिए, रॉय रैपापोर्ट ने 1968 में न्यू गिनी के लोगों के एक समूह, त्सेम्बागा मारिंग की कृषि ऊर्जा (और सामाजिक व्यवस्था और धर्म) पर एक पुस्तक प्रकाशित की। मैंने इसे पोडोलिंस्की के लेख और एंगेल्स की प्रतिक्रिया के बारे में जानने से पहले 1972 में पढ़ा था। वस्तुतः, मैं 1971 के बाद हॉवर्ड टी. ओडम और डी. पिमेंटेल के इस विषय पर लेख और किताबें प्रकाशित होने के पहले से ऊर्जा और कृषि के बारे में पढ़ा रहा था।

मेरा निष्कर्ष यह है कि पोडोलिंस्की का दृष्टिकोण पर्यावरण सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण इतिहास के बढ़ते क्षेत्रों के लिए बहुत प्रासंगिक है। हालाँकि, सबको यह पता होना चाहिए कि 'कृषि ऊर्जा', 'सामाजिक चयापचय', 'जीवन की ऊर्जा', 'एंट्रॉपी कानून' और 'आर्थिक प्रक्रिया' जैसे शब्द अभी भी मुख्यधारा के अर्थशास्त्रियों और समाजशास्त्रियों के लिए लगभग अज्ञात हैं।

वी.एस.: मैं सहमत हूँ, वे अभी भी अज्ञात हैं, लेकिन एन्ट्रॉपी की अवधारणा का उपयोग सहक्रियाशीलता (सिनर्जेटिक्स) से प्रेरित सामाजिक विद्वानों के एक सीमित समूह द्वारा किया जाता है। क्या वे पोडोलिंस्की के विचारों से अवगत थे?

जेएमए: मैं सहक्रियाशीलता के बारे में नहीं जानता। आपको निकोलस जॉर्जेस्कु–रोजेन द्वारा लिखित *द एन्ट्रॉपी लॉ एंड द इकोनॉमिक्स प्रोसेस* (1971) पढ़नी चाहिए। उन्होंने पोडोलिंस्की का उल्लेख इस पुस्तक में नहीं बल्कि बाद में अपने 1986 के लेख, 'द एन्ट्रॉपी लॉ एंड द इकोनॉमिक प्रोसेस इन रेट्रोस्पेक्ट' में किया था।

1986 तक जॉर्जेसकू–रोजेन, जिनसे मैं 1979 में बार्सिलोना में कुछ दिनों के लिए मिला था, ने नारेडो के साथ पोडोलिंस्की पर मेरे काम को पढ़ लिया था और मेरी 1987 की किताब, *इकोलॉजिकल इकोनॉमिक्स* के पहले ड्राफ्ट को भी जानते थे। यहीं से उन्होंने पोडोलिंस्की के बारे में सीखा। वैसे, पोडोलिंस्की की कृषि ऊर्जा, मार्क्स और एंगेल्स की प्रतिक्रियाएँ और वर्नाडस्की के स्वागत के बारे में बहुत सी जानकारी मेरी किताब इकोलॉजिकल इकोनॉमिक्स (1987, नया संस्करणः 1990) में बताई गई है।

वीएसः आपकी वर्तमान शोध परियोजना दुनिया भर में पारिस्थितिकी संघर्षों पर केंद्रित है। यूक्रेन पर चल रहे रूसी आक्रमण का भी जबरदस्त पारिस्थितिकी आयाम है। हालाँकि आपने अभी तक यूक्रेनी संदर्भ का अध्ययन नहीं किया है, क्या आप यूक्रेन के लिए कुछ सामान्य सलाह दे सकते हैं कि इन नई पारिस्थितिकी चुनौतियों का समाधान कैसे किया जाए? क्या प्रकृति और पारिस्थितिकी सोच के साथ सामंजस्य में एक बढ़ती अर्थव्यवस्था का निर्माण करना संभव है?

जेएमए: हां, ग्लोबल एटलस ऑफ एनवायर्नमेंटल जस्टिस (ईजेएटलस), जो एक सामूहिक प्रयास है, के साथ हम यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि पर्यावरण न्याय के लिए कई स्थानीय संघर्ष हैं। आर्थिक विकास का मतलब कभी–कभी पर्यावरण का विनाश होता है, जैसे प्रदूषण के माध्यम से। इन आंदोलनों में, लोगों के समान दुश्मन होते हैं (उदाहरण के लिए, बड़ी खनन कंपनियाँ)। मैं हाल ही में सर्बिया में चीनी कंपनी जिजिन के खिलाफ बोर में तांबे के खनन और गलाने के लिए शिकायतों के बारे में पढ़ रहा था। इस तरह के सैकड़ों संघर्ष हैं। अक्सर, यह कंपनियाँ बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ होती हैं। इसके अलावा, सर्बिया में, हाल ही में आम लोगों, साधारण लोगों द्वारा लिथियम खनन के लिए रियो टिंटो कंपनी के खिलाफ शिकायत की गई थी। सभी देशों में आर्थिक विकास का मतलब पर्यावरण का विनाश नहीं होना चाहिए। जब शांति वापस आएगी तो यही बात यूक्रेन पर भी लागू होगी। ■

सभी पत्राचार वोलोडिमिर शेलुखिन को
<volodymyr.shelukhin1991@gmail.com> पर प्रेषित करें।

> मोरक्को में समाजशास्त्र का संस्थागतकरण

अब्देलफत्ताह एजीन, एस्पेस मेडिएशन (EsMed) के अध्यक्ष और इंस्टेंस मारोकेन डी सोशियोलॉजी, मोरक्को के संस्थापक और राष्ट्रीय समन्वयक द्वारा

श्रेयः ओपनवर्स पर माघरेबिया।

पश्चिम में समाजशास्त्र का उदय औद्योगिक क्रांति के दौरान सामाजिक इंजीनियरिंग के एक साधन के रूप में हुआ, जो उस क्रांति से प्रभावित देशों के सामाजिक ताने–बाने में देखे गए असंतुलन और शिथिलता के जवाब में था। तब से, समाजशास्त्रीय ज्ञान अपने उद्देश्य, कार्यप्रणाली, दृष्टिकोण आदि के बारे में बहस और चिंतन का विषय रहा है। यह सामाजिक विचार की स्थिति से विज्ञान की स्थिति में विकसित हुआ, और अंग्रेजी बोलने वाली दुनिया में – विशेष रूप से यूएसए में – इसे ''सोसाइटोलोजी'' नाम दिया गया, जबकि फ्रांसीसी और अन्य यूरोपीय लोगों ने ''सोशियोलॉजी'' शब्द अपनायाः यह नाम तब से अटका हुआ है।

यधपि यूरोपीय और एंग्लो–सैक्सन सामाजिक–सांस्कृतिक क्षेत्रों में इस विज्ञान के संस्थागतकरण की प्रक्रिया समान रही है, वैश्विक दक्षिण (या गैर–पश्चिमी देशों) के देशों और विशेष रूप से मोरक्को में इसका उद्भव और संस्थागतकरण एक अलग प्रक्रिया से गुजरा है, जो इस अध्ययन का केंद्र है। यहाँ उद्देश्य मोरक्को के समाजशास्त्र के प्रक्षेपवक्र और उन चुनौतियों के बारे में पाठक को बताना है, जिनका सामना मोरक्को के समाजशास्त्रियों को करना है। उसके साथ ही अन्य उन समाजशात्रियों के योगदान का परिचय देना है जो मानते हैं कि वे 'शक्ति के ज्ञान' के बजाय 'ज्ञान की शक्ति' के अधीन रहते हैं।

> मोरक्को में समाजशास्त्र को संस्थागत बनानाः पूर्व–संरक्षित काल

यह याद रखना जरूरी है कि मोरक्को भूमध्यसागरीय क्षेत्र में तर्कवाद (इब्न रुश्द/एवर्रोस, 1126–1198) और सामाजिक विचार (इब्न खालदुन 1332–1406) के विकास में सबसे महत्वपूर्ण हस्तियों में से कुछ का घर था। हालाँकि, 'समाज के विज्ञान' और वैज्ञानिक ज्ञान के रूप में, समाजशास्त्र को मोरक्को में पेश करने का उद्देश्य मोरक्को के समाज पर कब्जा करना और उसे ध्वस्त करना था ताकि उसी समय पिछड़े माने जाने वाले देश को सभ्य बनाने के मिशन के नाम पर एक थोपी गई वास्तुकला के अनुसार इसका पुनर्निर्माण किया जा सके। अल्जेसिरस सम्मेलन में बातचीत के बाद, मोरक्को को एक फ्रांसीसी संरक्षित राज्य में बदल दिया गया। ऐसा बर्लिन सम्मेलन (1884–85) में स्पेन के पक्ष में अपने सहारा के क्षेत्रों को काटने के बाद हुआ था, जहाँ यूरोपीय औपनिवेशिक शक्तियों ने एक मेज पर बैठ कर अफ्रीकी महाद्वीप का बटवारा किया।

इस अवधि के दौरान, अन्य यूरोपीय देशों पर मोरक्को पर कब्जा करने के अपने अधिकार को लागू करने की इच्छा रखते हुए, फ्रांस ने देश भर में अपने जासूसों और सहयोगियों को देश की स्थिति और मोरक्को के समाज की संरचना के बारे में जानकारी जुटाने के लिए भेजा। उनका उद्देश्य एक ऐसा सिद्धांत स्थापित करना था जिसे मैं 'प्रभुत्व का सिद्धांत' कहता हूँ, जिसने 'मोरक्को के प्रभुत्व' और संरक्षक की स्थापना को सुविधाजनक बनाया। यह सारा काम 1904 में 'मिशन साइंटिफिक डू मारोक' की स्थापना के साथ समाप्त हुआ, जिसने *आर्काइव्स मैरोकेन्स* (मोरक्को के अभिलेखागार) और बाद में *रेव्यू डू मोंडे मुसलमान* (मुस्लिम वर्ल्ड रिव्यू) प्रकाशित किया। 1914 में, मोरक्को पर संरक्षक का दर्जा जबरन थोपे जाने के तुरंत बाद और रेजिडेंट–जनरल की सहमति से, स्वदेशी मामलों के विभाग और खुफिया सेवा के सहयोग से *विल्स एट ट्रिबस डू मारोक* (मोरक्को के शहर और जनजातियाँ) शीर्षक के तहत तीसरा प्रकाशन किया गया।

> मोरक्को में समाजशास्त्र को संस्थागत बनानाः संरक्षित अवधि

इस अवधि के दौरान समाजशास्त्र और संबंधित सामाजिक और मानवीय विषयों को वर्चस्व की राजनीतिक दृष्टि से तैयार किया गया था। इस प्रकार सामाजिक विज्ञान ने ऐसे ज्ञान का गठन किया जो उस सभ्य मिशन की सेवा करता था जिसे कब्जे वाले राज्यों – इस

>>

मामले में, फ्रांस और स्पेन – ने खुद पर हथिया लिया था और देश पर थोपना चाहते थे।

संरक्षित अवधि (1912–56) के दौरान, कुछ गैर–फ्रांसीसी शोधकर्ताओं को 'फ्रेंच मोरक्को' में शोध करने की अनुमति दी गई थी, जबकि स्पेनिश अधिकारियों ने अन्य राष्ट्रीयताओं के शोधकर्ताओं की उपस्थिति को बर्दाश्त किया। इसके अलावा, समाजशास्त्रीय और सामाजिक ज्ञान का उत्पादन करने वाले अधिकांश लोग 'संरक्षित प्राधिकरण' (नागरिक और सैन्य नियंत्रक, उच्च प्रशासनिक अधिकारी, आदि) के अधिकारी थे, जबकि केवल कुछ मोरक्को के लोगों को मुखबिर (या यहां तक कि सहायक) के रूप में रखा गया था।

उस अवधि के कार्यों का अवलोकन करने पर ऐसी स्थिति का पता चलता है, जहाँ मोरक्को में समाजशास्त्र का अभ्यास देश की सामाजिक–राजनीतिक और आर्थिक संरचनाओं और संसाधनों को समझने के लिए सूचना और खुफिया जानकारी एकत्र करने के आधार पर पैठ और अधीनता के एक उपकरण के रूप में किया जाता था। हालाँकि, अभ्यास के क्षेत्रों के बीच कुछ बारीकियाँ उस विभेदित उपचार को उचित ठहरा सकती हैं जिसे मैं निम्नलिखित खंडों में अपनाता हूँ।

> "फ्रेंच मोरक्को" का समाजशास्त्र

उस समय फ्रांसीसी समाजशास्त्र ने दुर्खीमवाद की वकालत की। साथ ही, इसने मोरक्को की वास्तविकता की अपनी धारणा को एक द्वंद्व के इर्द–गिर्द बनाया, मोरक्को के घटकों के बीच संघर्ष और दुश्मनी को बढ़ावा दिया, जिसका उद्देश्य 'फूट डालो और राज करो' था। उत्पन्न ज्ञान को न केवल 27 साल की शांति अवधि के दौरान बल्कि स्वतंत्रता तक भी जुटाया गया था।

इस द्विविधता ने अखंड संस्थाओं को जन्म दिया, जिन्हें तथाकथित "शैक्षणिक" साहित्य में इस प्रकार नीचे तालिका में वर्णित किया गया है:

इन द्विभाजनों को प्रशासनिक संस्थाओं में शामिल किया गया। परिणामस्वरूप, एक राजनीतिक–क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य जिसमें नागरिक क्षेत्र 'उपयोगी मोरक्को' था और दूसरा केवल 'बेकार मोरक्को', के अनुसार पहले कॉलम में आने वालों को नागरिक नियंत्रण के लिए उपयुक्त माना गया जबकि दूसरे कॉलम वालों को सैन्य नियंत्रकों द्वारा प्रबंधित किया जाना था।

'फ्रेंच मोरक्को' के समाजशास्त्र ने उपनिवेशवादियों को इस अंतर्राष्ट्रीय जनादेश के अगुआ के रूप में विशेषाधिकार दिया, जिसे फ्रांस उपनिवेशीकरण में बदलना चाहता था। रेजिडेंट –जनरल की शक्ति ने सुल्तान की शक्ति को प्रतिस्थापित नहीं किया, बल्कि उस पर आरोपित किया गया और वजीर के फरमानों द्वारा उसे दरकिनार कर दिया गया। पद्धतिगत रूप से कहें तो, इस समाजशास्त्र ने उस समय के शोध के तरीकों और डेटा संग्रह तकनीकों को अपनाने की कोशिश की। मुख्य समस्या विश्लेषण और व्याख्या में है। अक्सर, डेटा और सूचना के संग्रह और व्याख्या में मूल समाज को संदर्भ के रूप में रखा जाता था। यह न केवल क्षेत्र कार्य में, बल्कि निष्कर्षों में भी अवधारणाओं के विकास और दृष्टिकोणों में एक जातीयतावाद को प्रकट करता है।

> मोरक्को में ''स्पेनिश समाजशास्त्र''

अपने प्रभाव क्षेत्र में, स्पेन ने फ्रांस की तरह ही व्यवहार किया। इसने तथाकथित वैज्ञानिक मिशनों और अन्य मुखबिरों द्वारा दी गई जानकारी को स्रोतों के रूप में इस्तेमाल किया। अंतर्निहित विचार इस क्षेत्र की सामाजिक–राजनीतिक और क्षेत्रीय वास्तविकता को इसके लूटे गए मोरक्को क्षेत्रों: सेउटा, मेलिला, सहारा से अलग करना था।

स्पैनिश समाजशास्त्रीय ज्ञान को 'अफ्रीकनिस्मो' की धारणा के माध्यम से व्यक्त किया गया था, जो मोरक्को–स्पेनिश सामाजिक–ऐतिहासिक 'आघातों' (अल–अंडालस, अनवाल की लड़ाई और विशेष रूप से गृह युद्ध) को संदर्भित करता है। यह कई रूपों में मोरक्को के खिलाफ एक वैचारिक और सांस्कृतिक संदर्भ बन गया। नतीजतन, दोनों देशों के बीच अतीत के सामाजिक भार ने मोरक्को के लिए स्पेनिश दृष्टिकोण में 'स्वैच्छिक विषयनिष्ठवाद' को रोक दिया है, जिसे तथाकथित 'सभ्यता मिशन' द्वारा बाधित किया गया है।

हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि स्पैनिश और इसी तरह के समाजशास्त्रीय कार्यों में 'प्राथमिक उपयोगितावाद' अध्ययन के क्षेत्र या यहां तक कि एक विशेषज्ञता का निर्माण नहीं था; यह धार्मिक मानवतावाद से जुड़ा एक मिशन था।

> अन्य देशों के समाजशास्त्र का मोरक्को में अभ्यास

अन्य देशों के बहुत कम समाजशास्त्री मोरक्को में रुचि रखते थे, या यों कहें कि उन्हें वहां क्षेत्रीय कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया था, विशेष रूप से 1912 के बाद। अधिकांश टैंजियर (जिसे अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र घोषित किया गया था) में स्थित थे।

फिन एडवर्ड वेस्टरमार्क 1898 से 1939 तक मोरक्को में रहे। उनकी सफल यात्राओं के पीछे मुख्य कारण उनके मित्र सिदी

द्विभाजन		टिप्पणियों
अरब	बर्बर	बर्बर लोगों को आज अमाजीघ के नाम से जाना जाता है और 2011 के मोरक्को के संविधान में उन्हें मान्यता दी गई है
ज्ञा (मुस्लिम क्षेत्राधिकार)	प्रथागत कानून	प्रथागत कानून मुस्लिम अधिकार क्षेत्र का एक प्रकार है। मोरक्को के यहूदियों का कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जो कभी धिम्मी (इस्लामिक राज्य के संरक्षण में रहने वाले गैर–मुस्लिम, विषेश दर्जे के अधीन) थे और अब वर्तमान संविधान के तहत उन्हें पूर्ण नागरिक के रूप में मान्यता दी गई है।
ब्लेड मखजेन (केंद्रीय प्राधिकरण के अधीन क्षेत्र)	ब्लेड सिबा (केंद्रीय सत्ता के अधीन न होने वाला क्षेत्र)	मोरक्को के इतिहास में सिबा (असहमति, विद्रोह या बगावत) और दिखावे के बीच अंतर अवष्य किया जाना चाहिए। सिबा ने कभी भी सुल्तान की "वफादारों के कमांडर" के रूप में धार्मिक स्थिति पर सवाल नहीं उठाया, लेकिन वह उनकी राजनीतिक शक्ति के खिलाफ था।

>>

अब्देसलाम एल बकाली (जबाला क्षेत्र के शेरिफ) के साथ उनका रिश्ता था, जिन्होंने उनकी सभी यात्राओं में उन्हें सुरक्षा प्रदान की। जिस तरह कार्लटन कून ने 1817 में *ट्राइब्स ऑफ द रिफ* प्रकाशित किया था, जिसे 1966 में पुनः प्रकाशित किया गया था, उसी तरह वेस्टरमार्क ने स्पेनियों और उनके द्वारा अध्ययन किए गए समाज के आतिथ्य, समझ और उच्च स्तर के सहयोग को मान्यता दी।

अगर मैंने इन विदेशियों को अलग–अलग क्षितिज से इस बहुलवादी, बहुभाषी समाजशास्त्र में भागीदारी को दर्शाने के लिए चुना है, तो यह पश्चिम–केंद्रित दृष्टि की विशिष्टता को दर्शाने के लिए है। उस दृष्टि का मतलब था कि नृविज्ञान (या यहां तक कि नृवंशविज्ञान) को 'एक्सो–समाजशास्त्र' के रूप में अभ्यास किया गया था, जबकि समाजशास्त्र को, सही मायने में, 'एंडो–नृविज्ञान' के रूप में देखा गया था।

> स्वतंत्र मोरक्को में समाजशास्त्र की स्थिति

देश की स्वतंत्रता के बाद से, मोरक्को में समाजशास्त्र को विरोधाभासी तरीके से अपनाया गया है। एक ओर, प्रबुद्ध अभिजात वर्ग ने इसे मशरेक की सांस्कृतिक परंपरा से अलग माना है और इसलिए आधुनिकता की कुंजी के रूप में देखा है जिसका उद्देश्य समाज की बुराइयों को समझना और उनका बेहतर निदान करना है ताकि उन पर काबू पाया जा सके और बेहतर समाज की ओर बढ़ा जा सके। दूसरी ओर, सत्ता में बैठे लोगों ने इसे असुविधाजनक विज्ञान के रूप में देखा है।

हालाँकि यूनेस्को के साथ मोरक्को के सहयोग ने 1961 में इंस्टीटूट ऑफ सोशियोलॉजी को जन्म दिया, लेकिन 1970 में इसका विघटन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पृष्ठभूमि में हुआ, जो मोरक्को के वर्षों के नेतृत्व का परिणाम था। एक बार जब संस्थान बंद हो गया, तो समाजशास्त्र को दर्शनशास्त्र और मनोविज्ञान विभाग में एकीकृत कर दिया गया, जिसमें स्नातकोत्तर स्तर पर प्रमुख के रूप में समाजशास्त्र शुरू हुआ। समाजशास्त्र में PhD पाठ्यक्रम भी चलाये जाते हैं। पाठ्यक्रम को अन्य सभी मानविकी की तरह अरबीकृत किया गया है।

आलोचनात्मक सोच के उदय और इसके वामपंथी सामाजिक–राजनीतिक निहितार्थों का मुकाबला करने के लिए, समाजशास्त्र विभागों को समाप्त कर इस्लामिक अध्ययन विभागों की स्थापना की गई, जिन्हें मोरक्को के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित कला और मानविकी के 11 संकायों में खोला गया।

> औपनिवेशिक विरासत

अपने अशांत अतीत के बावजूद, समाजशास्त्र को अपने आप में मोरक्को की विरासत के रूप में स्वीकार किया गया है। मोरक्को के शोधकर्ताओं ने इस विरासत को 'दोहरी आलोचना' (ए. खतीबी) के अधीन करके अपना लिया है। उन्होंने वर्चस्व के सिद्धांत का समर्थन करने वाले गलत सिद्धांतों और डेटा और जानकारी एकत्र करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली विधियों और तकनीकों दोनों को निशाना बनाया है, और यह भी नहीं कहा जा सकता कि इन्हें किस तरह से संसाधित किया जाता है और ऐसे निष्कर्षों या निर्माणों का समर्थन करने के लिए उपयोग किया जाता है जो सामाजिक वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। इस बहस ने न केवल मोरक्को के अध्ययनों पर ध्यान केंद्रित किया है, बल्कि सामाजिक विज्ञानों के मौलिक ज्ञानमीमांसा और संज्ञानात्मक क्षेत्र में भी गहराई से प्रवेश किया है।

इस प्रकार, पृथक्करण के भी आलोचक रहे हैं (पी. पास्कन, ए. तौफिक, ए. हामुदी, आदि), साथ ही विश्लेषण की अन्य पद्धतियों के भी अपने सुनहरे दिन रहे हैं। मोरक्को के शोधकर्ताओं के काम में औपनिवेशिक उत्पादन को शामिल किया गया, न कि उपनिवेशवादी उत्पादन को। यह बहस स्पेनिश विरासत की तुलना में फ्रांसीसी स्कूल के साथ अधिक गतिशील और जीवंत थी, जिसका मोरक्को की फ्रैंकोफोनाइजेशन नीति के कारण कम विश्लेषण किया गया (या यहाँ तक कि अनदेखा भी किया गया)।

> एंग्लो–सैक्सन समाजशास्त्र का आगमन

स्वतंत्रता के साथ एंग्लो–सैक्सन समाजशास्त्र ने मोरक्को में प्रवेश किया। देश में रुचि भू–रणनीतिक हितों से प्रेरित थी। मोरक्को पर काम विशेष रूप से यूएसए में प्रचुर मात्रा में था। इतना कि मोरक्को अरब दुनिया, इस्लाम, सांस्कृतिक विविधता इत्यादि पर विशेषज्ञता हासिल करने की इच्छा रखने वालों के लिए एक शोध और आप्लावन प्रयोगशाला बन गया (क्लिफोर्ड गीर्ट्ज और उनके छात्र इसका एक उदाहरण हैं)।

प्रतिष्ठित एंग्लो–सैक्सन विद्वान अग्रणी थे जिन्होंने तब अपने छात्रों को भेजा, और ये छात्र, जो अब शिक्षक हैं, को बदले में उनके छात्रों द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। इसने ज्ञान के एक ऐसे भंडार को जन्म दिया है, जिस तक मोरक्को के लोग भाषा, प्रसार और सबसे बढ़कर, सेंसरशिप की सीमाओं के कारण नहीं पहुँच सकते थे। हाल ही में अंग्रेजी भाषा और साहित्य के स्नातक अनुवाद या आलोचना के माध्यम से इन कार्यों को लोकप्रिय बनाने में शामिल हुए हैं।

यही बात कला और मानविकी संकायों के भीतर अन्य भाषा और साहित्य विभागों पर भी लागू होती है, सिवाय फ्रांसीसी भाषा और साहित्य के, जो लंबे समय से इस बहस में शामिल हैं। विभिन्न विभागों और यहाँ तक कि विश्वविद्यालयों के बीच बनाए गए पुलों की बदौलत समाजशास्त्र समृद्ध हुआ है और अन्य विशेषज्ञताओं के लिए एक प्रोत्साहक कोर्स बन गया है।

आज, मोरक्को में विभिन्न विदेशी उत्पादन के लिए खुलापन है, खासकर 1980 के दशक के अंत में कला और मानविकी के सभी संकायों में नए विभागों के माध्यम से समाजशास्त्र की पुर्नस्थापना के बाद। पहले, समाजशास्त्र केवल रबात और फेज के कला और मानविकी के संकायों में उपलब्ध था। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि समाजशास्त्र का अध्ययन वामपंथी प्रवृत्ति के रूप में देखा जाता था।

> "मोरक्कन स्कूल ऑफ सोशियोलॉजी" का उदय: बाधाएँ और पूंजी

मैंने इन ऐतिहासिक मील के पत्थरों का उपयोग करके "मोरक्कन स्कूल ऑफ सोशियोलॉजी" के उद्भव के संदर्भ को जल्दी से रेखांकित किया है, जिसका आउटपुट बहुभाषी है, लेकिन मुख्य रूप से अरबी और फ्रेंच में है। अंग्रेजी और स्पेनिश में समाजशास्त्रीय लेखन अब अपनी पैठ बनाने लगा है, क्योंकि मोरक्को के शोधकर्ता प्रशिक्षण और रोजगार की तलाश में नए क्षितिज पर विजय प्राप्त कर रहे हैं।

मोरक्को के समाजशास्त्र स्कूल का संस्थानीकरण पूर्वउल्लेखित सामाजिक–राजनीतिक परिस्थितियों के कारण बाधित रहा है, लेकिन यह सामाजिक विज्ञान और मानविकी में शोध के खराब प्रशासन से भी पीड़ित रहा है। यह न केवल उस विभाजन के कारण है जिससे विशेष रूप से समाजशास्त्र और अधिकांश अन्य विशेषज्ञताएं 1990

>>

के दशक के अंत तक पीड़ित थीं, बल्कि वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण भी है, जो अपर्याप्त या खराब तरीके से प्रबंधित किए गए हैं और आम तौर पर कम उपयोग किए गए हैं। इसके अलावा, सामाजिक और मानवीय शोध के लिए कई सार्वजनिक वित्त पोषण कार्यक्रमों का इसे बढ़ावा देने पर बहुत कम वास्तविक प्रभाव पड़ा है। निजी वित्त पोषण ने विकास के साथ तालमेल नहीं रखा है, विशेष रूप से प्रशिक्षण, विशेषज्ञता, परामर्श या शोध के संबंध में शोध गतिविधि में नैतिक और कानूनी शून्यता के साथ। यहां तक कि विशिष्ट क्षेत्रों में मंत्रिस्तरीय संस्थाओं के बीच कुछ साझेदारियां भी अनसुलझी हैं।

कई सामाजिक विज्ञान शोधकर्ताओं ने विश्वविद्यालयों के भीतर या बाहर संघों के माध्यम से रुचि समूह बनाए हैं। इस प्रकार उन्होंने प्रशिक्षण, परामर्श और विशेषज्ञता की सामाजिक मांग का जवाब दिया है। छात्रों ने अपने प्रोफेसरों के पेशेवर मार्गदर्शन में अपने कौशल को बेहतर बनाने के लिए इसे एक आदर्श अवसर के रूप में पाया है। उदाहरणों में अन्य के मध्य, सेण्टर फॉर स्टडीज एंड रिसर्च इन सोशल साइंसेज (CERSS), द मीडिएशन स्पेस (espacemediation-org), और और द रीजनल ऑब्जर्वेटरी ऑफ माइग्रेशन, स्पेसेस एंड सोसाइटीज (ORMES) शामिल हैं।

नवीनतम विश्वविद्यालय सुधार में कई प्रयोगशालाओं का निर्माण हुआ है, लेकिन वे अपनी नौकरशाही संरचना, बोझिल वित्तीय प्रबंधन और 'होमो एकेडमिकस' के तनावों से बाधित हैं। इसके बावजूद, वे अपनी विविध गतिविधियों के माध्यम से विश्वविद्यालय जीवन को जीवंत बनाने और देश–विदेश में अंतर–विश्वविद्यालय आदान–प्रदान के लिए एक रूपरेखा प्रदान करने में सक्षम हैं।

इन बाधाओं की भरपाई के लिए, प्रमुख कार्यक्रमों के रूप में व्यक्तिगत शोधकर्ताओं या शोधकर्ताओं के समूहों द्वारा हाइब्रिड पहल शुरू की गई हैं। इनमें राष्ट्रीय समाजशास्त्र दिवस (*जर्नने नेशनेल डे सोशियोलॉजी*), इंस्टेंस मारोकेन डी सोशियोलॉजी द्वारा आयोजित एक वार्षिक यात्रा कार्यक्रम और सोशल साइंसेज स्प्रिंगटाइम (प्रिंटेम्प्स डेस साइंसेज सोशलेस) शामिल हैं, जो रबात में मोहम्मद वी विश्वविद्यालय के साथ अल अखावेन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया जाता है। इन हाइब्रिड पहलों ने पैरा–यूनिवर्सिटी और यहां तक कि पेरी–यूनिवर्सिटी काम का रूप ले लिया है। उन्होंने विश्वविद्यालय को अपने सामाजिक, आर्थिक, नागरिक और यहां तक कि राजनीतिक वातावरण के लिए खोलने में मदद की है और अनौपचारिक आदान–प्रदान और सुधार के लिए स्थानों का प्रतिनिधित्व किया है, जहां विभिन्न पृष्ठभूमि के शोधकर्ताओं की विभिन्न पीढ़ियों के साथ–साथ युवा एमए और पीएचडी शोधकर्ता मिल सकते हैं।

> संभावनाएं और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण

अपनी बहुभाषी प्रकृति के कारण, मोरक्को में समाजशास्त्र कुछ हद तक MENA क्षेत्र के अन्य भागों में अनुभव की गई प्रवृत्तियों, जैसे अरबीकरण या इस्लामीकरण, से सुरक्षित रहा है।

1990 के दशक से, सीमा पार विश्वविद्यालय शिक्षा के लिए विभिन्न निजी उच्च शिक्षा और प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों के साथ सेतु बनाए गए हैं। इसने एंग्लो–सैक्सन उत्पादन के साथ मजबूत क्रॉस–फर्टिलाइजेशन करने में सहायता की है और साथ ही में समाजशास्त्रियों और अन्य सामाजिक विज्ञानी शोधकर्त्ताओं को उभरते मोरक्को स्कूल को समृद्ध करने के अवसर प्रदान किये हैं। शिक्षा और अनुसंधान के इस अंतर्राष्ट्रीयकरण ने कई समाजशास्त्रियों को खाड़ी देशों के संस्थानों में जाने का मौका दिया है, या तो अप्रवासी के रूप में या कभी–कभार रहने के लिए, और यहां तक कि इन देशों द्वारा वित्त पोषित नेटवर्क में सक्रिय होने का भी। इन अवसरों ने मोरक्कन स्कूल ऑफ सोशियोलॉजी को अपना प्रभाव फैलाने और MENA क्षेत्र के अन्य देशों से जुड़ने में मदद की है, जिससे संस्थागत गतिशीलता से परे संभावनाएं भी मिली हैं।

रेसो मारोकेन डे सोशियोलॉजी (मोरक्कन समाजशास्त्र नेटवर्क) के उत्तराधिकारी, इंस्टेंस मारोकेन डे सोशियोलॉजी के भीतर समाजशास्त्रीय प्रथाओं के पुनर्गठन और राष्ट्रीय समाजशास्त्र दिवस के वार्षिक आयोजन के साथ, मोरक्को में समाजशास्त्र खुद को संगठित कर रहा है और साथ ही 'मोरक्कन स्कूल ऑफ सोशियोलॉजी' को बढ़ावा दे रहा है। इस तरह से यह समाजशास्त्र के इतिहास में योगदान दे रहा है, और साथ ही समाजशास्त्र को केवल 'शक्ति के ज्ञान' के अधीन करने के बजाय 'ज्ञान की शक्ति' का उल्लेख करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय संवाद के लिए प्रयास कर रहा है।

6 से 11 जुलाई, 2025 तक रबात (मोरक्को) में 5वें आईएसए समाजशास्त्र फोरम की मेजबानी करना, हमारे लिए विविधता का जश्न मनाने और कर्तव्य–सिद्धांत का सम्मान करने का अवसर है, ताकि समाजशास्त्र और सामाजिक एवं मानव विज्ञान उपयोगितावाद या सत्ता के अन्य रूपों से प्रभावित न हों और शोधकर्ता की शैक्षणिक स्वतंत्रता और स्वतंत्रता को मान्यता मिले। ■

सभी पत्राचार अब्देलफत्ताह एजीन को <abdelfattahezzine@hotmail.com> पर प्रेषित करें।

> मोरक्को में समकालीन समाजशास्त्र पर पुनर्विचार

अब्देलातिफ किदाई और **ड्रिस एल गजौनी**, मोहम्मद वी यूनिवर्सिटी ऑफ रबात, मोरक्को द्वारा

श्रेय: मिनो एंड्रियानी, 2023, आईस्टॉक पर।

मोरक्को में समाजशास्त्रीय विचार के विषयों, दृष्टिकोणों और विधियों के व्यापक अध्ययन के निर्माण में कई बाधाएँ बाधा डालती हैं। प्रारंभिक बाधा विषय को आगे बढ़ाने में शोधकर्ताओं के बीच रुचि की कमी और समाजशास्त्रीय डेटा के बारे में दस्तावेजीकरण की कमी रही है। इनमें व्यापक थीसिस समीक्षाओं की अनुपस्थिति, प्रकाशित पुस्तक समीक्षाओं की कमी, विषयगत ग्रंथसूची की कमी और वार्तालाप पत्रों की दुर्लभता शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। दूसरी बाधा उत्तर–औपनिवेशिक स्वतंत्र समाजशास्त्र का राष्ट्रीय चरित्र है। 'राष्ट्रीय समाजशास्त्र' के प्रारंभिक वर्षों को स्वतंत्रता के तुरंत बाद की अवधि में राष्ट्रीयकृत शिक्षण संकाय के प्रभाव से आकार दिया गया था और वे कुछ राष्ट्रवादियों और राजशाही के बीच राजनीतिक संघर्षों से भी प्रभावित थे। नतीजतन, मोरक्को में समाजशास्त्रीय प्रोफाइल और कर्त्ताओं में वैज्ञानिक, समाजशास्त्र सिद्धांतकार और राजनीतिज्ञ की भूमिकाओं के बीच अंतर करना अक्सर चुनौतीपूर्ण रहा है। तीसरी बाधा मोरक्को के समाजशास्त्र और समाजशास्त्रियों के गठन से संबंधित है। मोरक्को के शैक्षणिक जगत में संस्कृति, बुद्धिजीवियों, तथा सामाजिक विज्ञान और मानविकी के बारे में व्यापक चर्चाओं में समाजशास्त्री का पेशा प्रमुख विषय नहीं रहा है।

इस लेख का उद्देश्य समकालीन मोरक्को के समाजशास्त्र पर चर्चा करना है, जिसमें इसके प्रसंग, दृष्टिकोण, विधियाँ और वर्तमान चुनौतियाँ शामिल हैं। औपनिवेशिक काल से पहले, उसके दौरान और उसके बाद समाज पर लिखे गए समाजशास्त्रीय साहित्य को चित्रित करते हुए हम मोरक्को के शैक्षणिक परिवेश में इस विषय के उद्विकास की जाँच से शुरू करते हैं। हालाँकि औपनिवेशिक काल को मोरक्को में समाजशास्त्र के विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में देखा जाता है, समाजशास्त्रियों की एक नई पीढ़ी ने इस विषय को पुनः प्राप्त करने, इसे उपनिवेशवाद से मुक्त करने और प्राच्यवादी विमर्श की सीमाओं से आगे बढ़ने की कोशिश की है। वे सामाजिक–आर्थिक विकास की ओर उन्मुख एक राष्ट्रीय समाजशास्त्र स्थापित करने और भावी पीढ़ियों के लिए एक समाजशास्त्रीय विरासत बनाने का प्रयास करते हैं। हमारा दूसरा उद्देश्य मोरक्को में समाजशास्त्रीय शोध को सूचित करने वाले प्रमुख विषयों, प्रचलित दृष्टिकोणों और विधियों और जांच के इस क्षेत्र के विकास में उनकी भूमिका को प्रस्तुत करना है। हम संबोधित की जाने वाली कुछ प्रमुख चुनौतियों की जाँच करके समाप्त करते हैं।

>>

> मोरक्को के समाजशास्त्र की उत्पत्ति

मोरक्को में किए गए समाजशास्त्रीय अध्ययनों ने उत्तर–औपनिवेशिक युग के दौरान देश में प्रचलित राजनीतिक बहसों को प्रतिबिंबित किया। समाजशास्त्रियों का एक महत्वपूर्ण भाग मोहम्मद गेसस, एक प्रमुख समाजशास्त्री और समाजवादी पार्टी *यूनियन सोशलिस्ट डेस फोर्सेस पॉपुलेयर्स* के सदस्य, से प्रभावित था। विश्वविद्यालय के स्थान पर कब्जा करने के लिए कई रणनीतियाँ विकसित की गईं। 1960 और 1970 के दशक में राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता समाजशास्त्र की ओर मुड़ गई, जिसके परिणामस्वरूप 1970 में रबात के इंस्टिट्यूट ऑफ सोशियोलॉजी को बंद कर दिया गया, जो विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षाविदों के बीच आलोचनात्मक सोच का केंद्र और प्रतीक बन गया था और राज्य द्वारा इसे बहुत आलोचनात्मक और वामपंथी माना जाता था।

सैद्धांतिक प्रतिमानों के संदर्भ में, 1960 और 1970 के दशक में मार्क्सवादी सिद्धांत का प्रभुत्व था। उस समय के समाजशास्त्र ने समाज के कामकाज को एक व्यापक दृष्टिकोण से स्पष्ट करने का प्रयास किया। पॉल पास्कन का 'हौज' समाज और सामान्य रूप से मोरक्को के समाज के प्रति दृष्टिकोण, समग्र अवधारणाओं द्वारा चिह्नित था, जिसमें सामाजिक गठन, उत्पादन का तरीका, समग्र समाज, सामाजिक वर्ग, सामाजिक वास्तविकता के स्तर आदि शामिल थे। समाज का यह समग्र दृष्टिकोण अन्य समाजशास्त्रीय अध्ययनों में भी स्पष्ट था। अब्देलकेबिर खतीबी ने सामाजिक पदानुक्रम पर एक पाठ तैयार किया, जबकि अब्देल्लाह हम्मौदी ने एकीकृत अध्ययन और एकीकृत विकास अवधारणाओं को नियोजित किया। हालाँकि, इस समग्र दृष्टिकोण के प्रभाव पर धीरे धीरे प्रश्न उठे।

> बीसवीं सदी के उत्तरार्ध में तेजी और शहरी बदलाव

अब्दुलरहमान राचिक का तर्क है कि 1990 के दशक की शुरुआत में मोरक्को में महिलाओं, परिवार, युवाओं और समाजीकरण पर समाजशास्त्रीय शोध में उल्लेखनीय तेजी देखी गई। यह प्रघटना महिलाओं के मूल्यों, आंदोलनों और व्यापक मानवाधिकार चिंताओं पर बढ़ते विमर्श के सामानांतर उभरी। इस अवधि के दौरान इन क्षेत्रों में शोध गतिविधि में उछाल में फातिमा मर्निसी, आइचा बेलारबी, घेथा अल–खायत, फातमा अल–जहरा अजरोएल, रबिया अल–नासिरी, रहमा बोरकिया और मोहम्मद तलाल जैसे मोरक्को के शोधकर्ताओं का योगदान शामिल था।

इसी तरह, राचिक बताते हैं कि मोरक्को के नगर–संबंधित विषयों पर शोध मोरक्को के समाजशास्त्रियों के लिए एक और चिंता का विषय है। नगरीय समाजशास्त्र में प्रमुख विषय आवास (झोपड़ियाँ और मलिन बस्तियाँ), नगरीकरण, नगरीय नीति, अचल संपत्ति और परिवहन से जुड़े हैं। इस संदर्भ में, फ्रांस्वा बुकानिन, मोहम्मद नासिरी, अब्देल गनी अबू हानी, मोहम्मद बेनाटू, अब्देलरहमान राचिक, अब्दुल्ला लाहजम और अजीज अल–इराकी के काम को उदाहरण के तौर पर उद्धृत किया जा सकता है। राचिक के अनुसार, इनमें से अधिकांश शोध परियोजनाएँ फ्रेंच में आयोजित की गई हैं।

> समसामयिक मुद्दों को उठाना

इसके अलावा, मोख्तार अल–हरस, रहमा बोरकिया, ड्रिस बेनसैद, अहमद चेराक और अब्दररहीम अल–अत्री के नेतृत्व में कई सामाजिक वैज्ञानिकों ने संस्कृति के समाजशास्त्र, मूल्यों के समाजशास्त्र, ग्रामीण समाजशास्त्र और परिवार के समाजशास्त्र पर शोध को आगे बढ़ाया। इनमें से अधिकांश शोधकर्ताओं ने पिछले दो दशकों में मोरक्को के समाजशास्त्रियों की एक नई पीढ़ी के उद्भव में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इनमें से अधिकांश शोधकर्ता अपना शोध अरबी में करते हैं।

धर्म, महिलाओं, युवाओं और आप्रवासन के समकालीन मुद्दों को मोरक्को के समाजशास्त्रियों की एक नई पीढ़ी द्वारा संबोधित किया जाता है जो अपने शोध में अंग्रेजी का उपयोग करते हैं। सामूहिक पहचान और सामाजिक आंदोलनों, लिंग संबंधों और महिलाओं की स्थिति, सामाजिक–राजनीतिक परिवर्तनों और युवाओं और प्रवासन का अध्ययन करने वाली फदमा ऐट मौस इन विद्वानों में उल्लेखनीय हैं। गरीबी का अध्ययन करने वाले हिचम ऐट मंसूर का मामला भी मोरक्को के विद्वानों की विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के प्रति खुलेपन को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि मोरक्को के समाज का अध्ययन वैश्विक समुदाय के लिए प्रासंगिक है और सार्वभौमिक घटनाओं और परिवर्तनों को प्रतिबिंबित कर सकता है। ठोस निष्कर्षों के आधार पर सिद्धांतों, प्रतिमानों और दृष्टिकोणों का निर्माण करने के लिए मोरक्को के संदर्भ में विभिन्न भाषाओं में किए गए समाजशास्त्रीय अध्ययनों का योगदान महत्वपूर्ण है।

> डॉक्टोरल शोध ग्रन्थ की सीमाएँ

मोरक्को में समाजशास्त्रीय अध्ययन के व्यापक क्षेत्र में डॉक्टोरल शोध ग्रन्थ शामिल हैं। ये शोध के पंद्रह क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं: परिवार, संगठन, स्थान, एकीकरण और सामाजिक संबंध, अनिश्चितता और गरीबी, युवा, शिक्षा, सामाजिक नेटवर्क, गतिशीलता और सामाजिक परिवर्तन, कार्य, धर्म, शहरीकरण, सामाजिक इतिहास, स्वास्थ्य और ग्रामीण दुनिया। अधिकांश डॉक्टरेट शोध प्रबंधों का ध्यान कार्य, सामाजिक परिवर्तन, विकास और संस्कृति के समाजशास्त्र पर केंद्रित है। हालाँकि, इन शोध प्रबंधों ने नए दृष्टिकोण या अवधारणाएँ पेश करके समाजशास्त्रीय सिद्धांतों को आगे बढ़ाने में योगदान नहीं दिया है। यह पद्धतिगत कमी को कायम रखता है और समाजशास्त्र को शोध के एक अलग क्षेत्र के रूप में स्थापित करने में बाधा डालता है। चूँकि वे प्रकाशित नहीं होते हैं, इसलिए अधिकांश पीएचडी शोध प्रबंधों के निष्कर्षों को बाद की व्यापक आलोचनात्मक चर्चाओं में एकीकृत नहीं किया जाता है।

> दीर्घकालिक अनुसंधान के लिए समाजशास्त्रीय प्रथाओं को पुनः परिभाषित करना

सार्वजनिक अधिकारियों के लिए समाजशास्त्र की स्पष्ट प्रासंगिकता और इस अपेक्षा के बावजूद कि समाजशास्त्री मोरक्को के समाज को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तनों के विश्लेषण में योगदान देंगे, उनकी भागीदारी सीमित बनी हुई है। यह 1960 और 2006 के बीच प्रकाशित सभी सामाजिक विज्ञान अनुसंधानों के ग्रंथसूची अध्ययन से स्पष्ट होता है, और इसके कई कारण हैं। इनमें सीमित निधीयन, शोधकर्ताओं को प्रेरित करने के लिए कानूनी ढांचे की कमी और विशेष समाजशास्त्र पत्रिका का अभाव शामिल है। वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए सार्वजनिक नीति के बिना, अभ्यास अनिवार्य रूप से व्यक्तिगत पहल या व्यक्तिगत नेटवर्क पर आधारित होते हैं, और अनुसंधान विश्वविद्यालय संस्थान के बाहर होता है। विकास के मुद्दों (गरीबी, हाशियाकरण, अपवर्जन, स्वास्थ्य और पर्यावरण) पर वर्तमान शोध दीर्घकालिक शोध परियोजनाओं की तुलना में राजनीतिक और सामाजिक मांगों के प्रति अधिक संवेदनशील है।

समाजशास्त्र की मुख्य चुनौती खुद को नई नींव पर फिर से बनाना है जो उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक उत्पादन के लिए एक नई प्रेरणा प्रदान करेगी। समाजशास्त्र के अभ्यास को इसके शोध अभिविन्यासों के संदर्भ में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों संदर्भों में, अधिक सटीकता के साथ परिभाषित किया जाना चाहिए। आसन्न सुधारों के मद्देनजर, यदि प्रवृत्ति अनुसंधान संरचनाओं को तीव्र

>>

करने की है, तो जोखिम है कि ये संरचनाएं शोध वस्तुओं की स्पष्ट परिभाषा और वैज्ञानिक कठोरता के प्रति प्रतिबद्धता के बिना सारहीन हो सकती हैं। इसलिए, समाजशास्त्रियों के बीच संवाद को सुविधाजनक बनाना, सूचना का संचलन सुनिश्चित करना और विषय के वैज्ञानिक भविष्य की योजना बनाने के लिए अध्ययनों का समन्वय और मूल्यांकन करना अनिवार्य है।

> अरबीकरण की नीति

मोरक्को में एक और महत्वपूर्ण चुनौती भाषा के मुद्दे से जुड़ी है। वर्तमान में, कैसाब्लांका को छोड़कर सभी समाजशास्त्र विभागों में समाजशास्त्र अरबी में पढ़ाया जाता है। समाजशास्त्र में अरबीकरण की प्रक्रिया, जिसका पता 1970 के दशक की शुरुआत में लगाया जा सकता है, एक व्यापक राजनीतिक परिप्रेक्ष्य का प्रतिनिधित्व करती है जिसका सभी सामाजिक विज्ञान विषयों पर प्रभाव पड़ता है। इस दृष्टिकोण से, मानव विज्ञान के अरबीकरण को अरब–मुस्लिम दुनिया में समाजों के सांस्कृतिक आयाम के संदर्भ के रूप में समझा जा सकता है। 1980 के दशक में, अरब समाजशास्त्रियों के बीच बहस उनके समाजों की विशिष्टता के सवाल पर ध्रुवीकृत थी। इस बहस ने वे लोग जो मानते थे कि अरब दुनिया के समाजशास्त्र को एक 'सार्वभौमिक' विज्ञान में योगदान देना चाहिए, को उन लोगों के सामने रखा गया जिनके लिए मानव और सामाजिक विज्ञान सार्वभौमिकता का दावा नहीं कर सकते। इस स्थिति के परिणामस्वरूप माघरेब में, विशेष रूप से अल्जीरिया और ट्यूनीशिया में, अरबी–भाषी और फ्रेंच–भाषी समाजशास्त्रियों के बीच विभाजन हुआ है, जो अलग–अलग शोध एजेंडे का अनुसरण करते हैं और अलग–अलग विषयों को संबोधित करते हैं।

मोरक्को के समाजशास्त्रियों की पहली पीढ़ी ने पश्चिमी समाजशास्त्रीय परंपरा में अपना प्रशिक्षण प्राप्त किया, वे यूरोप में विकसित वैज्ञानिक प्रतिमानों से प्रभावित थे, और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सैद्धांतिक और पद्धतिगत बहसों में शामिल होने के लिए उत्सुक थे। हालाँकि, यह स्वीकार करना आवश्यक है कि युवा पीढ़ी की स्थिति चिंता का विषय है। मोरक्को में अरबीकरण नीति ने वांछित परिणाम नहीं दिए हैं। माघरेब में भाषा अध्ययन के क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार, इस विफलता का कारण माघरेबी बच्चों को अपनी संस्कृति की लिखित भाषा, अर्थात् शास्त्रीय अरबी में कुशल बनाने के साथ–साथ एक विदेशी भाषा में दक्षता हासिल करने में सक्षम बनाने का प्रारंभिक उद्देश्य हो सकता है। फिर भी, अधिकांश ने अभी तक इनमें से किसी भी उद्देश्य को हासिल नहीं किया है।

भाषा नीतियों में कमियों के परिणामस्वरूप, ये युवा पीढ़ी अपने संबंधित विषयों के भीतर संचित ज्ञान और एक अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक क्षेत्र से अछूती हैं, जिस तक फ्रेंच भाषी मोरक्को की पूरी पहुँच थी। साथ ही, वे उन पद्धतियों की फिर से जांच कर रहे हैं, जो स्वाभाविक रूप से पारंपरिक नहीं हैं, लेकिन सामाजिक विज्ञानों में प्रचलित रुझानों से एक निश्चित सीमा तक अलगाव प्रदर्शित करती हैं। नई पीढ़ी और समाजशास्त्रीय ज्ञान के स्रोतों के बीच यह विसंगति मोरक्को में समाजशास्त्रीय प्रथाओं के भविष्य और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की वैज्ञानिक बहसों में एकीकरण को चुनौती दे सकती है।

> समाजशास्त्र में डॉक्टोरल छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियाँ

मोरक्को में समाजशास्त्र मानव व्यवहार, समाज और संस्कृति का अध्ययन करने वाले कई क्षेत्रों को शामिल करता है। हालाँकि, मोरक्को में इस विज्ञान को पढ़ाना कई चरणों से गुजरा है जिसमें राजनीति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, यह देखते हुए कि इस क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले ज़्यादातर लोग राजनीतिक वामपंथी थे। कई अन्य देशों की तरह, मोरक्को के विश्वविद्यालयों में समाजशास्त्र के डॉक्टोरल छात्रों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो उनकी शैक्षणिक और शोध प्रगति को प्रभावित कर सकती हैं (चित्र 1 देखें)।

हमारे सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि समाजशास्त्र के डॉक्टोरल छात्रों को अपने प्रशिक्षण के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भाषा की बाधा को सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक माना जाता है, जो 91 प्रतिशत है, इसके बाद पर्यवेक्षण की गुणवत्ता 85 प्रतिशत है, नौकरशाही और प्रशासनिक बाधाएँ 67 प्रतिशत हैं, शोध अवसंरचनाएँ 57 प्रतिशत हैं, सीमित निधीयन 38 प्रतिशत है, और अंत में, सीमित अंतःविषय अवसर 27 प्रतिशत हैं।

भाषा संबंधी बाधाएँ और पर्यवेक्षण की गुणवत्ता ऐसी महत्वपूर्ण चुनौतियाँ हैं जिनका सामना मोरक्को या किसी अन्य देश में डॉक्टोरल छात्र कर सकते हैं। मोरक्को में, डॉक्टोरल कार्यक्रम आमतौर पर फ्रेंच या अरबी में आयोजित किए जाते हैं। भाषा संबंधी बाधा कई छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण बाधा हो सकती है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्होंने पहले किसी अन्य भाषा में अध्ययन किया है या इन भाषाओं में सीमित दक्षता रखते हैं। यह पाठ्यक्रम सामग्री को समझने, शोध पत्र लिखने और अपने साथियों और पर्यवेक्षकों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने की उनकी क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

विशिष्ट क्षेत्रों में शोध करने वाले छात्रों को उपयुक्त पर्यवेक्षक खोजने में संघर्ष करना पड़ सकता है। डॉक्टोरल पर्यवेक्षण की गुणवत्ता व्यापक रूप से भिन्न हो सकती है: कुछ छात्रों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन मिल सकता है, जबकि अन्य को सामयिक फीडबैक की कमी, अपने पर्यवेक्षकों के साथ सीमित बातचीत या शोध हितों के

समाजशास्त्र के डॉक्टोरल विद्यार्थियों के सामने चुनौतियाँ | *चित्र 1*



>>

गलत संरेखण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जो उनके शोध की प्रगति और गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं।

मोरक्को के विश्वविद्यालयों में समाजशास्त्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले डॉक्टोरल छात्रों की धारणाएं विभिन्न कारकों पर निर्भर करती हैं, जिनमें शिक्षकों की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम, शिक्षण अनुभव और रोजगारपरकता शामिल हैं (चित्र 2 देखें)।।

हमारे सर्वेक्षण के आंकड़े समाजशास्त्र के छात्रों के बीच डॉक्टोरल पाठ्यक्रम नामांकन के बारे में नकारात्मक धारणाओं को दर्शाते हैं। लगभग 55 प्रतिशत ने पुष्टि की कि पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या कमजोर हैं, जबकि 45 प्रतिशत का मानना है कि रोजगार और कैरियर की संभावनाएं कमजोर हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 40 प्रतिशत शिक्षण अनुभव को बहुत कमजोर मानते हैं, और 43 प्रतिशत इसे कमजोर मानते हैं। दूसरी ओर, 35 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने शिक्षकों की गुणवत्ता को अपेक्षाकृत अच्छा माना, जबकि 25 प्रतिशत ने इसे कमजोर माना।

सामान्य तौर पर, राज्य द्वारा इस संबंध में किए गए प्रयासों के बावजूद अधिकांश छात्र समाजशास्त्र में डॉक्टोरल प्रशिक्षण से असंतुष्ट हैं। शोध प्रबंध के लिए एक नया चार्टर तैयार करने के माध्यम से मंत्रालय द्वारा अपनाए गए नए सुधार से इन कार्यक्रमों को इस तरह से बढ़ाने की उम्मीद है जो छात्रों और पूरे विश्वविद्यालय के हितों की सेवा करता है।

> अंतिम नोट्स

जैसा कि पहले कहा गया है, मोरक्को के समाजशास्त्र में काफी बदलाव हुए हैं और कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। अरबी और फ्रेंच में लिखने वाले समाजशास्त्रियों के बीच एक भाषाई विभाजन मौजूद है, जिसके परिणामस्वरूप अध्ययन का एक विवादास्पद क्षेत्र बन गया है। समाजशास्त्रियों की एक नई पीढ़ी उभर रही है जो अंग्रेजी के उपयोग के प्रति ग्रहणशील है और विषयों और रुचियों के बीच मौजूदा द्वंद्व को पार करने का प्रयास करती है। ■

सभी पत्राचार अब्देलातिफ किदाई को <abdkidai@gmail.com> पर प्रेषित करें।

समाजशास्त्र में प्रशिक्षण ले रहे डॉक्टोरल विद्यार्थियों की धारणाएं



चित्र 2

> मोरक्को में समाजशास्त्र और सामान्य समाजशास्त्र

कावतर लेबदाउई, सिदी मोहम्मद बेन अब्देल्लाह विश्वविद्यालय, मोरक्को द्वारा

श्रेयः सूजी हेजलवुड, 2017, पेक्सेल्स पर।

उत्तर–औपनिवेशिक मोरक्को के सामने आने वाली चुनौतियों में से एक समाजशास्त्र का विउपनिवेशीकरण और उसे जातीय–केंद्रित विचारधारा से कैसे मुक्त किया जाए, थी। इस लेख का उद्देश्य औपनिवेशिक काल और सामान्य समाजशास्त्र के संबंध में मोरक्को में समाजशास्त्र की पहचान को फिर से तलाशना और मोरक्को में समाजशास्त्र के वि–पश्चिमीकरण की चुनौती पर प्रश्न उठाना है।

मोरक्को में समाजशास्त्र के इतिहास में निर्णायक मोड़ जो समाजशास्त्रीय आत्म के निर्माण की ओर अग्रसर हैं का जायजा लेने से हमें मोरक्को में समाजशास्त्र के विकास और सामान्य रूप से समाजशास्त्र के बीच संयोजन और वियोजन की गतिशीलता का विश्लेषण करने में मदद मिलती है।

> मोरक्को में समाजशास्त्र पर पुनर्विचार और उपनिवेशवाद का उन्मूलन

पश्चिमी दुनिया में समाजशास्त्र और नृविज्ञान का उदय उपनिवेशवादी आंदोलनों के लिए महत्वपूर्ण था, जिससे उन्हें स्वदेशी प्रतिरोध को नियंत्रित करने के लिए एक राजनीतिक रणनीति मिली। वैज्ञानिक ज्ञान एक गैर–सैन्य बल है; यह कम खर्चीला है और उपनिवेशित लोगों पर अधिक नियंत्रण सुनिश्चित करता है। इसलिए, जहाँ समाजशास्त्र का उद्देश्य दुनिया को बदलना है, यह अंतर्निहित वैचारिक तनावों द्वारा भी निर्देशित होता है।

ऐतिहासिक और राजनीतिक दृष्टि से, मोरक्को तीन विभेदित अवधियों के साथ उपनिवेशवाद से निकटता से जुड़ा हुआ है: पूर्व–औपनिवेशिक मोरक्को, 1912 के बाद उपनिवेशित मोरक्को, और 1956 में स्वतंत्रता के बाद से मोरक्को। इस कारण से, मोरक्को में स्वतंत्रता–पूर्व समाजशास्त्र को वैचारिक और औपनिवेशिक के रूप में चिह्नित करने के लिए बहुत अधिक ज्ञान–मीमांसा संबंधी सावधानी की आवश्यकता है, और यह हमें एक विउपनिवेशित इकाई के रूप में मोरक्को के समाज की समाजशास्त्रीय पहचान के उद्भव को समझने में सक्षम बनाता है।

मोरक्को पर औपनिवेशिक समाजशास्त्रीय साहित्य व्यापक है। अधिकारियों ने मोनोग्राफ और गहन क्षेत्र सर्वेक्षणों के साथ एक अमूल्य योगदान दिया। उस शोध को "मिशन साइंटिफिक", "सेक्शन सोशियोलॉजिक डेस अफेयर्स इंडिजेन्स" और फिर "इंस्टीट्यूट डेस हाउट्स एट्यूड्स मारोकेन्स" द्वारा संस्थागत रूप दिया गया, जिससे समाजशास्त्रियों की आने वाली पीढ़ियों के लिए "संदर्भ" का एक संग्रह तैयार हुआ। वास्तव में ये समाजशास्त्री औपनिवेशिक विचारधारा से मुक्त राष्ट्रीय समाजशास्त्र का निर्माण करने के उद्देश्य से इन पर ज्ञानमीमांसीय आलोचनात्मक दृष्टि से लौटे।

अपने औपनिवेशिक अतीत से मुक्त होने की चाहत से त्रस्त होकर, समाजशास्त्र अनुभवजन्य और पद्धतिगत परिष्कार की ओर मुड़ गया है। पॉल पास्कन का प्रतीकात्मक समाजशास्त्रीय व्यक्तित्व इसका प्रमाण है। समाज को समझने और बदलने के लिए, उन्होंने क्रियात्मक शोध का विकल्प चुना, एक वैचारिक रचनात्मकता का प्रदर्शन किया जिसने मोरक्को के समाज के समाजशास्त्र को मार्क्सवाद के साथ असंगत बना दिया, जिसकी 1970 के दशक के दौरान दूरगामी प्रतिध्वनियाँ थीं। 'संयुक्त समाज' की धारणा के माध्यम से, पास्कन ने प्रदर्शित किया कि कैसे उत्पादन के कई तरीके (आदिवासीवाद, पूंजीवाद, आदि) उनके बीच की निश्चित सीमा रेखाओं के बिना सह–अस्तित्व में रह सकते हैं।

> 'सामाजिक हम' का वैज्ञानिक विनियोजन

स्वतंत्र मोरक्को में समाजशास्त्र के अग्रदूतों का मिशन दुनिया के परिवर्तन को गति देना था, ताकि श्रमिक वर्ग को लाभ हो। उन्होंने ऐसे समाजशास्त्र के लिए अभियान चलाया जो उपनिवेशवाद से दूर रहे और शोषितों के पक्ष में राजनीतिक रूप से सक्रिय हो।

यधपि राष्ट्रीय समाजशास्त्र सामाजिक मांग से संबंधित था, यह नृविज्ञान समाज को समझने की अपनी खोज के प्रति वफादार रहा। स्वतंत्रता के बाद का मानवशास्त्रीय साहित्य अपने औपनिवेशिक समकक्ष को संशोधित करने के लिए समर्पित रहा है। इसने धार्मिक और राजनीतिक शोध के नए क्षेत्रों तक पहुँचने की कोशिश की,

>>

और ऐसा 'सामाजिक हम' को वैज्ञानिक रूप से अपनाने के उद्देश्य से किया।

आलोचनात्मक जांच और वि–औपनिवेशीकरण का अर्थ औपनिवेशिक साहित्य की विरासत को मिटा देना नहीं है। यद्यपि यह साहित्य यूरोसेंट्रिक है, लेकिन यह लोगों, सामाजिक संबंधों, आदिवासी गतिशीलता, राजनीतिक शक्ति आदि पर अमूल्य अनुभवजन्य अभिलेख प्रदान करता है।

मोरक्को में मानवविज्ञान के वैज्ञानिक निर्माण के दूसरे स्तर पर, पश्चिमी, लेकिन औपनिवेशिक, मानवविज्ञानी और स्थानीय मानवविज्ञानी के बीच ज्ञान–मीमांसा अंतर के बारे में जागरूकता का मतलब यह नहीं है कि उत्तरवर्ती आवश्यक रूप से मोरक्को की संस्कृति से अधिक परिचित है।

बेशक, दोनों मामलों में विचित्रता की भावना एक जैसी नहीं है। पश्चिमी या औपनिवेशिक मानवविज्ञानी के मामले में, औपनिवेशिक विचारधारा के प्रति जुनून और उपनिवेशित लोगों को "बर्बर", "आदिम", "अविकसित" आदि के रूप में कल्पना करने के कारण अंतर सत्तामीमांसीय है। इसके विपरीत, स्थानीय शोधकर्ता के लिए, अंतर ज्ञानमीमांसीय है और स्थानीय वैज्ञानिक ज्ञान का उत्पादन करने की इच्छा से उभरता है जो समाज को बदलने के लिए मान्य है।

डोक्सा और तत्काल साक्ष्य से बचने के लिए, स्थानीय मानवविज्ञानी और समाजशास्त्री अल्फ्रेड शूत्ज के 'परिचित की विचित्रता' को अपनाते हैं। स्थानीय और औपनिवेशिक मानवविज्ञानी के समुदाय के साथ संबंधों के बारे में यह सजगता जो उनके शोध का विषय है, औपनिवेशिक साहित्य के संबंध में एक सकारात्मक ज्ञानमीमांसीय अन्यता उत्पन्न करेगी। परिणामस्वरूप, दोनों साहित्यों के बीच की सीमाएं तब तक छिद्रित बनी रहेंगी, जब तक मोरक्को के समाज के वैज्ञानिक समाजशास्त्र का पुनर्निर्माण औपनिवेशिक और गैर–उपनिवेशित के बीच के द्वंद्वात्मक संबंधों की जांच जारी रखेगा।

> गैर–पश्चिमीकरण परिप्रेक्ष्य वाले समाजशास्त्र के लिए

औपनिवेशिक विचार के साथ अपने ज्ञानमीमांसीय विच्छेद के बावजूद, इसके प्रति सकारात्मक अन्यता बनाए रखते हुए, राष्ट्रीय समाजशास्त्र सामान्य समाजशास्त्र से अलग नहीं है। उत्तरवर्ती की तरह, मोरक्को का समाजशास्त्र सामाजिक का एक नोमोथेटिक (नाममात्र का) विज्ञान बना हुआ है, जो अवधारणाओं को सामान्य बनाने और सामाजिक जीवन के बारे में कानून स्थापित करने में सक्षम है। लेकिन किस अर्थ में इसे केवल गैर–पश्चिमीकृत ज्ञान के उत्पादन के माध्यम से मुक्त किया जा सकता है?

उपनिवेशवाद से विउपनिवेशवाद की ओर संक्रमण को नागरिकों के पक्ष में 'दुनिया को बदलने' के समाजशास्त्रीय प्रतिमान और 'अंदर से देखने' के मानवशास्त्रीय प्रतिमान के जुटान से सहायता मिली। 'हमारे द्वारा कल्पित *सोशियस नॉस*' का निर्माण और परिणामस्वरूप मोरक्को के समाज के समाजशास्त्र की मुक्ति पद्धतिगत और सैद्धांतिक नवाचार के बिना या गहन सत्ता मीमांसीय और फिर भी ज्ञान के गैर–पश्चिमीकरण का ज्ञानमीमांसीय विमर्श स्थानीय समाजशास्त्र और सामान्य समाजशास्त्र के बीच के संबंध पर प्रश्न उठाता है, जो कि, इस हद तक कि यह पश्चिमी है, स्थानीय पर वैश्विक के आधिपत्य का प्रतिनिधित्व करता है।

वास्तव में, गैर–पश्चिमीकरण की चुनौती का अर्थ है कि वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों की तरह, मोरक्को में समाजशास्त्र को एक गैर–पश्चिमी, आधिपत्य–विरोधी दृष्टिकोण को अपनाना चाहिए। समाजशास्त्र का गैर–पश्चिमीकरण करने का अर्थ है न केवल उपनिवेश बनना बंद करना बल्कि प्रभुत्व और हीनता से दूर रहना।

सामाजिक की बहुलता केवल प्रमुख 'वैश्विक' विविधता के विकल्प के रूप में नए, विश्वसनीय स्थानीय ज्ञान के उद्भव की ओर ले जा सकती है। जब तक मोरक्को में अनुभवजन्य क्षेत्र उपजाऊ है, तब तक एक स्थानीय समाजशास्त्र का निर्माण जो इसकी ऐतिहासिक, राजनीतिक और सामाजिक–सांस्कृतिक विलक्षणताओं को ध्यान में रखता है, उसे अलगाव से बचने में मदद कर सकता है और एक स्थानीय संज्ञानात्मक स्थान का निर्माण कर सकता है जो इसे पश्चिमी आधिपत्य के साथ विवाद में डालता है। इसका मतलब पृथक्करण नहीं है, बल्कि 'स्थानीय' और 'वैश्विक' के बीच एक अंतर–ज्ञान का विस्तार और दो पैमानों के बीच एक नए रिश्ते को सक्रिय करने में सक्षम समाजशास्त्र की स्थापना है।

निष्कर्ष में, समाजशास्त्र का जन्म न केवल इसके संस्थापक जनकों और प्रारम्भिक अग्रदूतों से हुआ है, इसे समाजों के विकास के साथ–साथ प्रासंगिक ज्ञानमीमांसा संबंधी बहसों, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण में, के साथ तालमेल बिठाने के लिए लगातार पुनर्जीवित और पुनर्निर्मित किया जाता है। इसलिए मोरक्को के समाज के समाजशास्त्र को अपनी पहचान बनाने, अवधारणाओं और सिद्धांतों का विक्षेत्रीकरण करने, प्रतिमानों को अपनाने और ज्ञान के सार्वभौमिक और अंतर–सभ्यतागत रचनात्मक संचय में योगदान देने में सक्षम एक अंतरराष्ट्रीय समाजशास्त्रीय स्थान स्थापित करने की आवश्यकता है। ■

सभी पत्राचार कावतार लेब्डौई को <kawtar.lebdaoui@gmail.com> पर प्रेषित करें।

> खुलेपन और समावेशन का विवादित क्षेत्र

फर्नांडा बेगेल, CONICET और सेंट्रो डी एस्टुडिओस डी सर्कुलैसिओन डेल कोनोसिमिएंटो, यूनिवर्सिडैड नैशनल डी कुयो, अर्जेंटीना द्वारा

श्रेयः जसेक किता, 2018, आईस्टॉक पर।

सन् 2020 और 2021 के दौरान मुझे यूनेस्को की सलाहकार समिति के अध्यक्ष के रूप में सेवा करने का सम्मान मिला जिसने नवंबर 2021 में 41वें यूनेस्को सम्मेलन में स्वीकृत ओपन साइंस ड्राफ्ट प्रोजेक्ट पर अनुशंसा तैयार की थी। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले समिति के 30 विशेषज्ञों के साथ चर्चा ने हमें जल्द ही दुनिया की आर्थिक, तकनीकी, शैक्षणिक और सामाजिक असमानताओं के संदर्भ में खुलेपन के विचार की जटिलता को दिखाया। डिजिटल बुनियादी ढांचे के विषम विकास को देखते हुए, वैज्ञानिक खुलेपन की चुनौतियाँ वैश्विक उत्तर से वैश्विक दक्षिण तक महत्वपूर्ण रूप से बदलती हैं, लेकिन पश्चिम से पूर्व तक, प्रत्येक क्षेत्र के भीतर और यहाँ तक कि एक देश और उसकी आंतरिक संरचनात्मक विविधता के भीतर भी।

अनुशंसा तैयार होने के समय तक ओपन साइंस का सबसे विकसित आयाम वैज्ञानिक प्रकाशनों तक खुली पहुंच था। कोविड–19 महामारी से इस मुद्दे के लिए सार्वजनिक चिंता बढ़ गई थी। बुडापेस्ट ओपन एक्सेस इनिशिएटिव (BOAI) के बाद से 20 साल के संतुलन पर विचार करने वाले कई अध्ययनों के अनुसार, ओपन एक्सेस का जन्म एक नेक इरादे के रूप में हुआ था, लेकिन यह एक त्रुटिपूर्ण वास्तविकता के रूप में विकसित हुआ। अकादमिक प्रकाशन क्षेत्र के भीतर निहित स्वार्थों, विशेष रूप से अत्यधिक प्रतिष्ठित पत्रिकाओं के प्रकाशकों (उदाहरण के लिए, 10–20 से ऊपर इम्पैक्ट फैक्टर), के पास अपने फंडिंग को हाइब्रिड मॉडल में बदलने के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन था क्योंकि उनकी सदस्यता यद्यपि महंगी– अभी भी आ रही है और और उनके पास पांडुलिपियों का आना जारी है, वह भी उनकी प्रकाशन क्षमता से अधिक। ओपन एक्सेस में जन्मी विद्वत्तापूर्ण पत्रिकाओं या लेख प्रसंस्करण शुल्क (एपीसी) के लिए लगातार उच्च भुगतान की मांग करने वाली मेगा–पत्रिकाओं की गतिशील प्रवृत्ति ने ओपन एक्सेस आंदोलन की उपलब्धियों को फीका कर दिया।

इस संदर्भ में, इस समृद्ध बौद्धिक बहस को साझा करने वाले सभी विशेषज्ञों की मुख्य चिंताओं में से एक यह है कि विविधता और अंतर–सांस्कृतिकता को बढ़ावा देते हुए वैज्ञानिक खुलेपन का विस्तार कैसे किया जाए। मैं हाल ही में बर्लिन में एसटीआई सम्मेलन में प्रस्तुत की गई वैचारिक चर्चा को मानचित्रों की एक श्रृंखला के ढांचे के रूप में पेश करूंगा, जिसे मैंने यह मापने के लिए बनाया था कि हम समावेशी, खुले विज्ञान की दिशा में कितना आगे बढ़ रहे हैं या विशिष्टता खेल जीत रहा है।

> समावेशी खुलेपन और विशिष्ट बंदपन के मध्य तनाव

खुले विज्ञान की ओर अलग–अलग रास्ते हैं, जो वैश्विक स्तर पर परस्पर विरोधी रूप से सह–अस्तित्व में हैं, और उनके मध्य तनाव न केवल खुलेपन/बंदपन की डिग्री से निर्धारित होता है, बल्कि समावेशिताधविशिष्टता के ध्रुवों से भी संबंधित है। चित्र 1 संघर्ष के इस स्थान में विभिन्न संयोजनों को दिखाता है जो कि बौर्डियू द्वारा किसी दिए गए क्षेत्र के गुणों का वर्णन करने के तरीके से मिलते–जुलते हैं। हम दाईं ओर खुलेपन की विशेषताओं को देख सकते हैं, और बाईं ओर, बंदपन की विशेषताओं को देख सकते हैं। हालांकि, ऊर्ध्वाधर अक्ष के साथ संयुक्त और मध्य से, जहां अक्ष एक–दूसरे को काटते हैं, अधिक व्यावहारिक रूप से पढ़ने पर हम चार चतुर्भुज देखते हैं। ऊपरी चतुर्भुज में विशिष्टता है, जो वाणिज्यिक कर्त्ताओं या वैश्विक शैक्षणिक प्रणाली की पारंपरिक विषमताओं द्वारा संचालित है। इसके

>>

विपरीत, निचले चतुर्थांश में समावेशिता का उच्च स्तर व्याप्त है, लेकिन संप्रभुता के मुद्दों या निम्न वर्ग समूहों द्वारा अपेक्षित संरक्षण के कारण खुलेपन की विभिन्न सीमाएं हैं।

समावेशिता और खुलेपन के अक्ष



चित्र 1

चतुर्भुजों द्वारा विश्लेषण करने पर, यह स्थान विपरीत ध्रुवों के अनुसार व्यवस्थित है, सबसे पहले, बड़े व्यावसायिक प्रकाशकों के नेतृत्व में एकाधिकार–बंदता की को दर्शाया गया है, जो स्कोपस–क्लेरिवेट प्रकाशन प्लेटफॉर्म से मिलकर बने समूह में हावी हैं। विद्वत्तापूर्ण सेवाओं का बढ़ता संकेन्द्रण और यह तथ्य कि वे अभी भी अकादमिक समुदाय की विश्वसनीयता के एक बड़े हिस्से को नियंत्रित करते हैं, इस क्षेत्र को शोध मूल्यांकन के लिए वैश्विक मूल्य के संदर्भ में प्रमुख बनाता है। नतीजतन, इन वैश्विक डेटाबेस का संरचनात्मक पूर्वाग्रह उच्च–प्रभाव वाली पत्रिकाओं के बाहर, अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में प्रकाशित वैज्ञानिक परिणामों के एक बड़े हिस्से के बहिष्कार को गहरा करता है और ग्रंथ विविधता को एक तरफ धकेलता है। समावेशिता के विपरीत, इन व्यावसायिक प्रकाशकों को विशिष्ट वस्तुओं और सेवाओं की पेशकश करने की आवश्यकता है जो उत्कृष्टता के वैश्विक मूल्य तक पहुंच की गारंटी दे सकें, जो (पारिभाषिक तौर पर) कम और अपवाद है। ऊपरी दायाँ चतुर्भुज खुलेपन के लिए मुख्य शर्तों के अनुसार व्यवस्थित है, जैसे कि अंतर–संचालन और अन्य FAIR सिद्धांत (खोजने की क्षमता, पहुँच और पुनः प्रयोज्यता)। लेकिन यह 'गोल्ड' बिजनेस मॉडल के ढांचे के भीतर गंभीर बहिष्कार की ओर ले जाता है, जहां ओपन एक्सेस जर्नल्स प्रकाशन की लागत को व्यक्तिगत लेखकों पर स्थानांतरित करते हैं जो उन संस्थानों से संबद्ध होते हैं जो पढ़ने और प्रकाशित करने के समझौते का खर्च नहीं उठा सकते हैं।

समावेशिता और खुलेपन का क्षेत्र



चित्र 2

समावेशी खुलापन विशिष्ट बंदपन के विपरीत है को चित्र 1 और 2 में निचले दाएं चतुर्थांश में दर्शाया गया। ओपन एक्सेस में इस पथ के मुख्य चालक क्षेत्रीय प्रकाशन प्लेटफॉर्म और पोर्टल जैसे कि Latindex, SciELO, Redalyc, Biblat, और AJOL हैं, जिन्होंने कई भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण पत्रिकाओं के लिए शर्तें लगाई हैं। यह देखते हुए कि अकादमिक दुनिया में स्थापित पदानुक्रम इन पत्रिकाओं को बहुत कम महत्व देते हैं, समावेशी खुला विज्ञान कम दिखाई दे सकता है और क्षेत्रीय प्रसार के रूप में दिखाई दे सकता है। हालाँकि, यह अंतर–सांस्कृतिकता को संरक्षित करने और विज्ञान के मानव अधिकार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

बाएं निचले चतुर्थांश में, हम समावेशी बंदपन देखते हैं: एक ध्रुव जिसमें ज्ञान का सीमित प्रसार होता है, जिसे अधिकतर स्थानीय रूप से महत्व दिया जाता है। यहाँ, हम गैर–अनुक्रमित पत्रिकाओं में प्रसारित वैज्ञानिक आउटपुट, वैज्ञानिक जानकारी के प्रबंधन के लिए कई पहल और स्थायी पहचानकर्ताओं के बिना बनाए गए डिजिटल प्लेटफॉर्म और कई अन्य समान अनुभव देख सकते हैं। ओपन साइंस के लिए यूनेस्को सलाहकार समिति में आयोजित चर्चाओं के दौरान, निम्न वर्ग के समुदायों, स्वदेशी ज्ञान या असमान शक्ति संबंधों के तहत निकाले जाने वाले वैज्ञानिक जानकारी की रक्षा की आवश्यकता के संबंध में खुलेपन के जोखिमों पर चर्चा की गई: जो संभव है उसे खोलें और उसे ही बंद रखें जिसकी आवश्यकता है इस बहस का आधार था। हालाँकि, यह न केवल स्वदेशी समूहों के अपने मूल ज्ञान की स्वायत्त सरकार के अधिकारों की रक्षा करने के लिए ही नहीं बल्कि उनका सम्मान करने के लिए भी महत्वपूर्ण था। इस तनाव के बीच CARE सिद्धांतों का जन्म हुआ और आज समावेशी खुलेपन में संक्रमण के लिए दिशानिर्देशों के मुख्य सेटों में से एक का प्रतिनिधित्व करते हैं: सामूहिक लाभ, नियंत्रण का अधिकार, जिम्मेदारी और नैतिकता।

बंदपन, अधीनस्थ समूहों या संभावित रूप से निष्कर्षणीय वैज्ञानिक जानकारी की रक्षा करने की आवश्यकता से उत्पन्न हो सकता है और इसका उपयोग राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल संप्रभुता की रक्षा के लिए किया जा सकता है। लोकतांत्रिक दृष्टिकोण से, सरकारों को सूचना अर्थव्यवस्था में नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा और व्यवसायों के आर्थिक हितों की रक्षा करने की आवश्यकता हो सकती है। इसके विपरीत, एक सत्तावादी शासन में, इस अवधारणा को शैक्षणिक स्वतंत्रता को सीमित करने और नागरिकों पर सामाजिक नियंत्रण लागू करने के लिए अपनाया गया है।

जैसा कि हम देख सकते हैं, समावेशी खुले विज्ञान को विकसित करने में मौजूद तनाव केवल राष्ट्रीय खुले विज्ञान नीतियों, असमान भौतिक संसाधनों या व्यावसायिक हितों के इर्द–गिर्द ही नहीं घूमते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म के एकीकरण के बारे में विवादित वैश्विक परियोजनाओं में डेटा गवर्नेंस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। केंद्रीकृत खुले बुनियादी ढांचे के लाभ या नुकसान के बारे में गहन बहस होती है, जबकि संघीय बुनियादी ढांचे के विचार से एक अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक मार्ग उभरता हुआ प्रतीत होता है।

> समावेशिता और विशिष्टता की गतिशीलता में हितधारक

समावेशी खुलेपन के किसी भी मार्ग को दो संरचनात्मक बाधाओं को पार करना होगा, एक भौतिक संसाधनों पर निर्भर है और दूसरी वैज्ञानिक अभ्यास में प्रतीकात्मक पूंजी पर। पहली बाधा डिजिटल विभाजन द्वारा उत्पन्न वैश्विक असमानताएं तथा खुलेपन के कारण उत्पन्न होने वाले जोखिम हैं, जो गैर–आधिपत्यवादी अनुसंधान समुदाय, जिनके पास दृश्यता और मान्यता के लिए अपरिहार्य अवसंरचनाओं का अभाव होता है, के लिए उत्पन्न होते हैं। दूसरी

>>

विद्वानों के प्रकाशन और वैज्ञानिक जानकारी के व्यावसायीकरण और गैर–व्यावसायीकरण के बीच बढ़ते संघर्षों से उभरती है। यह देखते हुए कि वैज्ञानिकों के बीच मान्यता और भेदभाव व्यावसायिक प्रकाशकों द्वारा डिजाइन की गई उत्कृष्टता व्यवस्था के तहत बनाए गए थे, ये संघर्ष "डायमंड" बनाम "गोल्ड" मार्ग के तनाव से परे हैं। तदनुसार, वास्तविक परिवर्तन की व्यवहार्यता अंततः बहु–कारण कारकों के साथ विषमताओं को संबोधित करने से जुड़ी हुई है।

लैटिन अमेरिका एक वैकल्पिक ओपन–एक्सेस प्रकाशन सर्किट का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें डायमंड जर्नल हैं जो समुदाय द्व ारा प्रबंधित हैं और विज्ञान के सिद्धांत के लोकहित के नियम द्वारा संचालित हैं। हालाँकि, 'मुख्यधारा' सर्किट अभी भी उच्च प्रभाव वाली पत्रिकाओं के प्रदर्शनकारी प्रभावों में अंतर्राष्ट्रीयकृत शोधकर्ताओं के अधिकांश विश्वास को बनाए रखता है, जो उन्हें मान्यता खोने के जोखिम के डर से अपने संचलन के मार्ग को बदलने से रोकता है। SciELO, Redalyc और Latindex ने अपनी दृश्यता और प्रभाव को बढ़ाने के लिए बहुत प्रयास किए हैं, और सरकारी एजेंसियां और सार्वजनिक संस्थान इस क्षेत्रीय सर्किट को बनाए रखते हैं। हालाँकि, इन्हीं संगठनों द्वारा परिभाषित अकादमिक मूल्यांकन इन पत्रिकाओं को अवमानित करता है, जिसके परिणामस्वरूप एक प्रकार का अलगाव होता है जो अभी भी अनसुलझा है।

समावेशिता को अल्पाधिकार वाले व्यावसायिक हितधारकों द्वारा संचालित विशिष्टता की प्रबल शक्तियों का सामना करना पड़ता है जो लाभदायक वस्तुओं को केंद्रित करना चाहते हैं और बंद पारिस्थितिकी तंत्र के तहत बुनियादी ढांचे को केंद्रीकृत करना चाहते हैं। ऊपरी बाएँ चतुर्थांश में चित्र 3 ऐसी कंपनियों के कुछ उदाहरण दिखाता है। इस बीच, दाएँ ऊपरी चतुर्थांश में, FAIR सिद्ध ांतों का पूरी तरह से अनुपालन करने वाले खुले बुनियादी ढाँचे जैसे कि OpenAlex, दृश्यता की गारंटी देते हैं लेकिन DOI, ORCID या अन्य जैसे स्थायी पहचानकर्ताओं (PID) की उपलब्धता के कारण समावेशिता के संदर्भ में वे सीमित हैं।

इस विवादित क्षेत्र के निचले चतुर्थांश में, हम इस विचार को पुष्ट होते हुए देख सकते हैं कि समावेशिता बहुभाषिकता और विज्ञान की अंतरसांस्कृतिकता से अत्यधिक जुड़ी हुई है। हालाँकि, कुछ समावेशी प्रकाशन प्लेटफॉर्म में उनकी सेवाओं में अनुक्रमित दस्तावेजों के स्तर पर मेटाडेटा की उपलब्धता के बारे में सीमाएँ हैं, और च्क् की कमी भी इस गुणवत्तापूर्ण अनुक्रमित उत्पादन की दृश्यता को कम करती है। जैसे जैसे हम ब्।त्म् सिद्धांतों, अधीनस्थ समूहों की उच्च समावेशिता और स्वदेशी ज्ञान की सुरक्षा के पूर्ण अनुपालन की ओर बढ़ते हैं स्वायत्त शासन अप्रतिबंधित खुलेपन से टकरा सकता है। अपने स्तर पर, डिजिटल संप्रभुता कुछ हद तक बंदपन का संकेत दे सकती है।

विवादित क्षेत्र में वाणिज्यिक हितधारकों और प्रथाओं को स्थित करना

चित्र 3

दायाँ निचला चतुर्थांश समावेशी खुलेपन के सर्वोत्तम उदाहरणों को समेटे हुए है। लैटिन अमेरिकी प्रकाशन प्लेटफॉर्म और रिपॉजिटरी एक न्यायसंगत शोध प्रणाली की ओर जाने वाले मार्ग पर प्रासंगिक हितधारक हैं। उनकी मुख्य ताकत विज्ञान को एक लोकहित की वस्तु के रूप में परिभाषित करने पर एक सामान्य समझौते के तहत बुनियादी ढांचे में सरकारों के सार्वजनिक निवेश में निहित है। यह एक विषम क्षेत्र है जिसमें वैज्ञानिक सूचना प्रणालियों के लिए विविध वैज्ञानिक नीतियां और शासन दृष्टिकोण हैं जो एक गैर–वाणिज्यिक प्रकाशन पारिस्थितिकी तंत्र में सह–अस्तित्व में हैं। संघीय बुनियादी ढांचे में प्रासंगिक अनुभव जैसे एलए रेफरेंसिया और इसकी स्थानीय तकनीक इस क्षेत्र को समावेशी खुले विज्ञान के लिए एक न्यायपूर्ण संक्रमण में महत्वपूर्ण भूमिका देती हैं।

ये वैचारिक और व्यावहारिक तनाव तब मौजूद हैं जब मेगा–जर्नल्स के विस्तार और फास्ट–ट्रैक सहकर्मी समीक्षा के संकल्प के पीछे एक गंभीर परिवर्तन हो रहा है जो किसी प्रदत्त विद्वान समुदाय और जर्नल के विशिष्ट दर्शकों के बीच मूल बातचीत को धुंधला कर देता है। संपादकीय प्रबंधन का समरूपीकरण और स्वचालितकरण संपादकों को अकादमिक निर्णयों का नेतृत्व करने से विस्थापित करता है। व्यावसायिक खुली पहुंच के व्यापक प्रभावों से वैधता का एक संभावित संकट उभरता हुआ प्रतीत होता है, जिससे हमारे सामने एक संभावित अवसर खड़ा हो गया है। मेरा मानना है कि अनुसंधान मूल्यांकन प्रणालियों में प्रासंगिक और 'स्थित' सुधारों के भीतर 'उत्कृष्टता' की अवधारणा की गहन आलोचना के माध्यम से एक आमूलचूल परिवर्तन केवल संभव है। वास्तव में, समावेशी खुलेपन की खोज के लिए अनुसंधान की गुणवत्ता की नई परिभाषा की आवश्यकता है, जिसे विज्ञान के बहुभाषी क्षितिज द्वारा अंतर–सांस्कृतिक लोकहित के रूप में तैयार किया गया है। ■

सभी पत्राचार फर्नांडा बेइगेल को <fernandabeigel@gmail.com> पर प्रेषित करें।

> खुले विज्ञान की द्वंद्वात्मकता :

यूनेस्को की सिफारिश के तीन वर्ष बाद

यूंजुंग शिन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति संस्थान (एसटीईपीआई), दक्षिण कोरिया, और **जे–महन शिम**, कोरिया विश्वविद्यालय, दक्षिण कोरिया द्वारा



श्रेयः यूनेस्को, 2022.

> 'खुला विज्ञान' और मर्टोनियन आदर्श

बीसवीं सदी के मध्य के समाजशास्त्री रॉबर्ट मर्टन, जिनके बारे में कहा जा सकता है कि उन्होंने आदर्श विज्ञान प्रथाओं और संचार के लिए अपने मानदंडों के माध्यम से तथाकथित 'खुले विज्ञान' को निर्धारित किया, ने यह निर्धारित किया कि विज्ञान को जो कुछ प्रकट करता है (निष्पक्षता) और जो कुछ निर्मित करता है (स्वतंत्र पहुंच) उसमें सार्वभौमिक होना चाहिए। सार्वभौमिकता के इस मर्टोनियन मानदंड के माध्यम से, वैज्ञानिक समुदाय को व्यक्तिगत वैज्ञानिकों की पहचान, क्षेत्रीय मतभेदों और सामाजिक–राजनीतिक स्थितियों की परवाह किए बिना सामूहिक रूप से खोजे गए तथ्यों पर खुले तौर पर चर्चा और सत्यापन करके सार्वभौमिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। खुले विज्ञान के व्यावहारिक मानदंड, जिनकी कल्पना, विरोध और विश्व विज्ञान समुदाय में मर्टन की वैचारिक शुरुआत के बाद से दशकों तक की गई है, वे उनके निर्धारित मानदंडों से काफी हद तक अलग प्रतीत होते हैं।

हाल के दशकों में शोधकर्त्ताओं ने विज्ञान समुदाय में लगातार बढ़ते व्यावसायीकरण और सहकर्मी प्रतिस्पर्धा का अनुभव किया है। इस प्रवृत्ति ने अंततः व्यक्तिगत शोधकर्ताओं को अपने विचारों और निष्कर्षों को व्यापक समुदाय में अपने साथियों के साथ साझा करने के बजाय बंद घेरे में रखने के लिए प्रेरित किया। इस बीच और इसके विपरीत, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और इंटरनेट पहुंच में प्रगति ने वैज्ञानिक प्रकाशनों और शोध सामग्रियों को सार्वजनिक रूप से जारी करने और समय पर और कुशल तरीके से प्रासंगिक हितधारकों के लिए सुलभ होने में सक्षम बनाया है। इस प्रकार, जैसा कि कार्ल पोलानी ने सुझाया है, एक दोहरे आंदोलन से घिरे, व्यक्तिगत वैज्ञानिक और स्थानीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय वैज्ञानिक समुदाय व्यावहारिक खुले विज्ञान मानदंडों के विषम कुलकों को देख रहे हैं। जहाँ मर्टन द्वारा प्रारम्भ किया गया खुले विज्ञान का आदर्श बरकरार है, खुले विज्ञान की वास्तविकता न केवल ऐतिहासिक रूप से बल्कि आवश्यक रूप से भिन्न विचारों और प्रथाओं से भरे विवाद और निर्माण की एक बहुआयामी, द्वंद्वात्मक प्रक्रिया है।

खुले विज्ञान की इन बहुस्तरीय द्वंद्वात्मकता का जवाब देते हुए, यूनेस्को ने अपनी आयोजन शक्ति को जुटाया। उसने अपने 193 सदस्यों के बीच वैश्विक संवाद शुरू किए और अंततः 2021 में खुले विज्ञान पर सिफारिश जारी की। सिफारिशें सही मायने में सार्वभौमिकता और स्थानीयध्क्षेत्रीय विविधताओं को एक बहुत जरूरी प्रयास के रूप में समर्थन करती हैं। एक ओर, यह खुले विज्ञान और इसके सार्वभौमिक मूल्यों की वैश्विक मान्यता की

> >

पुष्टि करती हैं जिसने विज्ञान को सक्षम बनाया है। यह वैज्ञानिक समुदायों के भीतर और बाहर खुले विज्ञान को पुनर्जीवित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों का आह्वान करती हैं। दूसरी ओर, यूनेस्को की सिफारिशें खुले विज्ञान को लागू करते समय अपरिहार्य विविधताओं पर प्रकाश डालती है और बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी ज्ञान प्रणालियों की वकालत करती है। वैश्विक समुदाय के लिए मेर्टोनियन सार्वभौमिकता के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखना एक बात है। सार्वभौमिकता को आगे बढ़ाने के लिए दुनिया भर में विविधता और स्थानीयता के मूल्य के महत्व को स्वीकारना और उसका समर्थन करना अलग बात है।

> दक्षिण कोरिया में घटनाक्रम

यूनेस्को की संस्तुति को अपनाए हुए तीन वर्ष बीत चुके हैं। इस अवधि के दौरान, हम दक्षिण कोरिया (आधिकारिक तौर पर कोरिया गणराज्य) में खुले विज्ञान की विशिष्टताओं पर विस्तार से चर्चा करने के उद्देश्य से निम्नलिखित कार्यों की पहचान कर सकते हैं। उन देशों के विपरीत जिन्होंने एक एकीकृत राष्ट्रीय मुक्त विज्ञान नीति या योजना स्थापित की है, वर्तमान में दक्षिण कोरिया के पास खुले विज्ञान प्रथाओं के सभी पहलुओं को सम्मिलित करने वाला एक व्यापक ढांचा नहीं है। फिर भी, पिछले दस वर्षों में वैश्विक खुले विज्ञान एजेंडा–सेटिंग प्रक्रिया के साथ–साथ कम से कम चार विशिष्ट आंदोलन हुए हैं।

सबसे पहले, सरकारी फंडिंग एजेंसियों ने सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित शोध आउटपुट तक पहुंच और उपयोग को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक नीति उपायों को बढ़ावा दिया है। यह इस सरल तर्क पर आधारित है कि जनता को सार्वजनिक निवेश से लाभ मिलना चाहिए। विशेष रूप से, कोविड–19 के प्रकोप ने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों से निपटने और सार्वजनिक वस्तुओं की सुरक्षा के लिए अनुसंधान डेटा साझा करने के सार्वजनिक क्षेत्र के सक्रिय प्रयासों को गति दी। भले ही बिना शर्त कोविड–19 डेटा साझा करना अब प्रचलन में नहीं है, लेकिन सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित शोध आउटपुट पर लागू सार्वजनिक पहुँच नीतियाँ प्रभावी बनी हुई हैं।

दूसरा, डेटा–संचालित अनुसंधान या AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) – सहायता प्राप्त अनुसंधान के विकास से अनुसंधान डेटा प्रबंधन और साझाकरण को सुगम बनाया गया है। निजी कंपनियों, कोरियाई सरकार और सार्वजनिक एजेंसियों ने AI प्रौद्योगिकियों के लिए डेटा और संसाधनों में निवेश किया है। सभी वैज्ञानिक विषयों के लिए सेवाएँ प्रदान करने वाले जेनेरिक डेटा प्लेटफॉर्म सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में दिखाई दिए हैं। इसके अलावा, क्षेत्र–विशिष्ट डेटा केंद्र (जैव अनुसंधान, सामग्री विज्ञान, पारिस्थितिकी, भूविज्ञान, उच्च–ऊर्जा भौतिकी, सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान, आदि) और संस्थागत भंडारों की संख्या में वृद्धि हुई है और विषय–विशिष्ट या संस्थान–केंद्रित नियम और मानक विकसित किए गए हैं।

तीसरा, शैक्षणिक संस्थान और पुस्तकालय लगातार ओपन–एक्सेस प्रकाशन के उभरते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल ढल रहे हैं। जैसे–जैसे दुनिया भर में और दक्षिण कोरिया में भी ज्यादा से ज्यादा शोधकर्ता अपने शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय ओपन–एक्सेस पत्रिकाओं के जरिए प्रकाशित कर रहे हैं, घरेलू पुस्तकालयों पर अनुकूलन के लिए ज़्यादा दबाव डाला जा रहा है। उनसे अंतरराष्ट्रीय पत्रिका सदस्यता के मौजूदा मॉडल पर पुनर्विचार करने और मौजूदा सदस्यता लागतों को ओपन–एक्सेस प्रकाशन शुल्क के साथ संतुलित करने के वैकल्पिक तरीकों (जैसे, परिवर्तनकारी समझौते) की खोज करने के लिए कहा जा रहा है। 'शिकारी' पत्रिकाएँ और सम्मेलन – जो स्पष्ट रूप से व्यावसायिक हितों द्वारा हावी हैं – ओपन–एक्सेस प्रकाशन को आगे बढ़ाने के लिए एक और चुनौती बन गए हैं। निस्संदेह अकादमिक प्रकाशन उद्योग बदलावों से गुजर रहा है, जो अकादमिक समुदायों पर पुनः संयोजन के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। फिर भी, इन बदलावों से जुड़ी उपलब्ध जानकारी और संभावित जोखिम अकादमिक विषयों, क्षेत्रों और क्षेत्रों में अलग–अलग हैं, जिससे अलग–अलग प्रकाशन व्यवहार पैदा होते हैं।

चौथा, नागरिक वैज्ञानिक, स्थानीय समुदाय और आम लोग वैज्ञानिक प्रक्रिया में अभिन्न भागीदार बन गए हैं। पारिस्थितिकी, खगोल विज्ञान और सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान में उनकी भागीदारी और योगदान विशेष रूप से प्रमुख है। उभरते हुए वैज्ञानिकों द्वारा पेश किए गए नए दृष्टिकोण और रुचियां ज्ञान विकास के नए प्रक्षेपवक्र को जन्म देती हैं। साथ ही, ये प्रक्षेपवक्र अनिवार्य रूप से विषमताओं के बीच तनाव का कारण बनते हैं। स्थानीय संदर्भों में अंतर्निहित अंतर्जात ज्ञान को संरक्षित करने की प्रवृत्ति को स्थानीय संदर्भों से बाहर व्यापक दर्शकों तक इस ज्ञान को संहिताबद्ध करने और प्रसारित करने के आह्वान द्वारा चुनौती दी जा रही है। इसी तरह, सर्वेक्षण किए गए लोगों की विशिष्ट पहचान की रक्षा करने के लिए स्थापित मानदंड को अनुसंधान उद्देश्यों के लिए अपवादों की मांग करके प्रतिवाद किया जा रहा है।

> खुले विज्ञान की द्वंद्वात्मकता

किसी भी चीज के वास्तविक और अस्तित्व में होने के लिए, ज्ञान के समाजशास्त्र में प्रघटनात्मक ज्ञान यह सलाह देता है कि इसका एक आदर्श प्रतिनिधित्व होना चाहिए और इसे ठोस प्रकारों और विषमताओं की द्वंद्वात्मकता में निर्मित किया जाना चाहिए जो अक्सर असंबद्ध होते हैं। इसी भावना में, यह लेख कोरियाई खुले विज्ञान की द्वंद्वात्मकता में कई अलग–अलग घटनाक्रमों पर संक्षेप में विचार करता है। प्रत्येक एक असंबद्ध आंदोलन है जो विशिष्ट संदर्भों में सीमित है। केवल ऐतिहासिक पर्यवेक्षक ही देख पाएंगे कि आने वाले वर्षों में वे क्या बन जाते हैं। उनके द्वारा अपनाए गए मार्ग के आधार पर, रॉबर्ट मर्टन द्वारा खुले विज्ञान का आदर्श प्रोटोटाइप ठोस और वास्तविक बन जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान, हम आश्वस्त हो सकते हैं कि इन सभी विवरणों में खुला विज्ञान हमारे पास आ रहा है। हम लोगों को दक्षिण कोरिया जैसे देशों में वर्तमान और भविष्य के विकास पर अधिक ध्यान देने के लिए केवल प्रोत्साहित करते हैं। यूनेस्को की आगामी राष्ट्रीय रिपोर्टिंग प्रक्रियाएँ, जो 2025 के लिए निर्धारित हैं, प्रत्येक देश से खुले विज्ञान की जीवंत द्वंद्वात्मकता प्रदान करने के लिए एक मूल्यवान मंच होगा। इसके अलावा, खुले विज्ञान की उभरती वैश्विक द्वंद्वात्मकता को पूरी तरह से समझने और हमारे सामने आने वाले विशिष्ट कार्यों को उजागर करने के लिए, उन द्वंद्वात्मकताओं का गहन सामाजिक विज्ञान अध्ययन करना होगा। ■

सभी पत्राचार यूंजुंग शिन को <ejshin@stepi.re.kr> पर प्रेषित करें।

> विज्ञान का विव्यावसायीकरण: एक स्वप्नलोक?

एना मारिया सेट्टो, यूनिवर्सिडैड नैशनल ऑटोनोमा डे मेक्सिको, मैक्सिको द्वारा

श्रेय: फोटोमोंटेज, फ्रीपिक से प्राप्त छवियों पर आधारित।

जैसा कि मिरोव्स्की और सेंट ने उल्लेख किया है, 'विज्ञान का व्यावसायीकरण' एक विषम प्रघटना है जो सरल परिभाषा को चुनौती देती है, जो इसके बारे में कई समकालीन चर्चाओं को असंतोषजनक बनाती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति मुख्य रूप से विज्ञान की परिभाषा के कारण है, जो ज्ञान के एक स्थापित निकाय के रूप में विज्ञान या एक संस्था के रूप में विज्ञान से लेकर एक प्रक्रिया के रूप में विज्ञान या उस प्रक्रिया के उत्पाद के रूप में विज्ञान तक फैली हुई है। इसलिए, इस आलेख के शीर्षक द्वारा उठाए गए प्रश्न के कई आयाम हैं और यह बहुआयामी दृष्टिकोण को जन्म देता है। यहाँ प्रस्तुत दृष्टिकोण, जो अनिवार्य रूप से आंशिक और अधूरा है, एक सामान्य सूत्र के रूप में व्यावसायीकरण पर ध्यान केंद्रित करता है।

> एक ऐतिहासिक झलक

ऐतिहासिक अभिलेखों से पता चलता है कि विज्ञान की कल्पना या नामकरण से भी पहले व्यापार ज्ञान के उत्पादन, उपयोग और प्रसार में एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति था। विशेष रूप से, नेविगेशन, उपनिवेशीकरण या विजय के माध्यम से एक यूरोपीय संकल्पना के रूप में विज्ञान के विकास को दूर के क्षेत्रों से ज्ञान से बहुत लाभ हुआ। एक बार संदर्भ से अलग हो जाने के बाद, यह ज्ञान वैज्ञानिक कोष का हिस्सा बन गया और, इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह आर्थिक लाभ का स्रोत बन गया। उष्णकटिबंधीय दक्षिण से मसालों, औषधीय पौधों और अन्य प्राकृतिक उत्पादों के व्यापार ने सदियों से यूरोप की आर्थिक शक्ति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

>>

ऐतिहासिक अभिलेख यह भी दर्शाते हैं कि दुनिया भर में सदियों से ज्ञान का उत्पादन और साझा किया जाता रहा है। इसका एक उदाहरण एशियाई फलों और जड़ी–बूटियों के चिकित्सा उपयोग पर अपने व्यापक कार्य के लिए प्रसिद्ध यहूदी पुर्तगाली चिकित्सक गार्सिया दा ओर्टा द्वारा स्थापित ज्ञान नेटवर्क संबंध है, जिसे पहली बार 1563 में गोवा में प्रकाशित किया गया था। वास्तव में, गार्सिया दा ओर्टा ने भारतीय, अरब, फारसी और तुर्की दरबारी चिकित्सकों और चीन, इंडोनेशिया और पूर्वी अफ्रीकी तट पर जाने वाले यात्रियों के साथ जो संबंध बनाए, वे सूचना का एक बड़ा स्रोत थे। लेकिन गार्सिया दा ओर्टा एक व्यवसायी भी थे, जो औषधीय पौधों और कीमती पत्थरों की बिक्री और यूरोप में उनके निर्यात को बढ़ावा देते थे। उनके जटिल और विशाल कार्य के 59 अध्यायों का अनुवाद किया गया और यूरोप में संक्षिप्त रूप में प्रसारित किया गया, जिसमें औषधीय और वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए सबसे उपयोगी प्रजातियों के चयन पर ध्यान केंद्रित किया गया। आश्चर्य की बात नहीं है कि उन्नीसवीं शताब्दी से, उन्हें 'विज्ञान के महान व्यक्ति' और 'उष्णकटिबंधीय चिकित्सा के अग्रदूत' के रूप में चित्रित किया गया है।

पंद्रहवीं और सोलहवीं सदी की खोजों और विजय यात्राओं के बाद से वैश्विक दक्षिण से वैश्विक उत्तर की ओर ज्ञान का प्रसार रुका नहीं है। इससे ऐसे ज्ञान के उत्पादों का व्यावसायीकरण भी हुआ है, जो अपनी मूल जड़ों से अलग हो गए हैं।

> निधीयन मशीन का निर्माण

ज्ञान के प्रसार में ऐतिहासिक विषमताएँ अभी भी हमारे साथ हैं। वैश्वीकरण के युग में, हम सभी, वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण में, जैसा हम विज्ञान को वर्तमान में जानते हैं: स्थापित पेशेवरों के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा पोषित ज्ञान का एक राजनीतिक और आर्थिक रूप से वैध निकाय, में अलग–अलग डिग्री में योगदान करते हैं। लेकिन विषमताएँ बनी रहती हैं: वैश्विक दक्षिण से विज्ञान में योगदान का वाणिज्यिक मूल्य कम है और बाजार की उसमें बहुत कम रुचि है। एक ओर, हमारे विज्ञान के उत्पादों का हमारे अपने देशों में आर्थिक मूल्य के अनुप्रयोगों में शायद ही कभी उपयोग किया जाता है, दूसरी ओर, वैश्विक उत्तर में पेशेवरों द्वारा उन्हें बड़े पैमाने पर अनदेखा किया जाता है।

संक्षेप में, हमारा विज्ञान काफी हद तक एक ऐसी व्यवस्था के अधीन है जिसके पास यह तय करने की शक्ति, पैसा और साधन हैं कि कौन सा विज्ञान 'महत्वपूर्ण' है: टेलरिस्ट दक्षता मॉडल से प्रेरित एक ऐसी व्यवस्था जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के औद्योगिक प्रबंधन सिद्धांतों से गहराई से प्रभावित है। विज्ञान उत्पादों, वैज्ञानिक प्रकाशन और इसकी मुख्य 'मुद्रा', प्रभाव कारक का वस्तुकरण, वैज्ञानिक उद्यम के औद्योगिकीकरण के स्वाभाविक परिणाम हैं।

स्मरण करें कि व्यावसायिक प्रकाशन मॉडल तब उभरा जब पिछली सदी के पहले हिस्से में अग्रणी प्रकाशक विद्वजन समाजों के जर्नल–आधारित प्रकाशनों को निजी कंपनियों ने अपने हाथ में ले लिया। उन समाजों ने संपादकीय और प्रशासनिक प्रबंधन को वाणिज्यिक प्रकाशकों को सौंप दिया, बदले में, कभी–कभी समाज की गतिविधियों का समर्थन करने के लिए उन्होंने पारिश्रमिक प्राप्त किया। प्रकाशकों ने इस अवसर के बाजार मूल्य को एक लाभदायक व्यवसाय मॉडल के लिए देखा, रॉबर्ट मैक्सवेल के शब्दों में एक 'सतत फंडिंग मशीन', और वे एक महत्वाकांक्षी व्यवस्था लेकर आए। तदनुसार, वैज्ञानिक सारा मुलभुत कार्य करेंगे, केवल विषय सामग्री – कच्चा माल– ही नहीं अपितु अन्य लेखकों की पांडुलिपियों की समीक्षा एवं संपादक के रूप में भी कार्य करेंगे। हाल ही में, इसे पांडुलिपियों की सभी टाइपिंग और फॉर्मेटिंग तक विस्तारित किया गया, जिन्हें इंटरनेट युग के पहले 'कैमरा–रेडी' के रूप में वितरित किया जाना था, उन्हें अब जर्नल प्लेटफॉर्म पर 'अपलोड–रेडी' के रूप में वितरित किया जाता है। प्रकाशन उद्योग इससे अधिक क्या मांग सकता है?

> वर्तमान की एक झलक

वास्तव में अभी और भी बहुत कुछ होना बाकी था। शोध उत्पादन के व्यावसायीकरण के साथ–साथ ग्रंथसूची और विज्ञानमितीय सेवाओं का निर्माण और उन्हें 'अच्छे प्रदर्शन' (व्यक्तियों और संस्थानों दोनों के) के संकेतक के रूप में बढ़ावा दिया गया है। इसने द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद से वैज्ञानिक गतिविधि के निरंतर विस्तार में योगदान दिया है।

हालांकि, व्यवसाय द्वारा संचालित और उत्पादकता पर केंद्रित इस विस्तार के साथ–साथ विज्ञान की गुणवत्ता और प्रासंगिकता में भी कोई वृद्धि नहीं हुई है, कुछ विश्लेषक तो विज्ञान के ठहराव की बात भी करते हैं। यह बुनियादी फ्रंटियर अनुसंधान के लिए विशेष रूप से सच है जो विज्ञान के भीतर और उससे परे, साथ ही आधुनिक प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोगों को रेखांकित करता है। इसके अलावा, ओपन एक्सेस 'गोल्ड' मॉडल को अपनाने के साथ मिलकर ग्रंथ सूची संबंधी प्रोत्साहनों द्वारा निर्मित बाजार ने मुट्ठी भर बड़ी कंपनियों को लगभग 75% प्रकाशित शोधपत्रों के लिए उत्तरदायी एक अंतरराष्ट्रीय अल्पाधिकार बनाने की अनुमति देता है। ये कंपनियां अब संस्थागत या राष्ट्रीय स्तर पर वाणिज्यिक समझौते करती हैं, उन कीमतों पर जो मुद्रास्फीति की दर और शैक्षणिक संस्थानों की बजटीय संभावनाओं से परे साल दर साल बढ़ रही हैं। इसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक वित्त पर महत्वपूर्ण भार पड़ता है।

यह समझना महत्वपूर्ण है कि इन बड़े लाभ–प्राप्त प्रकाशन निगमों का उदय विज्ञान की आधिपत्य प्रणाली की *विफलता* नहीं है, बल्कि एक विकल्प है जिसे तंत्र ने अपनी आधिपत्य स्थिति को बनाए रखने के लिए खुद ही मजबूत किया है। अगर हम किसी को दोषी ठहराना चाहते हैं, तो हमें बाजार–प्रधान प्रणाली पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिसने मानव गतिविधि के लगभग सभी क्षेत्रों, विशेष रूप से मानव निर्माण में घुसपैठ की है और उसे नष्ट कर दिया है। हम यह और कैसे समझ सकते हैं कि, कला में, एक युवा अमेरिकी–चीनी उद्यमी दीवार पर लगे केले की एक 'कलाकृति' के लिए 6.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान करता है, केवल 'इतिहास बनाने' के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उस केले को खा लेता है ?

> लोकहित की वस्तु के रूप में ज्ञान

पूंजीवाद की नई विशेषताओं के अपने विश्लेषण में, हार्ड्ट और नेग्री दिखाते हैं कि कैसे आम संपत्ति – जो पूरी मानवता की है – को बाजार और वित्तीय प्रणालियों द्वारा घेर लिया गया है। आम संपत्ति में हवा, पानी, धरती के फल और वह सब कुछ शामिल है जो प्रकृति हमें प्रदान करती है, लेकिन साथ ही सामाजिक उत्पादन के परिणाम भी हैं, जैसे ज्ञान, भाषाएँ और सूचना। चूँकि ये उत्तरवर्ती संसाधन सामाजिक रूप से उत्पादित होते हैं, इसलिए ये हम सभी के हैं, और फिर भी, उनके वस्तुकरण के कारण, आबादी का विशाल बहुमत उन तक पहुँच नहीं पाता है।

वैज्ञानिक ज्ञान तब तक लोकहित की वस्तु है, जब तक अधिक पहुंच से किसी के लिए इसका मूल्य कम नहीं होता; इसके विपरीत,

>>

यह हमें समृद्ध बनाता है। सैद्धांतिक रूप में, वैज्ञानिक गतिविधि और उसके उत्पादों के लिए व्यापक सार्वजनिक समर्थन उत्पन्न करने के लिए इसे उच्च गुणवत्ता और भरोसेमंद होना चाहिए – हालाँकि, व्यवहार में, हम इस आदर्श से बहुत दूर हैं।

आम संपत्ति के प्रबंधन पर चर्चा करते समय, एलिनोर ओस्ट्रोम प्राकृतिक और अमूर्त संसाधनों, जैसे ज्ञान के मध्य अंतर नहीं करती हैं। दोनों मामलों में, उनका तर्क है कि संसाधनों का प्रबंधन करने की व्यक्तियों की क्षमता, समुदाय द्वारा समझौतों के एक समूह और खेल के और नियमों को अपनाकर स्वयं को नियंत्रित करने की संभावनाओं और इच्छा के आधार पर भिन्न होती है।

> स्वामित्व बनाए रखने और प्रसार पर नियंत्रण रखने के लिए विज्ञान प्रकाशन का गैरव्यावसायीकरण करना

ओस्ट्रोम के तर्कों के अनुसार, अकादमिक समुदायों को खुद को प्रबंधित करने के लिए तैयार रहना चाहिए; विशेष रूप से, ज्ञान उत्पादों के प्रकाशन पर नियंत्रण हासिल करने के लिए। इस संबंध में, लैटिन अमेरिका दुनिया के लिए एक अच्छा उदाहरण स्थापित कर रहा है क्योंकि हमारे अधिकांश वैज्ञानिक पत्रिकाएँ अकादमिक गैर–लाभकारी संस्थानों द्वारा प्रकाशित की जाती हैं। जरूरत इस बात की है कि सार्वजनिक नीतियाँ वाणिज्यिक प्रकाशनों के पक्ष में विरोधाभासी व्यवहार को ठीक करें और हमारे वैज्ञानिक ज्ञान–उत्पादक समुदायों को, जो राष्ट्रों के सार्वजनिक संसाधनों से वित्तपोषित हैं, प्रकाशन कुलीनतंत्र के इशारे पर काम करने से रोकें।

लेखकों और पाठकों दोनों के लिए निःशुल्क प्रकाशन ग्लोबल नॉर्थ में 'डायमंड' ओपन एक्सेस शब्द की शुरुआत होने और ग्लोबल साउथ में इसे अपनाये जाने के पहले से लैटिन अमेरिका में प्रभावी रूप से प्रचलित है। यह सुनिश्चित करता है कि अकादमी अपने द्वारा उत्पन्न ज्ञान के स्वामित्व को बनाए रखे और इसके प्रसार पर नियंत्रण रखे, इसे सुलभ बनाने के लिए चौनल और तरीके स्थापित करे।

विज्ञान के व्यावसायीकरण को समाप्त करना एक कठिन काम हो सकता है क्योंकि इसके लिए अन्य बातों के अलावा विज्ञान के सामाजिक मूल्य और उद्देश्य के बारे में मानसिकता में महत्वपूर्ण बदलाव की आवश्यकता होगी। प्रकाशन उद्यम का गैर व्यावसायीकरण, जो समस्या का एक हिस्सा है, अधिक यथार्थवादी है, हालांकि इसके लिए नीति निर्माताओं और वैज्ञानिक समुदाय द्वारा ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है। कुछ संस्थान विशाल लाभ–प्राप्त प्रकाशकों की सदस्यता रद्द करके या अपने शैक्षणिक मूल्यांकन मानदंडों को बदलकर सही दिशा में शुरुआती कदम उठा रहे हैं। लेकिन यह केवल शुरुआत है। ■

सभी पत्राचार एना मारिया सेट्टो को <ana@fisica.unam.mx> पर प्रेषित करें।

> नागरिक विज्ञान
और एक नया अधिकार एजेंडा

सरिता अलबागली, ब्राजीलियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (IBICT) और इंस्टीट्यूट ऑफ सिटीजन साइंस, ब्राजील द्वारा

श्रेयः टीएल फ्यूरर, 2017, आईस्टॉक पर।

पिछले दो दशकों में नागरिक विज्ञान का विस्तार हुआ है, और इसने विभिन्न देशों की सार्वजनिक नीतियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के एजेंडा में दृश्यता प्राप्त की है। यह सामुदायिक विज्ञान, सहभागी विज्ञान और विज्ञान में सार्वजनिक भागीदारी जैसी अन्य गतिविधियों और दृष्टिकोणों के साथ संवाद करता है। नागरिक विज्ञान विभिन्न अवधारणाओं, प्रथाओं, पद्धतियों और विषयों को समाहित करता है। यह एक बहुअर्थी शब्द है जो इसे चलाने वालों और उनकी प्रेरणाओं, उद्देश्यों, दृष्टिकोणों और पृष्ठभूमियों के आधार पर अलग–अलग व्याख्याओं और परिभाषाओं की अनुमति देता है। इसलिए, स्थानीय संदर्भों और स्थितियों के आधार पर इसका एक स्थित चरित्र होता है। यह एक वैज्ञानिक प्रोजेक्ट जो सामाजिक योगदान देना चाहता है अथवा एक सामूहिक या सामुदायिक पहल जो वैज्ञानिक टीम से सहयोग या प्रमाणन की चाहत रखती है के रूप में प्रारम्भ हो सकती है।

> व्यावहारिक और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण

शुरू से ही यह पूछना उचित है: 'नागरिक विज्ञानः किसलिए, किसके लिए, और सबसे बढ़कर, किन परिस्थितियों में?' हम नागरिक विज्ञान परियोजनाओं के दो प्रमुख परिप्रेक्ष्य देख सकते हैं, जो अनिवार्य रूप से विरोधी नहीं हैं: वे पूरक भी हो सकते हैं।

अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण से, एक ओर, नागरिक विज्ञान गैर–वैज्ञानिकों को डेटा एकत्र करने और अंततः विश्लेषण करने के लिए प्रेरित करके लागत कम करने और अनुसंधान परिणामों की गति और दायरे में सुधार करने के लिए प्रेरित करता है। विज्ञान में बड़ी मात्रा में विषम और क्षेत्रीय रूप से फैले आंकड़ों की मांग बढ़ती जा रही है, जिसका तात्पर्य यह है कि कई मामलों में केवल वैज्ञानिक टीमों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं हो सकता।

दूसरी ओर, नागरिक विज्ञान का विभिन्न सामाजिक समूहों के ज्ञान और दृष्टिकोणों को दृश्यता और मान्यता देने के लिए आह्वान किया जाता है ताकि विज्ञान में नई अंतर्दृष्टि लाई जा सके और समस्या–समाधान और सामाजिक नवाचार में नए योगदान दिए जा सकें। यह संस्करण नागरिक विज्ञान के अधिक लोकतांत्रिक दृष्टिकोण को व्यक्त करता है, जिसके लिए सुनने की धीमी गति का सम्मान करना और विभिन्न प्रकार के ज्ञान के बीच संवाद को सरंध्रता देना आवश्यक है। इसमें नीचे से ऊपर और सहभागितापूर्ण दृष्टिकोण के साथ–साथ सह–उत्पादन पद्धतियां भी शामिल हैं।

> >

> संस्थागतकरण और विविधता

दृष्टिकोणों की बहुलता को देखते हुए नागरिक विज्ञान परियोजनाओं की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करना एक चुनौती है। एक तरफ, इसके लिए यह आवश्यक है कि नागरिक विज्ञान को अनुसंधान मूल्यांकन और वित्तपोषण प्रणालियों द्वारा स्वीकार किया जाए और पुरस्कृत किया जाए। दूसरी ओर, संस्थागत मॉडलों से बचना आवश्यक है जो नागरिक विज्ञान के रूप में किसी परियोजना को परिभाषित करने के लिए कठोर मानदंड बनाते हैं और इसकी विविधता, खुलेपन और नवीनता को बाधित कर सकते हैं। हमें विज्ञान के प्रति इस दृष्टिकोण को एक अवधारणा और प्रक्रिया के रूप में समझने की आवश्यकता है जो निर्माणाधीन है और लगातार बदल रही है।

यह आवश्यक नहीं कि विभिन्न प्रकार की पहलें स्वयं को नागरिक विज्ञान कहें, लेकिन उन्हें इस क्षेत्र का भाग समझा जा सकता है। लैटिन अमेरिका में, शोध और शिक्षा में सहभागी दृष्टिकोण और पद्धतियों में विशाल संचित अनुभव है। यह कोलंबियाई समाजशास्त्री ऑरलैंडो फाल्स बोर्डा और ब्राजील के शिक्षक पाउलो फ्रेरे के अग्रण ी काम से प्रमाणित होता है।

ब्राजील में, इस सदी के पहले दशक के अंत से ही नागरिक विज्ञान पहलों ने अधिक ध्यान आकर्षित किया है। 2021 में, ब्राजीलियन नागरिक विज्ञान नेटवर्क (RBCC) बनाया गया था, और आज, यह 400 से अधिक प्रतिभागियों को एक साथ लाता है। अप्रैल 2022 में, ब्राजीलियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (IBICT) द्वारा नागरिक विज्ञान प्लेटफॉर्म Civis लॉन्च किया गया था। Cívis ने लैटिन अमेरिका में 200 से अधिक नागरिक विज्ञान पहलों और परियोजनाओं को पंजीकृत किया है, जिनमें से आधे से अधिक ब्राजील में हैं। ऐसी नागरिक विज्ञान पहलें हैं जिन्होंने शौकिया तौर पर अथवा हॉबी के रूप में विज्ञान में रूचि रखने वाले लोगों को आकर्षित किया है जैसे पक्षियों को देखना (विकीएवेस देखें), सामाजिक –पर्यावरणीय आपदाओं से प्रभावित समुदाय जो विश्विद्यालय के टीम के सहयोग से आंकड़े एकत्रित करते हैं और अपने हकों के लिए लड़ते हैं ('क्यू लामा ए एसा': यह कौन सी मिट्टी है? देखें), ऐसी परियोजनाएँ जो पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्रवाई में नागरिक विज्ञान को जुटाती हैं (ब्लू चेंज इनिशिएटिव देखें) और कई अन्य उदाहरणों के अलावा समुद्री और तटीय पर्यावरण की गुणवत्ता की रक्षा करती हैं।

> खुले विज्ञान के रूप में नागरिक विज्ञान

वर्तमान में नागरिक विज्ञान खुले विज्ञान आंदोलन का हिस्सा है। जो दांव पर लगा है वह केवल खुलेपन का मात्रात्मक आयाम नहीं है, जो पहुँच पर केंद्रित है, बल्कि इसका गुणात्मक पहलू है – जिस तरह का ज्ञान हम पैदा करना चाहते हैं, जिसका अर्थ है विभिन्न दृष्टिकोणों के प्रति खुलापन। इसका तात्पर्य यह है कि इसके अभ्यास और तरीके खुली पहुँच और खुले डेटा सिद्धांतों और प्रोटोकॉल से परे हैं। इन पहलों में भाग लेने वाले कर्त्ताओं की विविधता के बीच असमान स्थिति और पदानुक्रम पर विचार करना महत्वपूर्ण है। इसलिए, खुले डेटा के लिए FAIR सिद्धांतों से अधिक की आवश्यकता होती है, अर्थात, डेटा खोजने योग्य, सुलभ, अंतर–संचालन योग्य और पुनरूप्रयोज्य होना चाहिए। इसमें स्वदेशी लोगों द्वारा प्रस्तावित ब्।त्म् सिद्धांतों पर ध्यान देना भी शामिल हैः सामूहिक लाभ, नियंत्रण का अधिकार, जिम्मेदारी और नैतिकता। जब भी प्रासंगिक हो, पूर्व, स्वतंत्र और सूचित सहमति के लिए प्रोटोकॉल, प्रतिभागियों को शोध परिणामों की वापसी के साधन और लाभों के निष्पक्ष और न्यायसंगत बंटवारे के लिए उपकरण अपनाना आवश्यक है।

नागरिक विज्ञान परियोजनाओं में मोबाइल फोन एप्लीकेशन, रिकॉर्डिंग, मापन, संवेदन उपकरण और डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग को देखते हुए ओपन इन्फ्रास्ट्रक्चर भी महत्वपूर्ण है। जहाँ ये उपकरण विकेंद्रीकृत तरीके से उत्पादन और डेटा रिकॉर्डिंग को बढ़ाने में सक्षम बनाते हैं, वे डेटा निष्कर्षण और शोषण के जोखिम भी पैदा करते हैं। यह उभरती हुई प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था का हिस्सा है – या बल्कि प्लेटफॉर्म पूंजीवाद – जो डेटा संप्रभुता को खतरे में डालता है, यानी हमारे डेटा के उत्पादन और उपयोग के बारे में निर्णय लेने की हमारी क्षमता और स्वायत्तता को। ऐसे प्लेटफॉर्म में आमतौर पर उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस होते हैं, लेकिन उनके संचालन और लाभप्रदता रणनीतियों के बारे में बहुत कम पारदर्शिता होती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बढ़ता उपयोग अवसर तो पैदा करता है, लेकिन जोखिम भी पैदा करता है। साथ ही, डिजिटल बहिष्कार जारी रहता है, जो कई क्षेत्रों और सामाजिक समूहों को प्रभावित करता है जो इंटरनेट तक पर्याप्त पहुँच के बिना रह जाते हैं और बड़ी टेक कंपनियों के लिए असुरक्षित हो जाते हैं।

नागरिक विज्ञान परियोजनाओं में इन पहलुओं और उनसे संबंध ित सुरक्षा उपायों पर विचार किया जाना चाहिए।

> संघर्षपूर्ण क्षेत्रों में नागरिक विज्ञान

यह तर्क दिया गया है कि वर्तमान वैश्विक सामाजिक–पर्यावरणीय संकट से निपटने में योगदान देने के लिए हमें नागरिक विज्ञान की आवश्यकता है। हालाँकि, 'साझा भविष्य' का निर्माण आवश्यक रूप से सहमतिपूर्ण या शांतिपूर्ण नहीं है। संकट के कारण और परिणाम देशों, क्षेत्रों और सामाजिक क्षेत्रों में असमान रूप से वितरित हैं। उनसे निपटने में अक्सर विश्वदृष्टि और विकास शैलियों के बारे में अलग–अलग और परस्पर विरोधी स्थितियाँ शामिल होती हैं। पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति शोषण बलों के बीच विवाद होते हैं, कभी–कभी हिंसक भी, खासकर उच्च सामाजिक असमानता और राजनीतिक भेद्यता के परिदृश्यों में। वैकल्पिक विकास शैलियों के लिए दबाव किस हद तक विज्ञान को अन्य मूल्यों और प्रथाओं के लिए पारगम्य बनाता है या यहाँ तक कि विज्ञान शक्ति संरचनाओं में प्रतिमान बदलावों को प्रेरित करता है?

कई लोग बताते हैं कि पश्चिमी वैज्ञानिक प्रतिमानों ने अदृश्यता को बढ़ावा दिया है और अन्य और अधिक विविध वैज्ञानिक प्रक्षेपवक्र और ज्ञान के प्रकारों को विकसित करने और पहचानने में बाधाएँ पैदा की हैं जो अधिक संधारणीय विकास की ओर ले जाने वाले मार्गों की अनुमति दे सकते हैं। इस संदर्भ में, ज्ञान और विज्ञान के संबंध में प्रति–आधिपत्यवादी विचारों का एक समूह उभरा है, जो मिशेल फौकॉल्ट के शब्दों में, एक सच्चे 'अधीन ज्ञान के विद्रोह' को व्यक्त करता है। वे सामाजिक आंदोलनों से प्रेरित विचारों की विभिन्न पंक्तियों से उत्पन्न होते हैं– पर्यावरणवाद से लेकर नारीवादी और समलैंगिक सिद्धांतों, नस्लवाद–विरोधी, उत्तर–औपनिवेशिक, उपनिवेशवाद–विरोधी और अधीनस्थ अध्ययन, उत्पीड़ितों की शिक्षाशास्त्र, ज्ञान की पारिस्थितिकी और वैश्विक दक्षिण की ज्ञानमीमांसा तक।

इस तरह की विचारधारा को प्रतिपादित करने वालों ने पारंपरिक और स्वदेशी लोगों, जोखिम में रहने वाले और कमजोर समूहों, सामाजिक रूप से कलंकित समूहों, आम विशेषज्ञता या अनुभवात्मक ज्ञान और परिधीय विज्ञान के विश्वदृष्टिकोण और ज्ञानात्मक ढांचे को दृश्यमान बनाने की कोशिश की है। इसका लक्ष्य वर्तमान वैश्विक संकट का सामना करने में उनकी भूमिका को महत्व देना है। वे अन्य शर्तों के अलावा संज्ञानात्मक न्याय, प्रतिमान बदलाव और सीमा सोच

>>

को बढ़ावा देने का प्रस्ताव करते हैं।

> गलत सूचनाओं का मुकाबला करने के लिए विज्ञान और समाज के बीच संवादात्मक संबंध

इन परिदृश्यों में, नागरिक विज्ञान की भूमिका सतत विकास लक्ष्यों की उपलब्धि की निगरानी के लिए डेटा अंतराल को भरने तक सीमित नहीं है। नागरिक विज्ञान को उन विचारों और कार्यों के साथ संवाद करने के लिए प्रेरित किया गया है, जो विभिन्न ऑन्टो–एपिस्टेमिक आधारों – जीवन जीने के विभिन्न तरीकों और जानने के तरीकों – के मध्य बातचीत को बढ़ावा देते हैं और जीवन की स्थिरता के साथ अधिक संतुलित संबंध के साथ दृश्यमान ज्ञान प्रथाओं को बनाते हैं। नागरिक विज्ञान वैज्ञानिक और पर्यावरण शिक्षा का एक साधन भी रहा है, जो विज्ञान और समाज के बीच अधिक संवादात्मक संबंध बनाने में योगदान देता है। गलत सूचनाओं और विज्ञान को बदनाम करने वाले अभियानों, जैसे कि जलवायु इंकार और टीकाकरण विरोधी अभियान, फर्जी खबरों और फर्जी विज्ञान के प्रसार के कारण यह और महत्वपूर्ण हो गया है।

नागरिक विज्ञान नागरिकता को मजबूत करने का एक अवसर हो सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जो अन्यथा इससे वंचित हैं। नागरिकता की धारणा की पुनर्व्याख्या की जाती है, जिससे विभिन्न कर्त्ताओं और ज्ञान के स्थानों के बीच अधिक क्षैतिज संबंधों को केंद्रीयता मिलती है। नागरिक विज्ञान क्षेत्रीय प्रबंधन और सार्वजनिक नीतियों पर सामाजिक प्रभाव का विस्तार करने के लिए डेटा और संज्ञानात्मक सक्रियता का समर्थन करने के लिए उपकरण प्रदान कर सकता है। इसका मतलब है एक नया अधिकार एजेंडा शामिल करना, विशेष रूप से "शोध का अधिकार"।

अगर हम विज्ञान के भीतर और उससे परे व्यापक संवाद को बढ़ावा देना चाहते हैं तो यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस तरह की बातचीत विभिन्न ज्ञानमीमांसीय मैट्रिक्स के बीच सह–अस्तित्व की नैतिकता से लेकर बहुध्वनि के परिप्रेक्ष्य की ओर विकास को दर्शाती है, संचार के अपने मूल व्युत्पत्तिगत अर्थ में 'सामान्य बनना'। ■

सभी पत्राचार सरिता अलबागली को <sarita@ibict.br> पर प्रेषित करें।

> खुले विज्ञान पर पुनर्विचार:

समानता और समावेशन की ओर

इस्माइल रफोल्स, वैश्विक विज्ञान में विविधता और समावेशन में यूनेस्को अध्यक्ष, लीडेन विश्वविद्यालय, नीदरलैंड, इंजेनियो, बास्क देश विश्वविद्यालय (सीएसआईसी–यूपीवी), और यूनिवर्सिटेट पोलिटेक्निका डे वालेंसिया, स्पेन द्वारा

श्रेय: फोटोमोंटेज, फ्रीपिक से प्राप्त छवियों पर आधारित।

> बढ़ती हुई पीड़ा: अधिक खुला विज्ञान अपने विरोधाभासों को बढ़ा रहा है

ओपन साइंस (OS) सहकारी कार्य और ज्ञान साझा करने के नए तरीकों पर आधारित विज्ञान करने का एक नया तरीका है, जो अक्सर डिजिटल तकनीकों या अन्य सहयोगी उपकरणों के माध्यम से होता है। साथ ही, जैसा कि 2021 में यूनेस्को की सिफारिश में व्यक्त किया गया है, यह आशा है कि OS 'विज्ञान और समाज के लाभ के लिए वैज्ञानिक ज्ञान तक पहुँच को व्यापक बनाने और [...] वैज्ञानिक ज्ञान के निर्माण और इसके लाभों को साझा करने में नवाचार और भागीदारी के अवसरों को बढ़ावा देगा' (यूनेस्को, 2023)।

इन संभावित लाभों को देखते हुए, ओपन–एक्सेस प्रकाशन, डेटा शेयरिंग और नागरिक विज्ञान जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया है और पिछले दशक में विशेष रूप से इनका प्रचलन बढ़ा है। हालाँकि, OS के हालिया विश्लेषणों में कुछ चिंताजनक रुझान पाए गए हैं: हाँ, OS फैल रहा है, लेकिन यह इस तरह से हो रहा है कि यह उन अपेक्षाओं पर सवाल उठाता है कि इससे अधिक समानता हो सकती है और विज्ञान का सामाजिक प्रभाव बढ़ सकता है।

> >

कुल मिलाकर, ऐसा लगता है कि OS विकसित करने के वर्तमान तरीकों में कुछ गड़बड़ है: एक ओर, वर्तमान ओपन साइंस अधिक असमानता को अग्रेषित कर रहा है और दूसरी ओर, ओपन साइंस के वर्तमान तरीकों का सामाजिक प्रभाव अस्पष्ट या सीमित है।

सबसे पहले, असमानता पर, अमीर विश्वविद्यालयों और देशों (जैसा कि मेरा मामला है) के शोधकर्ताओं को अब कम संसाधन संदर्भों में सहकर्मियों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक दृश्यमान होने का विशेषाधिकार है, क्योंकि हमारे संस्थान ओपन एक्सेस के माध्यम से प्रकाशन के लिए (अक्सर महंगी) शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। हालांकि यह कुछ ज्ञान को सुलभ बनाता है, यह उस बुनियादी सिद्धांत के खिलाफ जाता है कि वैज्ञानिक योगदान का मूल्यांकन और दृश्यमान उनके विद्वानों की योग्यता के अनुसार किया जाना चाहिए, न कि लेखकों के धन के कारण। इसलिए, कई हितधारकों का मानना है कि भुगतान–से–प्रकाशित मॉडल (जिसे 'गोल्ड' या हाइब्रिड ओएस कहा जाता था) अनुसंधान प्रणाली को दूषित कर रहा है। यह मॉडल 'डायमंड' ओपन एक्सेस (प्रकाशित करने और पढ़ने के लिए मुफ्त) वाले प्रकाशकों को भी कमजोर करता है, खासकर लैटिन अमेरिका और पूर्वी यूरोप जैसे क्षेत्रों में। नतीजतन, पश्चिमी यूरोप में भी लहर भुगतान–से–प्रकाशित से संस्थागत समर्थन से डायमंड ओपन एक्सेस पत्रिकाओं में बदल रही है।

दूसरा, एक हालिया समीक्षा के अनुसार, अब तक ओएस के सामाजिक लाभों के बारे में बहुत कम समझ है। हालाँकि, वर्तमान साक्ष्य यह सुझाव देते हैं कि नागरिक विज्ञान और अन्य सहभागी दृष्टिकोण, जैसे कि नीति निर्माताओं और हितधारकों के साथ बातचीत, सामाजिक क्षेत्रों के माध्यम से अनुसंधान में योगदान देने के मुख्य तरीके हैं। दूसरे शब्दों में, सामाजिक प्रभाव शायद ही कभी कागजात या डेटा के माध्यम से होता है, लेकिन मुख्य रूप से सामाजिक बातचीत के माध्यम से होता है जो सामाजिक अभिनेताओं और शोधकर्ताओं के बीच ज्ञान के 'हस्तांतरण' की मध्यस्थता करता है। ये निष्कर्ष कई ओएस नीतियों के तकनीकी प्लेटफार्मों में निवेश पर वर्तमान फोकस पर सवाल उठाते हैं।

इन अंतर्दृष्टियों के आधार पर, मैं तर्क दूंगा कि ज्ञानात्मक न्याय प्रदान करने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए ओएस की अवधारणा और प्रचार पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

इन अंतर्दृष्टियों के आधार पर, मैं तर्क दूंगा कि ज्ञानात्मक न्याय प्रदान करने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए ओएस की अवधारणा और प्रचार पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

> रूपांतरण के रूप में खुला विज्ञान, लेकिन किस दिशा में?

जैसा कि हमने देखा है, ै के विकास के लिए दो मुख्य चालक मौजूद हैं। सबसे पहले, सूचना के डिजिटलीकरण ने वैज्ञानिक ज्ञान के उत्पादन, संचार और भंडारण के लिए नए तरीके उपलब्ध कराये हैं हैं। दूसरा, यह उम्मीद कि ये नए तरीके विज्ञान–समाज के बीच बातचीत को आसान बनाएंगे, विज्ञान के सामाजिक प्रभाव की आलोचनाओं और सामाजिक जरूरतों, मांगों और आकांक्षाओं के प्रति अनुसंधान को अधिक उत्तरदायी बनाने की उम्मीद से जुड़ी हैं।

ओएस कार्यान्वयन के लिए बहुत अलग–अलग एजेंडे विकसित किए गए हैं, जो इस बात पर निर्भर करते हैं कि हम ओएस का अनुसरण क्यों करते हैं और हम क्या सोचते हैं कि ओएस क्या हासिल कर सकता है। कुछ दृष्टिकोण अनुसंधान प्रणाली के भीतर दक्षता लाभ पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं, अन्य प्लेटफॉर्म प्रौद्योगिकियों के विकास पर, सूचना तक पहुँच को व्यापक बनाने पर, या फिर मुख्य रूप से भागीदारी से संबंधित हैं। सैद्धांतिक रूप में, जबकि इन दृष्टिकोणों को समानांतर रूप से चलने और एक दूसरे के पूरक होने की उम्मीद थी, कार्यान्वयन तनाव और विरोधाभासी गतिशीलता को सामने लाया है।

अगर हम ओएस को शोध प्रणाली के रूपांतरण के रूप में समझते हैं, तो ओएस का प्रत्येक दृष्टिकोण शोध को अन्य दृष्टिकोणों से असंगत दिशा में धकेलता है। उदाहरण के लिए, सूचना प्लेटफॉर्म के रूप में ओएस का विकास अक्सर समावेश और भागीदारी के रूप में ओएस के साथ तनाव में प्रवेश करता है, क्योंकि वैश्विक आबादी के कुछ वर्गों को एक संदर्भ का आनंद नहीं मिलता है या उनके पास ऐसी क्षमताएं नहीं हैं जो उन्हें इन प्लेटफार्मों के माध्यम से भाग लेने की अनुमति दें। या, उदाहरण के लिए, भुगतान–से– प्रकाशन मॉडल के माध्यम से अधिक ओपन एक्सेस समानता (क्योंकि कम संसाधन वाले संदर्भों में शोधकर्ता भुगतान नहीं कर सकते हैं) और अखंडता (क्योंकि कुछ भुगतान–से–प्रकाशन पत्रिकाओं जैसे फ्रंटियर्स या एमडीपीआई, की समीक्षा प्रणालियों की कठोरता संदिग्ध है)।

संक्षेप में, कोई एक OS भविष्य नहीं है जिसे प्राप्त किया जा सके, बल्कि अलग–अलग संभावित भविष्य हैं जो कुछ खास प्रकार के OS को जन्म देंगे लेकिन अन्य को नहीं। इसलिए पूछे जाने वाला प्रश्न अधिक OS की दिशा में प्रगति की सीमा के बारे में नहीं है, बल्कि यह है कि किस प्रकार के OS विकसित और अपनाए जा रहे हैं, किसके द्वारा, और किस परिणाम के साथ।

विज्ञान के राजनीतिक अर्थशास्त्री फिलिप मिरोव्स्की ने चेतावनी दी है कि सूचना के बुनियादी ढांचे से जुड़ा मुख्यधारायी ओएस 'प्लेटफॉर्म पूंजीवाद' (सोशाना जुबॉफ के 'निगरानी पूंजीवाद' की तुलना करें) के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है और इसमें गूगल और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया के समान खतरे शामिल हैं: एल्सेवियर, क्लेरिवेट या स्प्रिंगर–नेचर जैसी अल्पाधिकारवादी कंपनियों द्वारा अनुसंधान प्रक्रिया के विभिन्न चरणों (लैब नोट्स से लेकर प्रकाशनों से लेकर मूल्यांकन विश्लेषण तक) में सार्वजनिक अनुसंधान सूचनाओं पर नियंत्रण, जिनके पास विज्ञान के सामूहिक व्यवहार और दृष्टिकोण को आकार देने की शक्ति है। वे कंपनियां, अक्सर अमेरिका और यूरोपीय नीतियों (जैसे, अर्ली प्लान एस) के समर्थन से, न केवल ग्लोबल साउथ से धन निकाल रही हैं बल्कि वे विज्ञान के प्रतिनिधि उत्पन्न करने की स्थिति में हैं जो मुख्य वैज्ञानिक मुद्दों, विषयों, भाषाओँ, मूल्यों, और सांस्कृतिक दृष्टिकोणों को अधिक दृश्यमान बनाने के सन्दर्भ में ग्लोबल नॉर्थ के अधिपत्य को सुदृढ़ करते हैं।

फिर भी, इन प्लेटफॉर्म्स के समानांतर और टकराव में, ग्लोबल साउथ और ग्लोबल नॉर्थ दोनों में सामूहिक पहल विकसित की जा रही हैं जो विविध और समावेशी ओएस प्रक्षेपवक्र के लिए विकल्प प्रदान करती हैं, उदाहरण के लिए, ला रेफरेंसिया, एशिया में भागीदारी अनुसंधान, पब्लिक नॉलेज प्रोजेक्ट या बार्सिलोना घोषणा। प्रश्न यह है कि वैकल्पिक ओएस फ्यूचर्स के भीतर कौन से ज्ञानात्मक न्याय के साथ अधिक संरेखित हैं।

> किसके द्वारा खुला विज्ञान? किसके लिए खुला विज्ञान?

2021 यूनेस्को की ओएस की संस्तुति समानता और सामूहिक लाभों को दिशा–निर्देशों के प्रमुख मूल्यों के रूप में स्थापित करके ओएस को पुनः परिभाषित करने में महत्वपूर्ण रही है। मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में इस सिद्धांत पर आगे बढ़ते हुए कि: 'हर किसी को स्वतंत्र रूप से भाग लेने का अधिकार है [...] और वैज्ञानिक प्रगति और इसके लाभों को साझा करने का अधिकार है',

> >

सिफारिश विज्ञान को एक वैश्विक सार्वजनिक वस्तु के रूप में देखती है, और ओएस में 'खुलेपन' को ज्ञान को वास्तव में सार्वजनिक और वैश्विक बनाने के साधन के रूप में देखती है।

हालांकि, जैसा कि मिशेल कैलन ने तर्क दिया है, विज्ञान एक पारंपरिक सार्वजनिक वस्तु नहीं है क्योंकि इसके उत्पादन में ही नहीं बल्कि इसके पुनरुत्पादन, रखरखाव और उपयोग में भी भाग लेने के लिए क्षमताओं में पर्याप्त निवेश की आवश्यकता होती है। कोई भी नागरिक संभावित रूप से बिना किसी विशेष प्रयास के और यहां तक कि इसके बारे में जागरूक हुए बिना भी स्वच्छ हवा (एक सार्वजनिक वस्तु) में सांस ले सकता है। हालांकि, वैज्ञानिक ज्ञान के उत्पादन और उपयोग में भाग लेने के लिए, पिछला ज्ञान और पूरक संसाधन और क्षमताएं अपरिहार्य हैं।

उदाहरण के लिए, विशेषज्ञता के संबंध में: हमारे पास कैंसर पर वैज्ञानिक प्रकाशनों तक पहुंच हो सकती है। फिर भी, निदान की स्थिति में, केवल विशेषज्ञ ही उचित उपचारों पर निर्णय लेने के लिए उन वैज्ञानिक पत्रों का उपयोग कर सकते हैं। हममें से बाकी लोगों को आम दर्शकों के लिए लक्षित रिपोर्टों पर भरोसा करने की आवश्यकता है; इसलिए, ये सामग्रियाँ (वैज्ञानिक पत्रों के बजाय) ज्ञान साझा करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

संसाधनों के संबंध में, मध्यम–निम्न आय वाले देशों में शोधकर्ताओं के पास वैज्ञानिक डेटा वाली वेबसाइटों तक पहुंच हो सकती है। हालांकि, व्यवहार में, वे अक्सर उनका उपयोग नहीं कर सकते क्योंकि डेटा विश्लेषण के लिए कुछ बुनियादी ढांचे या विशिष्ट कर्मियों की आवश्यकता होती है, जिसका वे खर्च नहीं उठा सकतेय सबसे खराब परिदृश्य में, उनके पास महंगे, खराब या अवरुद्ध (प्रतिबंधों के कारण) इंटरनेट कनेक्शन हो सकते हैं।

संक्षेप में, ऑनलाइन उपलब्ध वैज्ञानिक जानकारी को अक्सर अच्छे उद्देश्यों के लिए नहीं जुटाया जा सकता, खास तौर पर ग्लोबल साउथ में। वैज्ञानिक उत्पादों (लेख, डेटा, सॉफ्टवेयर, आदि) को खुले तौर पर सुलभ बनाना उन संगठनों और कंपनियों को लाभ पहुंचा सकता है जिनके पास मजबूत क्षमताएं और संसाधन हैं। फिर भी, इस ज्ञान को दुनिया की अधिकांश आबादी तक पहुंचाने और लाभान्वित करने के लिए 'स्थानांतरण' और अनुकूलन के लक्षित प्रयासों की आवश्यकता है। ज्ञान को इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुलभ बनाना मुख्य रूप से उन लोगों के पक्ष में है जिनके पास पहले से ही पहुंच है और यह दुनिया की अधिकांश आबादी के लिए विज्ञान के लाभों में भागीदारी या साझाकरण को बढ़ावा नहीं देता है। यही कारण है कि वैज्ञानिक उत्पादों तक मुफ्त पहुंच पर ध्यान केंद्रित करके ओएस जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह अधिक समानता और ज्ञानात्मक न्याय की ओर नहीं ले जा रहा है।

> खुलेपन को संदर्भगत बनाना: 'आउटपुट तक पहुंच' से 'कनेक्शन' तक

इन सबके बावजूद, ओएस करने के वैकल्पिक तरीके समानता और प्रभाव ला सकते हैं। लेस्ली चौन के नेतृत्व में ओपन एंड कोलैबोरेटिव साइंस इन डेवलपमेंट नेटवर्क (OCSDNet) ने यह मामला बनाया कि खुलेपन को संदर्भगत बनाने की आवश्यकता है। केवल एक विशिष्ट संदर्भ में ही शोधकर्ता और हितधारक भागीदारी और संचार के विशिष्ट रूपों को विकसित कर सकते हैं जो विशिष्ट सामाजिक समूहों, जैसे हाशिए पर पड़े सामाजिक समुदायों के लिए वैज्ञानिक ज्ञान को मूल्यवान बनाते हैं।

यह संदर्भीकरण केवल शोध उत्पादों को डिजिटल रूप से सुलभ बनाने पर ध्यान केंद्रित करके प्राप्त नहीं किया जा सकता है। इसके बजाय, जैसा कि हाल ही में एक पुस्तक में सबीना लियोनेली ने तर्क दिया है, शोधकर्ताओं और सामाजिक समुदायों के बीच ज्ञान विनिमय प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। ये प्रक्रियाएँ अक्सर डिजिटल उत्पादों तक खुली पहुँच से लाभान्वित होंगी। फिर भी, उपयोग किए जाने वाले विशेष रूप और प्लेटफॉर्म किसी दिए गए ज्ञान विनिमय प्रक्रिया में प्रतिभागियों के आधार पर भिन्न होंगे।

ओपन साइंस के लिए आंदोलन ने ज्ञानात्मक न्याय का वादा किया है। कई कार्यकर्ताओं का मानना है कि निजी कर्त्ताओं, मुख्य रूप से अल्पाधिकारवादी प्रकाशकों ने वर्तमान विकास को हाईजैक कर लिया है, लेकिन शायद शक्तिशाली विषयों (जैसे, जीनोमिक्स और उच्च ऊर्जा भौतिकी) में बड़े शोध बुनियादी ढांचे ने भी ऐसा ही किया है। अपनी मुक्तिदायी शक्ति को पुनः प्राप्त करने और समानता और समावेशन की देखभाल करने के लिए, ओएस को उत्पादों और तकनीकी प्लेटफार्मों के संदर्भ में (जिनमें से कई उद्योग या 'बड़े विज्ञान' के स्वामित्व में हैं) नहीं, बल्कि मानव समुदायों की एक बहुत अधिक व्यापक श्रेणी में अधिक विनम्र सेटिंग्स में ज्ञान के आदान–प्रदान की प्रक्रियाओं में खुद को पुनः परिभाषित करने की आवश्यकता है। ■

सभी पत्राचार सीधे इस्माइल रफोल्स को <i.rafols@cwts.leidenuniv.nl> पर प्रेषित करें।

> ध्रुवीकरण और राजनीतिक संघर्ष : लैटिन अमेरिका से अंतर्दृष्टि

गेब्रियल केसलर, कॉनिसेट–यूएनएलपी/यूएनएसएएम, अर्जेंटीना, और **गेब्रियल वोमारो**, कॉनिसेट–यूएनएसएएम, अर्जेंटीना द्वारा

श्रेय: मैथियस रिब्स, @o.ribs, 2021

सन् 2019 से लैटिन अमेरिका बढ़ते असंतोष और सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष का दौर देख रहा है, जो 2020 में कोविड–19 महामारी के कारण और भी बढ़ गया, जैसा कि गैब्रिएला बेन्जा और गेब्रियल केसलर ने चर्चा की है। इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में बदलाव को हवा देने वाली वामपंथी ताकतें, अब खुद एक "व्यवस्था" बन गयी हैं जिनको चुनौती देनी है। उसी समय, दक्षिणपंथी विपक्ष के उभरने से राजनीतिक बदलाव की संभावना थी, लेकिन यह बदलाव नहीं हुआ। कमोडिटी बूम के अंत के बाद से लैटिन अमेरिका में राजनीतिक असंतोष बढ़ा है और महामारी के साथ और गहरा गया है। इसकी अभिव्यक्तियों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन, चुनावी व्यवहार में बदलाव, लोकतंत्र के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण और कट्टरपंथी दक्षिणपंथी प्रस्तावों का उदय शामिल है।

इस पृष्ठभूमि में, दो प्रश्न हैं जिन्हें हम सम्बोधित करना चाहते हैं। विभिन्न देशों में संघर्ष कैसे संगठित होता है? इस क्षेत्र में लोकतंत्र के लिए इन संघर्षों के क्या परिणाम और चुनौतियां हैं? इन और अन्य प्रश्नों के जवाब देने के लिए, फोर्ड फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित लैटिन अमेरिका में ध्रुवीकरण, लोकतंत्र और अधिकार (POLDER) परियोजना ने मिश्रित तरीकों का उपयोग करके 2021 और 2023 के बीच पाँच देशों (अर्जेंटीना, ब्राजील, कोलंबिया, अल साल्वाडोर और मैक्सिको) में व्यापक तुलनात्मक शोध किया।

हमारे शोध के आधार पर, हम तर्क देते हैं कि कमोडिटी बूम के अंत के बाद, लैटिन अमेरिका में सामाजिक संघर्ष को तीन प्रकार के परिदृश्यों के तहत तैयार किया जा सकता है: **भावात्मक घटकों के साथ वैचारिक ध्रुवीकरण, एक उभरते नेता के इर्द–गिर्द**

> >

ध्रुवीकरण और सामान्यीकृत असंतोष। ये तीनों प्रकार गतिशील हैं और पूर्व–स्थापित अनुक्रम का पालन नहीं करते हैं, जैसा कि चित्र 1 में दिखाया गया है।

समकालीन लैटिन अमेरिका में असंतोष का परिदृश्य



चित्र 1

> तीन मामलों का विश्लेषण: ब्राजील, कोलंबिया और मैक्सिको

POLDER के अंतर्गत अध्ययन किए गए देशों में उरुग्वे की तरह अर्जेंटीना और ब्राजील वैचारिक ध्रुवीकरण के मामले हैं। कोलंबिया में सामान्य असंतोष है, जैसा कि पेरू और इक्वाडोर में है। नेता के इर्द–गिर्द ध्रुवीकरण के मामले एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर के नेतृत्व में मेक्सिको और नायब बुकेले के नेतृत्व में अल साल्वाडोर के हैं। हम इन परिदृश्यों को स्पष्ट करने के लिए तीन मामलों पर विचार करेंगे।

ब्राजील में, इस सदी के पहले दशक में ध्रुवीकरण की शुरुआत एक ठोस सामाजिक–राजनीतिक गठबंधन के इर्द–गिर्द बने 'वामपंथी मोड़' से हुई, जिसमें वर्कर्स पार्टी (पुर्तगाली में पीटी), यूनियनों और सामाजिक आंदोलनों के बीच गठबंधन शामिल था। सिंगर के अनुसार, पीटी सरकारों ने प्रगतिशील सांस्कृतिक, लैंगिक और मानवाधिकारों के साथ पुनर्वितरण नीतियों को लागू किया। सैमुअल्स और जुको बताते हैं कि जब बोल्सोनारो चुनावी परिदृश्य में उभरे, तो वे बिखरे हुए और विषम मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने में कामयाब रहे, जो पीटी की अस्वीकृति के कारण एक साथ आए थे और जैसा कि सैंटोस और टांसचेट और रेनो ने भी प्रस्तावित किया था, मुख्यधारा के दक्षिणपंथ से उनकी असहमति के कारण, जो लूला और उनकी पार्टी के खिलाफ सांस्कृतिक और आर्थिक अशांति का पूरी तरह से प्रतिनिधित्व नहीं करते थे।

कोलंबिया में, बोटेरो, लोसाडा और विल्स–ओटेरो ने प्रदर्शित किया कि अल्वारो उरीबे 2002 में पारंपरिक पार्टी उम्मीदवारों (लिबरल पार्टी के नेता होने के बावजूद) के लिए एक सत्तावादी विकल्प के रूप में उभरे। 'लोकतांत्रिक सुरक्षा' के ढांचे के भीतर, उन्होंने घरेलू सशस्त्र संघर्ष पर कठोर नीति के आधार पर एक सफल पार्टी ब्रांड का निर्माण किया। शांति समझौते पर 2016 का जनमत संग्रह उच्च डिग्री के चुनावी ध्रुवीकरण और समझौते के विरोधियों और धार्मिक रूढ़िवादियों के रणनीतिक जुड़ाव द्वारा चित्रित था। हालांकि, वोट की गैर–पक्षपातपूर्ण प्रकृति ने मतदाताओं के लिए अलग–अलग एजेंडे तैयार करने की संभावना वाले सामाजिक–राजनीतिक गठबंधनों को मजबूत करने में बाधा डाली। 2018 में, राष्ट्रीय स्तर पर एक वामपंथी चुनावी विकल्प राष्ट्रपति चुनावों के दूसरे दौर में पहुंच गया। 2022 में, इस ताकत ने अपने नेता गुस्तावो पेट्रो को सत्ता में ला खड़ा किया।

पार्टिडो रेवोल्यूशनरियो इंस्टीट्यूशनल ("संस्थागत क्रांतिकारी पार्टी", जिसे पीआरआई के रूप में जाना जाता है) के 70 से अधिक वर्षों के प्रभुत्व के बाद, मेक्सिको ने लोकतांत्रिक उद्घाटन की प्रक्रिया से गुजरते हुए इक्कीसवीं सदी में प्रवेश किया। तीन मुख्य चुनावी ताकतों के साथ एक प्रतिस्पर्धी प्रणाली उभरी: पीआरआई, जिसने बिखरे हुए वैचारिक घटकों के साथ एक कैच–ऑल पार्टी के रूप में अपनी ताकत बनाए रखी; पार्टिडो एक्सियोन नैशनल (पीएन: "नेशनल एक्शन पार्टी"), एक रूढ़िवादी पार्टीय और पार्टिडो रेवोल्यूशनरियो डेमोक्रेटिको (पीआरडी: "रिवोल्यूशनरी डेमोक्रेटिक पार्टी"), एक केंद्र–वाम पार्टी। 2006 के राष्ट्रपति चुनावों के दौरान, पीआरडी, इस बार एक ठोस पुनः–आधारभूत स्वर के साथ एक नए आंदोलन के साथ अवशोषित हो गया: मूविमिएंटो डी रीजेनरैसिओन (मोरेना: "नैशनल रिजनरेशनल मूवमेंट) जिसने पीआरडी के नेताओं और उसके रैंक और फाइल के एक बड़े हिस्से को शामिल कर लिया।

मोरेना के नेता, आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर (जिन्हें एएमएलओ के नाम से भी जाना जाता है), 2018 में राजनीतिक सत्ता और उसके 'विशेषाधिकारों' के खिलाफ विमर्श के साथ राष्ट्रपति बने। 2024 में, उसी पार्टी की क्लाउडिया शाइनबाम, उच्च प्रतिशत वोटों के साथ चुनी गईं।

> राष्ट्रीय परिदृश्य और सामाजिक स्तर पर असंतोष

विभिन्न राष्ट्रीय परिदृश्य सामाजिक स्तर पर असंतोष की संरचना को कैसे प्रभावित करते हैं? हमारे तर्क में, लैटिन अमेरिका में उत्तर–नवउदारवादी राजनीतिक परिदृश्य की केन रॉबर्ट्स की चर्चा के अनुरूप, हम प्रतिनिधित्व के एजेंटों को ऐसे ढांचे प्रदान करने के रूप में देखते हैं जिसके भीतर समाज असंतोष को संगठित करता है। उदाहरण के लिए, ब्राजील के मामले में, केसलर, मिस्कोल्सी और वोमारो दिखाते हैं कि पीटी मतदाताओं की सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर प्रगतिशील स्थिति है। बोल्सोनारो मतदाता दोनों आयामों पर अधिक रूढ़िवादी हैं। राजनीतिक अभिजात वर्ग के प्रति सामान्यीकृत असंतोष के परिदृश्यों में, पार्टियां चुनावी परिदृश्य का आयोजन करती हैं, लेकिन प्रतिनिधित्व की कमजोर एजेंट होती हैं और इसलिए, सामाजिक स्तर पर संघर्ष का आयोजन नहीं करती हैं। कोलंबिया में यही मामला है, जहां केसलर और अन्य दिखाते हैं कि चुनावी वरीयता और वैचारिक स्थिति के मध्य कमजोर सहसंबंध हैं। जब ध्रुवीकृत परिदृश्य किसी नेता पर केंद्रित होता है, तो यह ध्रुवीकरण चुनावी स्तर पर संचालित होता है, लेकिन समाज के प्रमुख एजेंडे के भीतर वरीयताओं और मांगों को व्यवस्थित नहीं करता है। कोलंबिया की तरह, मेक्सिको में भी चुनावी वरीयता और वैचारिक पदों के बीच कमजोर संबंध है।

हमने जो तीन परिदृश्य परिभाषित किए हैं, उनका संघर्ष की संरचना के विभिन्न आयामों पर भी प्रभाव पड़ता है। पहला स्पष्ट प्रभाव सामाजिक स्तर पर एजेंडों के राजनीतिकरण पर पड़ता है। उच्च स्तर के ध्रुवीकरण और राजनीति में अधिक रुचि के बीच एक सहसंबंध है। राय स्पष्ट रूप से वोटों के अनुरूप हैं। ये विचार सामाजिक–राजनीतिक गठबंधनों द्वारा पेश किए गए ढाँचों से संबंधित हैं। ब्राजील में अधिकारों के बारे में अधिक तर्क और भाषा है और व्यक्तिगत मानदंडों पर कम आधारित है। मेक्सिको और ब्राजील दोनों में, राजनीति में अधिक रुचि और राजनीतिक जानकारी का अधिक उपभोग है। दूसरी ओर, कोलंबिया सबसे कम राजनीतिकरण वाला मामला है, जहाँ धार्मिक ढाँचों को अधिक महत्व दिया जाता है और राजनीतिक जानकारी का कम उपभोग किया जाता है।

> >

दूसरा, असंतोष के वैचारिक संरेखण के निहितार्थ हैं। संरेखण के उच्च स्तर का अर्थ है कि एजेंडा पर पदों को व्यवस्थित करने वाले ढांचे वाम–दक्षिणपंथी विभाजन (उनकी राष्ट्रीय विशिष्टताओं के साथ), , जो आम तौर पर मुख्य प्रतिस्पर्धी सामाजिक–राजनीतिक गठबंधनों से जुड़े होते हैं, का पालन करते हैं। ब्राजील में, जहां वैचारिक ध्रुवीकरण है, दो प्रतिस्पर्धी विकल्पों के मतदाताओं के बीच एक वैचारिक सीमा की पहचान की जा सकती है। कोलंबिया में, सामान्यीकृत असंतोष व्याप्त है। अवसरों की कमी और अभिजात वर्ग के नकारात्मक दृष्टिकोण एक असमान क्षेत्र की धारणा उत्पन्न करते हैं: सब कुछ अभिजात वर्ग द्वारा केवल अपने लाभ के लिए स्थापित किया जाता है। असमान क्षेत्र का यह विचार उदासीनता और क्रोध उत्पन्न करता है। मेक्सिको में, महत्वपूर्ण कारक नैतिकता है और मेक्सिको के हाल के इतिहास के नायकों पर सवाल उठाता है, विशेष रूप से भ्रष्टाचार और विशेषाधिकारों के संबंध में।

तीनों परिदृश्यों में भावात्मक ध्रुवीकरण की डिग्री और सामग्री भी अलग–अलग है। ब्राजील वैचारिक ध्रुवीकरण के साथ विरोधी की नैतिक अयोग्यता के उच्चतम स्तरों को प्रदर्शित करता है। इस प्रकार, भावात्मक ध्रुवीकरण वैचारिक संरेखण को प्रतिस्थापित करने के बजाय उन्हें वापस लाता है। कोलंबिया में एक स्पष्ट विपरीतता देखी जा सकती है, जहाँ दूसरे के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण केवल मतदाताओं के छोटे, कट्टर समूहों के बीच ही उभरता है। इस बीच, मेक्सिको में, वैचारिक संरेखण भी बिखरा हुआ है। फिर भी, एएमएलओ या तो समाज के वैचारिक पुनर्व्यवस्था को जन्म दे सकते हैं या लोकलुभावन अंतर्वेशन का कम टिकाऊ अनुभव बन सकते हैं।

> परिदृश्यों और ध्रुवीकृत स्थितियों की संकल्पना

परिदृश्यों की हमारी अवधारणा के गतिशील चरित्र का ध्रुवीकृत स्थितियों पर प्रभाव पड़ता है। ध्रुवीकरण का लोकतांत्रिक जीवन शक्ति पर असमान प्रभाव पड़ता है। यह असंतोष को संगठित करता है और उच्च स्तर का राजनीतिकरण बनाता है, लेकिन यह सामाजिक स्तर पर बहुत अधिक शत्रुता भी उत्पन्न करता है।

उभरते हुए नेता के इर्द–गिर्द ध्रुवीकरण के परिदृश्य सत्तावादी झुकाव के विकास के लिए जगह प्रदान करते हैं। मेक्सिको में ऐसा नहीं हुआ है, जहाँ क्लाउडिया शाइनबाम की अध्यक्षता लोकतंत्र की गहराई को दर्शाती है। हालाँकि, उभरते हुए नेताओं के अन्य मामले जो लंबे समय से चले आ रहे असंतोष को बदलाव की उम्मीद में बदलने का वादा करते हैं, वे उदार लोकतंत्रों के चिंताजनक संकेत हो सकते हैं, जैसा कि अल साल्वाडोर में बुकेले के साथ देखा जा सकता है, या अर्जेंटीना में माइली द्वारा अनिश्चित भविष्य के साथ चरम दक्षिणपंथ की तरफ झुकाव।

अंत में, सामान्यीकृत असंतोष के मामले लैटिन अमेरिका में सबसे आम प्रतीत होते हैं। लोकतंत्र से असंतोष, चुनावों में भागीदारी का निम्न स्तर, और समाज के लिए अपने असंतोष को परिवर्तनकारी कार्रवाई में बदलने में कठिनाई, उच्च राजनीतिक अस्थिरता के परिदृश्य की ओर इशारा करती है जिसमें बदलाव के लिए कोई स्पष्ट क्षितिज नहीं है। ■

सभी पत्राचार गेब्रियल केसलर को <gabokessler@gmail.com> पर प्रेषित करें।

'इस लेख का पूर्व संस्करण द रिव्यू ऑफ डेमोक्रेसी में प्रकाशित हुआ था।

> हैती : एक राज्य का संध्याकाल

जीन–मैरी थियोडैट, PRODIG (भौगोलिक सूचना के संगठन और प्रसार के लिए अनुसंधान केंद्र), यूनिवर्सिटी पेरिस 1 पेंथियन–सोरबोन, फ्रांस द्वारा



श्रेयः यूएसएमसी, 1922, ओपनवर्स पर रिचर्ड, यूएसए द्वारा।

सामान्य तर्क के अनुसार, आतंक दमन का एक साधन है जिसका उपयोग सत्तावादी शक्तियाँ जनता को वश में करने और जनमत पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए करती हैं। आज हैती में, आतंक का इस्तेमाल सत्ता को मजबूत करने के लिए नहीं किया जाता है, बल्कि यह सत्ता की अनुपस्थिति का परिणाम है। वैध हिंसा के एकाधिकार के खत्म होने से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के शाही कार्य का दायित्व भ्रष्ट व्यक्तियों के हाथों में चला गया है। साथ ही, समाज के उत्पीड़ित तबके, जो लंबे समय से सामाजिक और सांस्कृतिक बहिष्कार और धन के असमान वितरण से पीड़ित हैं, को मोहभंग की भावना का सामना करना पड़ रहा है जिसने असामाजिक और हिंसक आंदोलनों को जन्म दिया हैः गिरोह। उनकी मारक क्षमता इतनी है कि राज्य उन्हें हराने में असमर्थ है।

> हत्या, दण्डमुक्ति और भय

7 जुलाई, 2021 को राष्ट्रपति जोवेनेल मोइस की उनकी पत्नी और बच्चों की मौजूदगी में हत्या कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पीड़ित को एक स्वचालित हथियार से गोली मारने से पहले प्रताड़ित किया गया थाः एक व्यक्ति को बारह गोलियां। यह किसी बी मूवी का शीर्षक हो सकता है। हिंसा के इस विस्फोट में यह भयावह बात भी शामिल है कि हत्यारे बिना किसी परेशानी के आसानी से भागने में सफल रहे। जब वे अपने ठिकानों पर लौटे, तभी अपराधियों को पकड़ा गया। जाहिर है, उन्हें अपनी दण्डमुक्ति का इतना भरोसा था कि उन्होंने न अपने हथियार छुपाये और न ही उन्हें गुप्त रखा। वे बिना किसी बाधा के राष्ट्रपति निवास में कैसे घुस गए? यह प्रश्न अपराध के पीछे के मकसद जितना ही महत्वपूर्ण है। हत्यारे राष्ट्रपति के निवास में बिना किसी अलार्म या राज्य के प्रमुख की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार एजेंटों की प्रतिक्रिया के बिना प्रवेश करने और बाहर निकलने में सक्षम थे। यह हत्या माफिया शैली की कार्रवाई थी, जो गवाहों के लिए एक चेतावनी भी थी कि वे कम प्रोफाइल रखें।

> संदिग्ध चुनाव, लगातार झड़पें, तथा कानून–व्यवस्था का बिगड़ना

अपनी हत्या के समय, राष्ट्रपति मोइज पहले से ही एक अप्रिय व्यक्ति थे। 2016 में निर्वाचित, उन्होंने कई अनियमितताओं से चिह्नित एक चुनावी प्रक्रिया के बाद पदभार संभाला, जिससे प्रोविजनल इलेक्टोरल काउंसिल (CEP) को दो बार ड्राइंग बोर्ड पर वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। CEP, जिस पर पेट्रोकारिबे कार्यक्रम के तहत भ्रष्टाचार और सार्वजनिक धन के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था, सरकारी निर्णयों को प्रभावित करना जारी रखता है, और इसे राष्ट्रपति पद के लिए एक स्टैंड–इन के रूप में देखा जाता है। 12 जनवरी, 2010 के भूकंप के बाद राजधानी के पुनर्निर्माण के लिए आवंटित सार्वजनिक धन के उपयोग में जवाबदेही की मांग के लिए छिटपुट प्रदर्शन हुए हैं, जिससे 9 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य का भौतिक नुकसान हुआ और 250,000 से अधिक लोग मारे गए या लापता हो गए।

प्रदर्शन आम तौर पर राजधानी के गरीब इलाकों से शुरू होते हैं और पेटियन–विले के समृद्ध जिलों में फैल जाते हैं, जहां धनी और शक्तिशाली लोग रहते हैं। हालाँकि शुरू में वे शांतिपूर्ण होते हैं, लेकिन विरोध प्रदर्शन अक्सर दुकानों में तोड़फोड़, गोदामों की लूट और अक्सर सड़क विक्रेताओं को निशाना बनाकर की जाने वाली बर्बरता में बदल जाते हैं।

2016 और 2018 के मध्य, पोर्ट–ऑ–प्रिंस ने प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पों का अनुभव किया, जिसके दौरान गोलीबारी के आदान–प्रदान में कई अज्ञात पीड़ित मारे गए। इस बीच, विरोधियों की हत्या के परिणामस्वरूप अपराधियों की गिरफ्तारी या किसी भी प्रकार का मुकदमा नहीं चलता है। राज्य का मुखिया, जो खुद अपने विरोधियों से छुटकारा पाने के लिए बल– शक्ति की रणनीति का समर्थक था, अंततः उस तलवार से मारा जाएगा जिसका इस्तेमाल उसने सड़कों पर प्रदर्शनकारियों को दबाने के लिए किया था। सत्ता जो पूरी तरह से बाहरी घुसपैठियों की सेवाओं पर निर्भर करती है और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी लोकतांत्रिक जनादेश का पालन नहीं करती है, वह गायब होने के लिए अभिशप्त है। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए मिलिशिया और आपराधिक गिरोहों का उपयोग शासन की माफिया शैली की ओर झुकाव को दर्शाता है

> मांग पर दंगे, गिरोह और हत्या

सरकारी कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और देश भर के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों और प्रवेश के बिंदुओं (बंदरगाहों, हवाई अड्डों और सीमा पार) को सुरक्षित करने के लिए, निजी सेवा प्रदाताओं का >>

उपयोग हथियार डीलरों के लिए एक ट्रोजन हॉर्स के रूप में काम करता है, जो 1995 में हैतीयन सेना के भंग होने के बाद से आसानी से घूमने में सक्षम हैं। मार्च 2018 में, ला सलाइन, जो राजधानी के सबसे वंचित इलाकों में से एक है और कई सरकार विरोधी प्रदर्शनों का शुरुआती बिंदु है, में एक नरसंहार हुआ। गिरोह के नेता जिमी चेरीजियर के गुर्गों ने 80 से अधिक लोगों की हत्या कर दी थी। कुछ को काटा गया और ग्रिल किया गया, जिससे चेरिजियर का उपनाम ''बारबेक्यू' सही साबित हुआ, जो उसे तब मिला था जब उसकी माँ शहर के फुटपाथों पर ग्रिल्ड सॉसेज बेचा करती थी।

जुलाई 2018 में, विरोध प्रदर्शन तेज हो गए, और सरकार को दंगों और सड़कों पर बैरिकेडिंग का सामना करना पड़ा। राज्य की सामान्य बदनामी और राजधानी की मुख्य सड़कों की हफ्ते भर की नाकाबंदी के बावजूद, सरकार सत्ता में बनी रही, लेकिन गिरोहों द्व ारा किए गए खूनी दमन की कीमत पर। गरीब इलाकों में, भयावह दृश्य सामने आए। पुलिस के किसी भी हस्तक्षेप के बिना नागरिकों ने खुद को सशस्त्र गिरोहों की दया पर पाया, जिन्होंने हत्या की, बलात्कार किए और घरों में आग लगा दी। 2018 और 2021 के बीच सरकार के विरोधियों की व्यवस्थित तरीके से हत्या की गई, लेकिन अपराधियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। 28 अगस्त, 2020 को मोनफेरियर डोरवल की और 29 जून, 2021 को एंटोनेट डुक्लेयर की हत्या कर दी गई। डोरवल वकील और पोर्ट–ऑ–प्रिंस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष थे, जो एक विशेषज्ञ संविधानवादी थे और उन्होंने जनमत संग्रह द्वारा संविधान में संशोधन करने के राष्ट्रपति के प्रस्ताव की वैधता को चुनौती दी थी। डुक्लेयर सरकार की आलोचना करने वाले पत्रकार थे। दोनों की हत्या ऐसी परिस्थितियों में की गई जो अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह महल के आदेश पर किया गया था।

यही वह पृष्ठभूमि है जिसके खिलाफ राष्ट्रपति जोवेनेल मोइस की हत्या की गई थी। प्रधानमंत्री के रूप में एरियल हेनरी ने बागडोर संभाली, लेकिन उनकी सत्ता को तुरंत उनके पूर्ववर्ती के समर्थकों द्वारा चुनौती दी गई, जिन्हें हत्या से ठीक दो दिन पहले बर्खास्त कर दिया गया था। जुलाई 2021 से फरवरी 2024 में उनके पतन तक, हेनरी की सरकार पोर्ट–ऑ–प्रिंस मेट्रोपॉलिटन एरिया के 80% हिस्से पर 'विव अनसनम' नामक आपराधिक गठबंधन के सशस्त्र गिरोहों, जिनके पास कुल 600,000 से अधिक लड़ाकू हथियार थे, द्वारा कब्जा होते हुए असहाय होकर देखती रही। जिमी चेरीजियर, जो डकैतों के इस गिरोह पर सख्ती से शासन करता है, ने जनवरी 2024 में केंद्र सरकार के खिलाफ अपना पहला हमला किया। अपने कृत्यों को सही ठहराने के लिए, गिरोह का नेता छद्म क्रांतिकारी भाषा का इस्तेमाल करता है। राजधानी के सबसे गरीब इलाकों (बेल एयर, डेलमास, ग्रैंड रेविन, आदि) में कहर बरपाते हुए, डाकू उत्पीड़ितों के रक्षक होने का दावा करते हैं।

> सरदारों का उदय और राष्ट्रपति संक्रमणकालीन परिषद

एक अप्रभावी और भ्रष्ट सरकार के सत्तावादी झुकाव का सामना करते हुए, विपक्ष के एक वर्ग ने प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग करने के लिए फरवरी 2024 का समय चुना। जब प्रदर्शनकारियों को हतोत्साहित करने के लिए कठोर पुलिस हस्तक्षेप विफल हो गया, तो व्यवस्था की ताकतों की सहायता के लिए निजी मिलिशिया को लाया गया। सरकार मिलिशिया को सहायक के रूप में उपयोग करती है जो शिष्टाचार संहिता की तो बात ही दूर है किसी आचार संहिता का भी पालन नहीं करते हैं। मिलिशिया गरीब इलाकों में नरसंहार करते हैं और हताश निवासियों को अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों से बाहर निकाल देते हैं। अब बिना किसी स्वामी के सैनिकों की तरह काम करते हुए, पूर्व गिरोह के नेता शहर के बाहरी इलाकों में अपना खुद का कानून बनाते हुए सरदारों में बदल गए हैं। इजो, लान्मो संजौ, तिलापली, चेन मेचन और बारबेक्यू के नाम प्रमुख सरकारी मंत्रियों के नामों की तरह ही जाने–पहचाने हो गए हैं। इस बीच, सरकार धीरे–धीरे उन गिरोहों पर नियंत्रण खो रही है जिन्हें स्थापित करने में उसने मदद की थी।

गिरोहों ने सत्ता के प्रतीकात्मक केंद्रों पर धावा बोला, जिससे यह आशंका पैदा हुई कि बारबेक्यू राष्ट्रीय महल पर कब्जा कर सकता है। राज्य की अस्थिरता इस हद तक थी कि सशस्त्र डाकुओं ने प्रधानमंत्री को विदेश यात्रा के बाद हैती लौटने से रोक दिया और उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। उनकी हार ने अक्षमता को दूर करने का अवसर देने के अलावा, राज्य की सत्ता के पतन को भी दर्शाया। यह बताता है कि बारबेक्यू अपने सार्वजनिक बयानों में अब 30 अप्रैल, 2024 को स्थापित राष्ट्रपति संक्रमणकालीन परिषद के ढांचे के भीतर सत्ता में प्रत्यक्ष भागीदारी की मांग क्यों कर रहे हैं। उनकी छद्म क्रांतिकारी बयानबाजी कुछ युवाओं के साथ गूंजती है जो राजनीतिक सत्ता के अपराध की ओर बहाव से भ्रमित हो गए हैं।

> राष्ट्र भटक रहा है

मोहभंग की डिग्री असमानता के पैमाने और अत्यधिक धन असमानताओं का समाधान खोजने में कठिनाई के अनुरूप है। हैती की लगभग 20% आबादी के पास राष्ट्रीय संपत्ति का 65% हिस्सा है, जबकि सबसे गरीब 20% के पास केवल 1% हिस्सा है। ऐसा लगता है जैसे क्रांति का समय आ गया था, लेकिन बहुसंख्यकों ने आंदोलन में शामिल होने से इनकार कर दिया, जिससे अल्पसंख्यक कट्टरपंथियों को शब्दों और आग दोनों के साथ एक असमान और निंदक प्रणाली के प्रति अपनी अस्वीकृति व्यक्त करने के लिए छोड़ दिया गया। उपनगरों से आए कामकाजी लोग, जो अपने दैनिक जीवन में बहुत व्यस्त हैं, के पास प्रदर्शनों के लिए समय नहीं है। निर्वासन के कारण बहुत कम बचे मध्यम वर्ग (85% मास्टर डिग्री या उच्च डिग्री वाले लोग देश से बाहर रहते हैं) भी उग्र भीड़ द्वारा की गई हिंसा के डर से विरोध प्रदर्शनों में शामिल नहीं हुआ है।

सामाजिक पिरामिड के शीर्ष पर अपनी व्यवस्थागत अनिश्चितता की स्थिति से, जो अपने आधार पर खतरनाक रूप से फूली हुई है, कुलीनतंत्र को एक अंडरवर्ल्ड के साथ भ्रमित किया जा रहा है, जिसके साथ यह अस्तित्व में बने रहने के लिए जुड़ता है। कई व्यवसायी और राजनेता (जिनमें सीनेटर और डिप्टी शामिल हैं) सभी प्रकार की तस्करी में शामिल हैं। चाहे डोमिनिकन गणराज्य के साथ भूमि सीमा हो, जमैका के साथ समुद्री सीमा हो, या महाद्वीपीय कैरिबियन राज्यों (फ्लोरिडा, कोलंबिया, पनामा) के साथ हवाई सीमा हो, हैती अवैध हथियारों और नशीली दवाओं की अर्थव्यवस्था से जुड़े एक नेटवर्क के केंद्र में है। यह नेटवर्क हैती के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक ताने–बाने में इतनी जड़ें जमा चुका है कि इसने सार्वजनिक क्षेत्र को भी संक्रमित कर दिया है।

> आना–जाना और बाहर रहना

1994 में निर्वासन से लौटने पर राष्ट्रपति जीन–बर्ट्रेंड एरिस्टाइड द्वारा हैती के सशस्त्र बलों को भंग कर दिया गया था। हिंसा में वृद्धि से चिह्नित एक दशक के बाद, देश ने संयुक्त राष्ट्र मिशन की उपस्थिति के कारण 2004 और 2017 के बीच अपेक्षाकृत शांति की अवधि का आनंद लिया। 10,000 से अधिक सैनिकों और पुलिस अधिकारियों के साथ MINUSTAH ने राजधानी के सबसे अशांत जिलों को शांत करने में योगदान दिया, लेकिन अक्सर खूनी कीमत पर। ब्राजील की सैन्य पुलिस द्वारा किए गए 'शांति स्थापन' ने विशेष रूप से यादों और दीवारों पर अपनी छाप छोड़ी है। कहा जाता है

>>

कि संयुक्त राज्य अमेरिका में वीजा–मुक्त प्रवास के लिए अमेरिकी सरकार द्वारा अस्थायी रूप से दी जाने वाली सुविधाओं से आकर्षित कर्मियों के दलबदल के कारण राष्ट्रीय पुलिस, जो 2018 में केवल 10,000 सेवारत अधिकारियों पर भरोसा कर सकती थी, अब केवल 7,000 रह गई है।

कथित तौर पर पोर्ट–ऑ–प्रिंस मेट्रोपॉलिटन एरिया में कई सौ गिरोह हैं। फरवरी 2024 में, उन्होंने जिमी चेरिजियर (उर्फ बारबेक्यू) के नेतृत्व में विव एंसनम के बैनर तले संघ बनाया और जैसा कि मैंने कहा, सत्ता की सीटों पर धावा बोल दिया। राष्ट्रीय दंडात्मक जेल पर हमला करने के बाद, लंबी जेल की सजा काट रहे अपराधियों सहित कई हजार कैदियों को छुड़ाने के बाद, उन्होंने स्कूलों, पुलिस स्टेशनों, चर्चों, पुस्तकालयों और मंदिरों पर हमला किया। वे महल की सीढ़ियों पर रुक गए, क्योंकि राजधानी में सत्ता का केंद्र, चौंप डे मार्स, सचमुच और लाक्षणिक रूप से युद्ध का मैदान बन गया।

'बाहरी देश' (यानी, प्रांत) गिरोह हिंसा से अपेक्षाकृत अछूते हैं। राजधानी के विपरीत, जहाँ किसी का ध्यान नहीं जाना आसान है, प्रांतों में, पड़ोस की सतर्कता कुछ असामाजिक प्रवृत्तियों की अभिव्यक्ति के लिए एक बाधा बनी हुई है और अपराध को एक शत्रुतापूर्ण प्रजनन भूमि मिलती है क्योंकि सामुदायिक एकजुटता अभी भी घुसपैठियों के खिलाफ काम करती है।

झुग्गी–झोपड़ियाँ कानूनविहीन क्षेत्र बन गई हैं, जहाँ लूटपाट, चोरी और बलात्कार आम बात हो गई है। शहरी पलायन ने इन इलाकों को उनके निवासियों से खाली कर दिया है, जो प्रांतों में शरण लेना चाहते हैं।

अधिक समृद्ध पड़ोस प्रभावित नहीं हुए हैं, लेकिन धनी लोग अब भी सतर्क हैं: वे बंधक बनाने वालों के निशाने पर हैं, जो मुख्य सड़कों पर उनकी घात में बैठे रहते हैं।

इस संदर्भ में, कोई भी देश हैती को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार नहीं दिखता है, क्योंकि उसे डर है कि कहीं वह हिंसा के भंवर में न फंस जाए जो देश को अपनी चपेट में ले रहा है। डोमिनिकन, जो सबसे सीधे तौर पर खतरे में हैं, 370 किलोमीटर से थोड़ी ज़्यादा लंबी सीमा पर 160 किलोमीटर से ज़्यादा लंबी दीवार बना रहे हैं। क्यूबा के लोग इस तस्वीर से बाहर हैं, क्योंकि 1962 से उनके देश पर अमेरिकी प्रतिबंध लगा हुआ है। संयुक्त राज्य अमेरिका– स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने की स्थिति में एकमात्र देश– फ्लोरिडा से देश में पहुंचने वाले हथियारों की तस्करी को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रहा है। जैसा कि मैंने कहा है, हैती में कथित तौर पर 600,000 से ज़्यादा लड़ाकू हथियार प्रचलन में हैं। इसके बजाय अमेरिका ने शांति मिशन का नेतृत्व करने के लिए केन्या को बुलाने का विकल्प चुना, जिसे सुरक्षा परिषद की आम सहमति की कमी के कारण संयुक्त राष्ट्र अब नहीं संभाल सकता।

वैश्विक अपराध के समक्ष, हैती लोकतंत्रीकरण की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। माफिया जैसे नेटवर्क और आपराधिक संगठनों से निपटने के लिए देश को अकेला छोड़ दिया गया है, जिनकी फ्लोरिडा, दक्षिण अमेरिका और हिस्पानियोला द्वीप पर मजबूत पकड़ है। उनके पास वित्तीय और मानव संसाधन जुटाने की क्षमता भी है, जिसकी राज्य में कमी है।

> मोहभंग एकांत

जोवेनेल मोइसे के कार्यकाल के अंत में छिटपुट अशांति के पीछे संरचनात्मक दुख में फंसी आबादी की गहरी हताशा है। एक तिहाई से अधिक आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहती है। प्रवासी समुदाय से प्रति वर्ष 4 बिलियन डॉलर की प्रेषण राशि भेजी जाती है, जिससे सबसे बुनियादी खाद्य जरूरतें पूरी होती हैं, लेकिन देश आधिकारिक विकास सहायता के बिना पर्याप्त वस्तुओं या सेवाओं का उत्पादन नहीं करता है, जो सरकार के बजट का एक तिहाई हिस्सा है। प्रवासी प्रेषण और मित्र देशों से बजटीय सहायता के इस दोहरे प्रवाह के कारण राज्य जीवित है, लेकिन ऐसे समय में जब अंतरराष्ट्रीय दाताओं के पास अन्य प्राथमिकताएँ हैं, तो इसका भाग्य उज्ज्वल नहीं दिखता है।

2010–2020 की अवधि में बढ़ी हुई मुद्रास्फीति और इसके परिणामस्वरूप सबसे गरीब लोगों की क्रय शक्ति में कमी ने सबसे कमजोर लोगों को सड़कों पर ला दिया है। शिक्षा और भविष्य की संभावनाओं से वंचित सीटे सोलेल, कनान, पेर्नियर और कैरेफोर के वंचित इलाकों के युवा लोग कट्टरपंथी राजनेताओं के शिकार बन गए हैं जो उन्हें सबसे हिंसक प्रदर्शनों में मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करते हैं, और उन गिरोहों के शिकार बन गए हैं जो उन्हें हिंसा के सबसे क्रूर कृत्यों को करने के लिए भर्ती करते हैं।

वर्ग संघर्ष की द्वंद्वात्मकता में, क्षेत्रीय स्तर पर, हाशिए पर पड़े लोगों ने लड़ाई जीत ली है। राजधानी के सबसे गरीब इलाकों पर पहले से ही नियंत्रण रखने वाले गुंडों ने शहर के केंद्र और प्रांतों के मुख्य यातायात मार्गों पर अपना कब्जा जमा लिया है, जो पोर्ट–ऑ–प्रिंस महानगर क्षेत्र के 85% से अधिक हिस्से को कवर करता है। राज्य का पतन इसी आपराधिक तर्क का परिणाम है। चरम सीमा पर ले जाकर, गिरोहों द्वारा सोशल नेटवर्क पर किए गए आतंक और मंचन ने हैती में कानून के शासन को ध्वस्त कर दिया है। ■

सभी पत्राचार जीन–मैरी थियोडैट को <Jean-Marie.Theodat@univ-paris1.fr> पर प्रेषित करें।

> अमेरिका में 'हरित' निष्कर्षण से संबंधित संघर्षों का मानचित्रण

मारियाना वाल्टर, इंस्टीट्यूट बार्सिलोना डी'एस्टुडिस इंटरनेशियल्स (आईबीईआई), स्पेन और ग्लोबल एटलस ऑफ एनवायर्नमेंटल जस्टिस (ईजेएटलस), **यानिक डेनियाउ**, जियोकोम्यून्स, मैक्सिको और **विवियाना हेरेरा वर्गास**, माइनिंग वॉच कनाडा, कनाडा द्वारा

हाल ही में प्रकाशित एक लेख में हमने एक मानचित्रण प्रक्रिया की जांच की जिसे ग्लोबल एटलस ऑफ एनवायर्नमेंटल जस्टिस (ईजेएटलस), माइनिंग वॉच कनाडा, प्रभावित समुदायों और सामाजिक संगठनों के शोधकर्ताओं द्वारा सह–निर्मित किया गया था। इसका उद्देश्य यह दस्तावेज करना है कि हरित विकास और संबंधित ऊर्जा और डिजिटल संक्रमण के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले धातुओं और खनिजों का निष्कर्षण कैसे विस्तारित हो रहा है और अमेरिकास में प्रभाव और प्रतिरोध पैदा कर रहा है। यह शोधपत्र 'हरित' निष्कर्षण सीमाओं के विस्तार की राजनीति को आकार देने वाले कुछ तंत्रों और विमर्शों की जांच करता है और पता लगाता है कि कैसे ऐसी प्रक्रियाएं वैश्वीकरण और डी–ग्लोबलाइजेशन ('ऑनशोरिंग' या 'रीशोरिंग') गतिशीलता दोनों में तनाव ला रही हैं।

हमने अमेरिकास में फैले हुए नौ देशः अर्जेंटीना, बोलीविया, चिली, पेरू, इक्वाडोर, पनामा, मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में लिथियम, कॉपर और ग्रेफाइट निष्कर्षण से संबंधित 25 वृहद पैमाने पर खनन संघर्षों का दस्तावेजीकरण किया हैं। 30 से अधिक संगठनों और एक दर्जन शोधकर्ताओं ने उस सहयोगात्मक प्रयास में योगदान दिया। सभी प्रतिभागी केस स्टोरीज को सह–निर्मित करने और पर्यावरण न्याय के वैश्विक एटलस के भीतर एक विशेष मानचित्र विकसित करने के लिए अलग–अलग ज्ञान, अनुभव और कौशल लाए।

प्रतिरोध आंदोलनों का प्रलेखित स्थान

> एक निष्कर्षवादी संक्रमण

2020 में, विश्व बैंक ने अनुमान लगाया कि अगले 30 वर्षों में, वैश्विक ऊर्जा संक्रमण को आगे बढ़ाने और 2 डिग्री सेल्सियस से अधिक वैश्विक तापमान में वृद्धि से बचने के लिए 3 बिलियन टन खनिजों और धातुओं को निकालना आवश्यक होगा। तांबा, ग्रेफाइट, निकल, जस्ता, क्रोमियम, मैंगनीज, लिथियम, कोबाल्ट या दुर्लभ पृथ्वी जैसे धातुओं और खनिजों की मांग वर्तमान में बिजली ग्रिड, इलेक्ट्रिक वाहन, सौर और पवन ऊर्जा, बैटरी आदि जैसी प्रौद्योगिकियों और बुनियादी ढांचे के विकास की आपूर्ति के लिए तेजी से बढ़ रही है। प्राधान्य ऊर्जा और डिजिटल संक्रमण परिदृश्यों को अत्यधिक विविध धातुओं और खनिजों की अभूतपूर्व मात्रा को निकालने की तात्कालिकता से चिह्नित किया जाता है।

सरकारों और निजी क्षेत्र के कर्त्ताओं द्वारा धातुओं और खनिजों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ–साथ उनकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए प्रदर्शित की गई तत्परता निष्कर्षण सीमाओं के निरंतर विस्तार को तेज कर रही है, वैश्विक दक्षिण में निष्कर्षण दबावों को बढ़ा रही है और प्रतिरोध को बढ़ावा दे रही है और साथ ही औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में निष्कर्षण संघर्षों को बढ़ावा दे रही है। निष्कर्षण तनाव विशेष रूप से अमेरिकास में प्रासंगिक हैं: जैसा कि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा प्रलेखित किया गया है, महाद्वीप जिनमें तांबे, लिथियम, दुर्लभ पृथ्वी, निकल और ग्रेफाइट के ज्ञात वैश्विक भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दोनों मिलाकर, ये दोनों महाद्वीप पहले से ही तांबे और लिथियम के बड़े हिस्से को निकालते हैं, साथ ही अन्य महत्वपूर्ण सामग्रियों को भी निकालते हैं। पिछले कुछ दशकों से, लैटिन अमेरिका दुनिया भर में खनन निवेश के लगभग एक तिहाई का गंतव्य रहा है।

> डीकार्बोनाइजेशन पर सर्वसम्मति

यह डीकार्बोनाइजेशन और ऊर्जा सुरक्षा की ओर ले जाने वाले मुख्य वैश्विक ऊर्जा संक्रमण मार्ग हैं जो इस नए वैश्विक कमोडिटी बूम को आगे बढ़ा रहे हैं। ब्रेनो ब्रिंगल और मैरिस्टेला स्वैम्पा ने जीवाश्म ईंधन से कम कार्बन प्रौद्योगिकियों पर आधारित कम कार्बन उत्सर्जन अर्थव्यवस्था में संक्रमण के लिए उभरते पूंजीवादी समझौते को तैयार करने के लिए 'डीकार्बोनाइजेशन सर्वसम्मति' की अवधारणा का प्रस्ताव दिया है। उनका तर्क है कि यह सर्वसम्मति

स्रोतः वाई. डेनियू द्वारा तैयार।
नोटः यह आंकड़ा 25 मामलों को दर्शाता है, जिसमें दस्तावेजीकरण किया गया है और इसमें वस्तुएं भी शामिल हैं। ग्रे डॉट्स ईजेएटलस में मैप किए गए संक्रमण धातुओं और खनिजों से संबंधित अन्य प्रतिरोध आंदोलनों को दर्शाते हैं, जो इस मैपिंग प्रयास का हिस्सा नहीं थे।

> >

श्रेयरू मैथियस रिब्स, @o.ribs, 2021

इस चर्चा पर आधारित है कि वैश्विक ताप और जलवायु संकट को संबोधित करने के लिए, डिजिटलीकरण के साथ–साथ उत्पादन और खपत के विद्युतीकरण पर आधारित संक्रमण की आवश्यकता है। फिर भी, जलवायु और सामाजिक–पारिस्थितिक संकट को संबोधित करने के बजाय, यह सर्वसम्मति इसमें योगदान देती है, सामाजिक–पारिस्थितिक असमानताओं को बढ़ाती है, आम संसाधनों के दोहन को बढ़ावा देती है और प्रकृति के वस्तुकरण को कायम रखती है। वास्तव में, जैसा कि विभिन्न कार्यकर्ताओं और विद्वानों (जैसे लैंग, हैमौचेन, सैंडवेल, ब्रिंगल और स्वैम्पा) ने बताया है, यह प्रक्रिया ऊर्जा उपनिवेशवाद को बढ़ा रही है और वैश्विक दक्षिण में पर्यावरणीय बेदखली का एक नया चरण खोल रही है।

'हरित निष्कर्षणवाद' की अवधारणा विरोधाभास को ढाँचे में ढालने के लिए प्रस्तावित की गई थी, जिसके तहत औपनिवेशिक विरासतों से भरे निष्कर्षण और संचय के पर्यावरणीय रूप से विनाशकारी रूप को पारिस्थितिक और जलवायु संकट के समाधान के रूप में बढ़ावा दिया जाता है (वॉस्कोबॉयनिक और एंड्रीउची, या जोग्राफोस और रॉबिन्स देखें)। स्वदेशी लोगों और उनके क्षेत्रों, जैव विविधता और वनों की कटाई के जोखिमों और दुनिया भर में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर ऊर्जा और डिजिटल संक्रमण से संबंधित निष्कर्षण गतिविधियों के प्रभावों के बढ़ते सबूत हैं।

> बदलती भू–राजनीति और (वि)वैश्वीकरण

हरित विकास एजेंडा और उनके परिवर्तनों की आपूर्ति के लिए 'हरित' निष्कर्षण सीमाओं के वर्तमान विस्तार पर विचार करते समय– परस्पर संबंधित प्रक्रियाओं को अभिसरण के रूप में देखा जा सकता है। कोविड–19 महामारी और यूक्रेन पर रूसी आक्रमण ने महत्वपूर्ण सामग्रियों और ऊर्जा प्रावधान के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं पर नियंत्रण सुरक्षित करने की आवश्यकता के बारे में चिंताओं को बढ़ा दिया है। इसके अलावा, कोविड–19 ने विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में एक गंभीर मंदी और सार्वजनिक ऋण में भी योगदान दिया है, जहां निष्कर्षण नीतियों को मजबूत किया गया है। वास्तव में, सामाजिक संगठनों ने इस तथ्य की निंदा की है कि सरकारों और कंपनियों ने निष्कर्षण गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए कोविड–19 का इस्तेमाल किया, जिससे समुदायों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया और पर्याप्त भागीदारी या परामर्श के बिना और प्रभावी सार्वजनिक विरोध की संभावना के बिना विवादित परियोजनाओं को मंजूरी देने में तेजी आई।

यूरोपीय संघ, कनाडा और अमेरिका द्वारा किए गए महत्वपूर्ण सामग्रियों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के संबंध में निर्भरता और कमजोरियों के विभिन्न आकलन धातुओं और खनिजों की मांग में अभूतपूर्व वृद्धि की चुनौतियों की ओर इशारा करते हैं, साथ ही संसाधनों के एक ही पूल को सुरक्षित करने के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धा भी। इस तरह के आकलन कुछ सामग्रियों तक पहुँचने के लिए तीसरे देशों (विशेष रूप से चीन) पर भारी निर्भरता का भी संकेत देते हैं। महत्वपूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए विभिन्न घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय रणनीतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अलावा, सरकारें और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएँ इस बात पर प्रकाश डालती हैं कि महत्वपूर्ण सामग्रियों की पूर्वानुमानित मांग में अभूतपूर्व वृद्धि का जवाब देने के लिए खदानों का विकास इतनी तेजी से नहीं हो रहा है, प्रतिक्रिया के रूप में, फास्ट–ट्रैक परमिट और समीक्षा प्रक्रियाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।

> >

महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के उद्देश्य से, विभिन्न देशों द्वारा कई अंतर्राष्ट्रीय उपकरण विकसित किए जा रहे हैं। चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (ठत्ए) के तहत लैटिन अमेरिका सहित दुनिया भर में महत्वपूर्ण धातु और खनिज खनन में अभूतपूर्व मात्रा में निवेश किया जा रहा है। यूरोपीय संघ के अंतर्राष्ट्रीय उपकरणों में कच्चे माल से संबंधित रणनीतिक साझेदारी, विशेष ऊर्जा और कच्चे माल अध्यायों के साथ मुक्त व्यापार समझौते या ग्लोबल गेटवे शामिल हैं। वर्तमान में इस तरह के समझौते चिली, अर्जेंटीना, मैक्सिको और कनाडा सहित अन्य देशों के साथ विकसित किए जा रहे हैं।

इन तरीकों से, देश आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों, भू–राजनीतिक तनावों और सैन्य लक्ष्यों सहित ऊर्जा और आर्थिक सुरक्षा आकांक्षाओं का जवाब देने के लिए सामग्रियों की एक विस्तृत श्रृंखला को नियंत्रित करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। यह प्रतिस्पर्धा संरक्षणवाद और संसाधन राष्ट्रवाद को बढ़ा रही है। इसके अलावा, आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने की तात्कालिकता औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं के बाहर और अंदर, पुरानी और नई दोनों जगहों पर निष्कर्षण (और प्रसंस्करण) गतिविधियों के विस्तार को तेज कर रही है। उन देशों में खनन को पुनर्जीवित किया जा रहा है जिन्होंने इन गतिविधियों को विस्थापित कर दिया था। हालाँकि, इससे जुड़े प्रभाव और प्रतिरोध वैश्वीकरण (जैसे, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और विवाद में वृद्धि) और विवैश्वीकरण (ऑनशोरिंग) गतिशीलता दोनों पर तनाव बढ़ा रहे हैं, इस प्रकार वर्तमान विकास और उपभोग प्रवृत्तियों की सीमाओं के साथ–साथ वैश्वीकरण के एक नए चरण की संभावित सीमाओं को उजागर कर रहे हैं।

> ''हरित'' निष्कर्षण सीमा विस्तार के विमर्श और तंत्र का मानचित्रण

हम जिस मानचित्रण प्रक्रिया से यहाँ संबंधित हैं, उसने कुछ ऐसे तंत्रों का दस्तावेजीकरण किया है जो 'हरित' निष्कर्षण सीमाओं के विस्तार को आकार दे रहे हैं। विचाराधीन मामलों में, सरकारें , विकास संस्थान और निगम महत्वपूर्ण सामग्री निष्कर्षण परियोजनाओं को सकारात्मक और जरूरी स्थानीय, राष्ट्रीय (विकास, हरित संक्रमण या सुरक्षा) और वैश्विक (जलवायु और मानव मुक्ति, शमन या स्थिरता) लक्ष्यों के रूप में देखते हैं। ऐसे विमर्श खनन के प्रति प्रतिरोध को स्वार्थी, गैर–जिम्मेदार या अज्ञानतापूर्ण बताते हैं।

हालांकि, प्रति–विमर्श भी मुख्यधारा के विमर्शों का सामना करते हैं और उन्हें नष्ट करते हैं, असमान शक्ति संबंधों और सामाजिक–पर्यावरणीय अन्याय को चुनौती देते हैं। सामाजिक–पर्यावरणीय आंदोलन और स्वदेशी समुदाय दावा करते हैं कि उनके क्षेत्रों को बलि क्षेत्रों में बदल दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कमजोरियाँ बढ़ रही हैं और संवेदनशील और कम ज्ञात पारिस्थितिकी तंत्र, जल स्रोतों और सांस्कृतिक विरासत स्थलों पर प्रभाव पड़ रहा है। जबकि वैश्विक दक्षिण में स्थानीय प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अपराधीकरण और हिंसा बार–बार होती है, अपर्याप्त और खराब निर्णय लेने और भागीदारी प्रक्रियाओं के आरोप पूरे अमेरिकास में होते हैं। कनाडा और अमेरिका में, तेज गति से चलने वाली अनुमति प्रक्रियाएँ अशांति को बढ़ावा देती हैं।

हालांकि यह कोई प्रतिनिधित्वपूर्ण निदर्शन नहीं है, लेकिन मैप किए गए 25 खनन संघर्षों में से 20 स्वदेशी लोगों को प्रभावित करते हैं। इसमें कनाडा और अमेरिका में दर्ज छह मामलों में से चार शामिल हैं, जो ज्यादातर नई परियोजनाएं हैं। स्वदेशी लोग औपनिवेशिक प्रतिमानों की निंदा करते हैं जो 'हरित' निष्कर्षण सीमाओं के विस्तार को आकार दे रहे हैं, शरीर और क्षेत्रों का बलिदान करते हुए मानवता की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को बचाने के बजाय उसे खतरे में डाल रहे हैं।

कई प्रलेखित मामले अमेरिकास में निष्कर्षण सीमाओं और सामाजिक–पारिस्थितिक तनावों के विस्तार को दर्शाते हैं। कई क्षेत्र, जो पहले से ही लंबे समय से और तीव्र सामाजिक–पर्यावरणीय दबावों के अधीन हैं, प्रभावों और संघर्षों की तीव्रता का अनुभव कर रहे हैं, जिससे बोझ का अन्यायपूर्ण वितरण गहरा हो रहा है। अंडालगाला (अर्जेंटीना) में, अल्गारोबो असेंबली अगुआ रिका और ला अलुम्बेरा (MARA) तांबा और मोलिब्डेनम परियोजना के विकास का विरोध करती है। मुख्य रूप से समुदाय जल स्रोतों और हिमनदीय और पेरिग्लेशियल वातावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में चिंतित हैं। ये चिंताएँ अलुम्बेरा खदान के साथ नकारात्मक अनुभवों से उपजी हैं, जो बीस वर्षों तक संचालित रही, जिससे पर्यावरणीय गिरावट, जल प्रदूषण और कृषि भूमि में कमी आई। अलुम्बेरा परियोजना का उद्देश्य 35 किलोमीटर दूर स्थित अगुआ रिका से संसाधनों को संसाधित करना है। हालाँकि, यह क्षेत्र पहले से ही पानी की गंभीर कमी का सामना कर रहा है, जिसके कारण बार–बार पानी, पर्यावरण और कृषि आपातकाल की घोषणा की जा रही है। एल्गारोबो असेंबली ने इस बात की निंदा की है कि कंपनी प्रतिदिन 300 मिलियन लीटर पानी की खपत करेगीः 12,600 स्थानीय निवासियों द्वारा उपयोग की जाने वाली मात्रा से छह गुना अधिक। बीस साल पुराने प्रतिरोध आंदोलन को हिंसा और अपराधीकरण का सामना करना पड़ा है। कनाडा में, उत्तरी अमेरिकी लिथियम (एनएएल) परियोजना का विरोध करने वाले समुदाय मौजूदा प्रभावों और अपर्याप्त जल विज्ञान अध्ययनों के आधिकारिक साक्ष्य का हवाला देते हैं। चुम्बिविलकास (पेरू) में, स्वदेशी समुदाय ला कॉन्स्टैंसिया कॉपर खदान से गंभीर पर्यावरणीय और जल प्रभावों की रिपोर्ट करते हैं। इसी तरह, चिली में, स्वदेशी लोगों सहित समूह पुंटा नेग्रा साल्ट फ्लैट के भूमिगत जलभृत को निरंतर, स्थायी, संचयी और अपूरणीय क्षति पहुंचाने के लिए ला एस्कोन्डिडा खदान की निंदा करते हैं।

लिथियम निष्कर्षण का विरोध करने वाले समूहों का तर्क है कि पर्यावरण आकलन और निर्णय लेने की प्रक्रियाएँ विभिन्न खनन परियोजनाओं के संचयी प्रभावों को अपर्याप्त रूप से ध्यान में रखती हैं। अर्जेंटीना में, फुंडासिओन युचन ने होम्ब्रे मुएर्टो साल्ट फ्लैट में कई लिथियम ब्राइन परियोजनाओं को दिखाने वाला एक मानचित्र विकसित किया। इस मानचित्र का उद्देश्य व्यक्तिगत परियोजनाओं से ध्यान हटाकर क्षेत्रीय दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करना था, जो जल प्रणालियों पर समग्र दबाव को उजागर करता है – एक ऐसा पहलू जो वे दावा करते हैं कि औपचारिक आकलन में अनुपस्थित है। यह व्यापक दृष्टिकोण मार्च 2024 में नए लिथियम खनन लाइसेंस को रोकने के लिए अदालत का फैसला प्राप्त करने में महत्वपूर्ण था। समुदायों ने तर्क दिया कि पानी की उपलब्धता पर चल रहे प्रभावों के सबूतों के बावजूद, जहाँ नदियाँ और पारिस्थितिकी तंत्र सूख जाते हैं, जानवर पलायन करते हैं या मर जाते हैं, और आजीविका बाधित होती है, नई और विस्तारित लिथियम खदानों के लिए परमिट दिए जाते रहे।

इस शोध पत्र को प्रेरित करने वाले सह–निर्मित मानचित्रण का उद्देश्य विश्लेषण को स्केलर लेंस से दूर ले जाना, तथा निष्कर्षण सीमाओं के स्थानीय और महाद्वीपीय विस्तार की जांच करना, साथ ही स्थानीय और समग्र प्रभावों, निहितार्थों और परिणामी प्रतिरोध की जांच करना है।

> अंतिम टिप्पणी

पारिस्थितिक क्षरण ने व्यापक ध्यान आकर्षित किया है, फिर भी 'हरित' निष्कर्षण के विस्तार के लिए जमीनी स्तर पर सामाजिक

> >

प्रतिरोध के महत्व को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। विशेषज्ञों का तर्क है कि जैसे–जैसे हम महत्वपूर्ण खनिज और धातु की कमी के परिदृश्यों के करीब पहुँचते हैं, पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन संबंधी कारक आने वाले दशकों में धातु और खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए प्राथमिक जोखिम पैदा करने की संभावना रखते हैं, जो प्रत्यक्ष भंडार की कमी से भी आगे निकल जाते हैं। वास्तव में, जबकि स्थानीय समुदाय और सामाजिक–पर्यावरणीय संगठन वैश्विक स्तर पर निष्कर्षण सीमाओं के विस्तार का विरोध करते हैं, सरकारें और वित्तीय संस्थान सामाजिक–पर्यावरणीय प्रभावों और खनन के प्रतिरोध से हरित विकास और संक्रमण एजेंडा के लिए उत्पन्न चुनौतियों के बारे में चिंता करते हैं। संघर्ष दुनिया भर में निष्कर्षण परियोजनाओं में देरी कर रहे हैं और उन्हें रोक रहे हैं, जिससे लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है, और जिसमें देरी के कारण उत्पादकता का नुकसान भी शामिल है, जो हजारों से लेकर लाखों डॉलर तक हो सकता है। बड़े पैमाने पर सामाजिक लामबंदी ने स्पेन, सर्बिया, पनामा और अर्जेंटीना सहित कई देशों में खनन परियोजनाओं को रद्द करने के लिए मजबूर किया है। राजनीतिक दांव भी ऊंचे हैं: 2023 में, पुर्तगाल में लिथियम खनन विकास में भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण प्रधान मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा।

इसके अलावा, जहाँ इस आलेख ने निष्कर्षण पर ध्यान केंद्रित किया है, प्रसंस्करण, परिवहन, निपटान/रीसाइक्लिंग और कम कार्बन ऊर्जा उत्पादन (जैसे, सौर और पवन ऊर्जा) और बुनियादी ढांचे सहित पूरी आपूर्ति श्रृंखलाओं में तनाव उभर रहे हैं। हरित विकास परिदृश्यों द्वारा संचालित अभूतपूर्व भौतिक निष्कर्षण और उपभोग दबाव 'हरित' निष्कर्षण सीमाओं (और आपूर्ति श्रृंखलाओं) को अज्ञात क्षेत्र में धकेल रहे हैं। इसमें निष्कर्षण का एक नया पैमाना और त्वरण, प्रभावों के बारे में अनिश्चितता और वैश्विक दक्षिण और औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं दोनों में गहरे समुद्र या अंतरिक्ष जैसे नए सीमाओं की खोज शामिल है। जैसा कि हमने देखा है, यह प्रक्रिया पारिस्थितिक संकटों को गहरा कर रही है और प्रतिरोध को प्रोत्साहित कर रही है, कुछ क्षेत्रों में विस्तार को रोक रही है और 'हरित' निष्कर्षण विस्तार की राजनीति को आकार दे रही है। यह प्रतिरोध वैश्वीकरण और पुनर्स्थापन गतिशीलता में तनाव पैदा कर रहा है, जो न केवल विकास और उपभोग की सीमाओं को उजागर करता है, बल्कि वैश्वीकरण के एक नए चरण पर संभावित बाधाओं को भी उजागर करता है। ■

सभी पत्राचार मारियाना वाल्टर को <marianawalter2002@gmail.com> पर प्रेषित करें।

'इस पाठ का एक लंबा संस्करण 26 दिसंबर, 2024 को क्रिटिकल सोशियोलॉजी में प्रकाशित हुआ था।

> लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्रीय संघों का संक्षिप्त मानचित्रण

मिगुएल सेर्ना, यूनिवर्सिडैड डे ला रिपब्लिका, उरुग्वे द्वारा

हाल के दशकों में, समाज में विभिन्न क्षेत्रों और भूमिकाओं में स्नातकों की संख्या और गुणवत्ता के संदर्भ में समाजशास्त्र एक पेशे के रूप में विस्तारित हुआ है। आवर्ती आर्थिक संकटों या संरचनात्मक असमानताओं के बने रहने के कारण सामाजिक प्रश्न का विस्तार जिसने सामाजिक ताने–बाने को खंडित कर दिया है, साथ ही नए सामाजिक कर्त्ताओं के उद्भव ने सामाजिक शोध की नई माँगों को जन्म दिया है। यह आलेख समाजशास्त्रीय संघों, उनकी विशेषताओं और विकास के तुलनात्मक विश्लेषण के माध्यम से लैटिन अमेरिका में समाजशास्त्र के शैक्षणिक से व्यावसायिक क्षेत्र में विकास को क्षेत्र में संबोधित करता है।

> एक अस्थिर शुरुआत

लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्र का संस्थागतकरण कठिन साबित हुआ और यह विभिन्न तनावों से चिन्हित था। इनमें सामाजिक शोध को बढ़ावा देने, अकादमिक स्वायत्तता की आवश्यकता, सार्वजनिक प्रतिबद्धता और वैज्ञानिक जीवन के अंतर्राष्ट्रीयकरण से संबंधित संदेह शामिल थे।

शैक्षणिक विकास की पहल बीसवीं सदी के मध्य से चली आ रही है, जिसमें विभिन्न संस्थागत बाधाओं, विविध लय, प्रगति और असफलताओं के साथ घुमावदार रास्ते हैं। लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्रियों ने एक पारंपरिक विश्वविद्यालय ढांचे में अपना कार्य शुरू किया, जिसमे परंपरागत उदारवृत्ति वाले व्यवसायों के गठन के लिए उन्मुख विश्वविद्यालयों के एक आधारभूत मैट्रिक्स का प्रभुत्व था। ब्राजील ने एक अलग प्रक्षेपवक्र प्रदर्शित किया, जिसमें बाद में विश्वविद्यालय विकास को उत्तरी अमेरिकी मॉडल को अपनाने से गति मिली, जिसमें दर्शन और मानव विज्ञान संस्थान और अनुसंधान विकास के लिए विभाग थे। पूरे महाद्वीप में, समाजशास्त्रियों ने एक शैक्षणिक कार्यप्रणाली विकसित की जिसका लक्ष्य केवल पेशेवरों का शिक्षण और प्रशिक्षण नहीं था, बल्कि वैज्ञानिक पद्धति के मानदंडों के अनुसार सामाजिक अनुसंधान का अभ्यास था।

वैज्ञानिक विषय के रूप में समाजशास्त्र का विकास लैटिन अमेरिकी सुधारवादी परंपरा के विश्वविद्यालय मॉडल से निकटता से जुड़ा हुआ था, जिसकी विशेषता राजनीतिक प्रतिबद्धता और सरकारों के संबंध में विश्वविद्यालय की स्वायत्तता की रक्षा थी। इस प्रकार, सामाजिक विज्ञानों की ऐतिहासिक विरासत और उनके संदर्भ ने कठोर सामाजिक अनुसंधान को स्थापित सामाजिक व्यवस्था के प्रतिरोध की एक कार्यकर्ता परंपरा के साथ जोड़ा, विशेष रूप से इस क्षेत्र को त्रस्त कर रहे आग्रही सत्तावादी राजनीतिक शासन और हस्तक्षेपों के सामने। लोकतंत्रीकरण के हालिया चक्र के बाद से, समाजशास्त्र के शैक्षणिक संस्थागतकरण और पेशेवरकरण की प्रक्रियाएं बढ़ती आंतरिक और बाहरी सामाजिक मांगों के सामने अपनी विरासत और कार्यप्रणाली को फिर से बदल रही हैं।

> एक स्थानीय स्तर पर स्थापित पेशा जिसका तेजी से अंतर्राष्ट्रीयकरण हुआ

समाजशास्त्रीय समुदायों का गठन दोहरी धुरी पर हुआः लैटिन अमेरिकी और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक स्थानों के साथ संवाद में, समाजशास्त्रीय ज्ञान के उत्पादन की स्थानीय जड़ें। अंतर्राष्ट्रीयकरण के परिपथों में समाजशास्त्र का प्रारंभिक प्रवेश 1950 में अंतर्राष्ट्रीय समाजशास्त्रीय संघ (ISA) और लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्रीय संघ (ALAS) में एक साथ प्रवेश के माध्यम से स्पष्ट था। इसके बाद 1969 में लैटिन अमेरिकी ग्रामीण समाजशास्त्र संघ और 1993 में लैटिन अमेरिकी श्रम अध्ययन संघ का गठन हुआय और, एक उप–क्षेत्रीय प्रोफाइल के साथ, 1974 में सेंट्रल अमेरिकन सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन का गठन हुआ। सामानांतर रूप से, समाजशास्त्र का अंतर्राष्ट्रीयकरण अन्य सामाजिक विज्ञानों के साथ स्थायी संवाद में था, जो ECLAC (1948), FLACSO (1957) और CLACSO (1967) जैसे क्षेत्रीय नेटवर्क में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से व्यक्त किया गया था।

समाजशास्त्र के अकादमिक समुदायों (शोध केंद्र, विश्वविद्यालय, करियर, विशेष प्रकाशन, आदि) के प्रगतिशील गठन के कई संकेतक थे। फिर भी, उसी समय, यह कर्त्ताओं, प्रोफेसरों, बुद्धिजीवियों और समाजशास्त्र पेशेवरों के एक समुदाय द्वारा संभव और बढ़ाया गया था, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपने पेशे का प्रयोग किया, नेटवर्क और संघ बनाए, और खुद को समाज के सामने एक श्रेणी और पेशेवर समूह के रूप में पेश करने के लिए सार्वजनिक कार्यक्रमों में एकत्र हुए।

पेशे से सामूहिक जुड़ाव की एक रस्मी भावना समाजशास्त्री की आधिकारिक स्मारक तिथि का उत्सव मनाना है। चिली में, 24 नवंबर को समाजशास्त्रियों का राष्ट्रीय दिवस है, जो 1982 में समाजशास्त्रियों के कॉलेज के निर्माण की याद दिलाता है। कोलंबिया में, 10 दिसंबर को देश में 1882 में समाजशास्त्र की प्रथम चेयर की स्थापना का समरण किया जाता है। पनामा में, समाजशास्त्री और लेखक राउल लेइस रोमेरो के सम्मान में 12 दिसंबर को मनाया जाता है, जबकि पेरू में यह 9 दिसंबर को मनाया जाता है, जो 1896 में यूनिवर्सिडाड नैशनल मेयर डी सैन मार्कोस में समाजशास्त्र की प्रथम चेयर की याद दिलाता है। अंत में, वेनेजुएला में, 11 फरवरी को समाजशास्त्रियों और मानवविज्ञानियों के पहले कॉलेज की स्थापना का समरण किया जाता है।

>>

> समाजशास्त्रीय संघः मुख्य उद्देश्य और विकास

एक सामान्य विवरण प्रस्तुत करने के लिए, लैटिन अमेरिका में समाजशास्त्रीय संघों का वर्गीकरण इस आधार पर तैयार किया गया हैः (क) शैक्षणिक या व्यावसायिक क्षेत्र के लिए उन्मुख कार्यवाही का प्राथमिक उद्देश्य, (ख) आयु और दीर्घायु, और (ग) क्षेत्रीय दायरा (तालिका 1 देखें)।

एसोसिएशन की प्रकृति (शैक्षणिक या पेशेवर) और समय चर (आयु और दीर्घायु) के संयुक्त विश्लेषण से दिलचस्प अनुभवजन्य अवलोकन सामने आते हैं। लंबी अवधि में एसोसिएशन का विकास धीमा और असमान कार्यान्वयन दिखाता है, हालांकि एसोसिएशन की संख्या और एसोसिएशन वाले देशों में प्रगतिशील वृद्धि हुई है।

तुलनात्मक अनुदैर्ध्य विश्लेषण ने पिछले खंडों में प्रस्तुत विश्लेषण के अनुरूप, विशिष्ट प्रोफाइल के साथ तीन ऐतिहासिक कालखंडों को स्थापित करना संभव बना दिया। 1930 और 1970 के दशक के मध्य लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्र का एक बुनियादी काल था, जिसकी विशेषता राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर शैक्षणिक क्षेत्र, नेटवर्क और अभिव्यक्तियों से संघों का विकास था। इसके बाद 1980 और 1990 के दशक में अधिक पेशेवर प्रोफाइल वाले संघों के विस्तार का एक चक्र आया, जिसके दौरान समाजशास्त्रीय पेशे के अभ्यास में अकादमिक से अतिरिक्त–विश्वविद्यालय क्षेत्रों में बदलाव हुआ। इस अवधि में स्नातकों की संख्या और पेशे के गैर–शैक्षणिक क्षेत्रों में वृद्धि हुई। अंत में, हम एक ऐसी अवधि की पहचान कर सकते हैं जो इक्कीसवीं सदी के पहले दो दशकों तक फैली हुई है, जिसकी विशेषता समाजशास्त्रियों (स्नातक और विशेष स्नातकोत्तर) के प्रशिक्षण के विविधीकरण और संस्थागत समेकन और क्षेत्रीय स्तर पर संस्थाओं और संघों की जड़ें बनना है। इस अवधि में कई देशों में अकादमिक और पेशेवर संघों का प्रगतिशील और समानांतर विकास देखा गया।

> नेटवर्क, अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता और कॉलेजों और व्यावसायिक संघों का उदय

विविध संगठनों ने एकजुटता के विभिन्न रूपों के सामूहिक उत्पादन और नेटवर्क के विकास में योगदान दिया। इसने पेशेवर श्रेणी के लिए अलग–अलग तरीकों से अपनेपन और अंतर्जात पहचान की भावना प्रदान की, जैसे कि किसी समूह में सदस्यता की स्थापना या समाजशास्त्र के कार्यक्रमों और कांग्रेसों में सामाजिक बैठकों का आयोजन, आदि। सामाजिक उद्देश्यों और कमजोर सामाजिक समूहों की रक्षा के लिए लामबंदी, वकालत और सार्वजनिक प्रतिबद्धता भी थी, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता, विशेष रूप से लैटिन अमेरिकी नेटवर्क में, की ओर उन्मुख कार्य भी थे।

समाजशास्त्र के पेशेवर क्षेत्र की रक्षा, प्रचार और मजबूती के उद्देश्य से पेशेवर या गिल्ड प्रोफाइल वाले कॉलेजों और संघों का उदय एक हालिया विकास रहा है। ये समाजशास्त्रीय ज्ञान और उसके पेशे के सार्वजनिक वैधीकरण के साथ–साथ पेशे के अभ्यास में कानूनी और मानक विनियमों की उन्नति से जुड़े हैं। इस तरह के नियम विषम और आंशिक हैं, पेशे के लिए गैर–मौजूद विशिष्ट कानून से – ज्यादातर मामलों में – कई देशों (जैसे अर्जेंटीना, चिली, कोस्टा रिका, पेरू और उरुग्वे) में राष्ट्रीय और उप–राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर सख्ती से विनियमित पेशेवर कॉलेजों तक।

> वर्तमान जोखिम और चुनौतियाँ

शिक्षाविदों, संघों और समाजशास्त्र के शिल्प का विकास किसी भी तरह से एक रेखीय विकास या प्रगति का परिणाम नहीं रहा है, बल्कि इसे कई बाधाओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। एक ओर, लैटिन अमेरिका में समाजशास्त्रियों को सामाजिक व्यवस्था के लिए खतरा मानते हुए रूढ़िवादी क्षेत्र सामाजिक विज्ञान और विशेष रूप से समाजशास्त्र पर भरोसा नहीं करते हैं। दूसरी ओर, वैज्ञानिक और पेशेवर ज्ञान की नई सामाजिक मांग के परिणामस्वरूप ऐसे जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं जो समाजशास्त्रीय पेशे के अभ्यास के महत्वपूर्ण पहलुओं को कमजोर कर सकते हैं।

इसके साथ ही पेशों की दुनिया में भी परिवर्तन हो रहे हैं। इनमें विश्वविद्यालय की योग्यताओं और डिग्रियों का गुणन और सापेक्ष अवमूल्यन तथा पेशेवर श्रम बाजारों के लचीलेपन और अनिश्चितता की प्रक्रियाएँ शामिल हैं। इसके अलावा, टेलीवर्किंग का उदय, जिसका परिणाम देखभाल के वितरण और लैंगिक असमानताओं के संदर्भ में होता है, सामाजिक विज्ञानों में विशेष रूप से दिखाई देता है। संज्ञानात्मक पूंजीवाद की बढ़ती उत्पादकता मांगों के कारण, बाजार से डेटा के सॉफ्ट स्किल्स और तकनीकी प्रबंधन के अतिमूल्यांकन द्वारा आलोचनात्मक प्रोफाइल और विश्लेषणात्मक प्रतिबिंब को प्रतिस्थापित करने के जोखिम भी हैं।

समाजशास्त्रीय पेशे के लिए चुनौती यह है कि वह आलोचना और सामाजिक प्रतिबद्धता की भावना को खोए बिना सामाजिक ज्ञान की नई गतिशीलता की मांगों के अनुकूल बने। इसका अर्थ है लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्र की सक्रियता की ऐतिहासिक विरासत को आगे बढ़ाना, सामाजिक व्यवस्था में गहन परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता और सत्ता–विरोधी प्रतिरोध की संस्कृति को अपनाना। एक युगान्तकारी परिवर्तन में, सत्ता संरचनाओं की बौद्धिक आलोचना तथा क्षेत्र में व्याप्त सामाजिक असमानताओं की सार्वजनिक निंदा की भूमिका की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, समाज पर समाजशास्त्रीय आलोचनात्मक दृष्टि पुनः प्राप्त करना आवश्यक है, ताकि हाशिए पर पड़ी समस्याओं और सामाजिक कर्ताओं को दृश्यमान बनाया जा सके, उन सामाजिक तंत्रों को उजागर किया जा सके, जो सत्ता और असमानताओं के संस्थानों के पुनरुत्पादन को संभव बनाते हैं, और आलोचनात्मक चिंतन के माध्यम से, सार्वजनिक एजेंडे पर बार–बार आने वाले सामाजिक मुद्दों (जैसे हिंसा और उसके उपयोग) की व्याख्या में सामान्य ज्ञान के सरलीकरण और प्राकृतिककरण पर सवाल उठाया जा सके।

>>

क्षेत्र	वर्ष	राष्ट्रीय संघ	क्षेत्रीय संघ
अकादमिक	1930-59	ब्राजीलियन समाजशास्त्र सोसायटी	इकनोमिक कमीषन फॉर लैटिन अमेरिका लैटिन अमेरिकन सोषियोलॉजिकल एसोसिएषन लैटिन अमेरिकन फैकल्टी ऑफ़ सोषल साइंसेज
अकादमिक	1960-79	कोलम्बियाई समाजशास्त्र एसोसिएशन	लैटिन अमेरिकी सामाजिक विज्ञान परिषद सेंट्रल अमेरिकन सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन लैटिन अमेरिकी ग्रामीण समाजशास्त्र एसोसिएशन
पेशेवर	1980-89	समाजषास्त्र में पेशेवरों की परिषद (ब्यूनस आयर्स शहर) यूनस आयर्स प्रांत के समाजशास्त्रियों का कॉलेज सैन जुआन के समाजशास्त्रियों का कॉलेज चिली के समाजशास्त्रियों का कॉलेज पेरू के समाजशास्त्रियों का कॉलेज	
पेशेवर	1990-99	पनामा समाजशास्त्रियों का संघ पनामा विश्विद्यालय के समाजषास्त्रियों का संघ समाजशास्त्रियों और समाजशास्त्रियों का राष्ट्रीय कॉलेज पनामा के समाजशास्त्र और सामाजिक विज्ञान महाविद्यालय उरुग्वे के समाजशास्त्रियों का कॉलेज	लैटिन अमेरिकी श्रम अध्ययन संघ
पेशेवर	2000-09	अर्जेंटीना गणराज्य के समाजशास्त्रियों का संघ	
पेशेवर	2010-09	अर्जेंटीना समाजशास्त्रीय संघ सेंटिआगो डेल एस्टेरो के समाजशास्त्रियों का कॉलेज साओ पाउलो राज्य के समाजशास्त्रियों का संघ समाजशास्त्रियों का राष्ट्रीय संघ (ब्राज़ील) कोलम्बियाई समाजशास्त्र एसोसिएशन (पुर्नस्थापना) कोस्टा रिका के समाजशास्त्र में पेशेवरों का कॉलेज साल्वाडोरन एसोसिएशन ऑफ सोशियोलॉजिस्ट्स एंड सोशल साइंस प्रोफेशनल्स होंडुरन समाजशास्त्र एसोसिएशन पैराग्वेयन समाजशास्त्र एसोसिएशन परिआ के समाजशास्त्रियों और मानवविज्ञानियों का कॉलेज (वेनेजुएला)	

नोट : कुछ देशों में समाजशास्त्र के राष्ट्रीय शैक्षणिक संघ नहीं हैं, लेकिन उनके पास लंबे समय से चल रहे विश्वविद्यालय समाजशास्त्र केंद्र (संस्थान, विभाग, कॉलेज, आदि) हैं जो विद्वानों के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं, सबसे सटीक मामला मेक्सिको का है। कुछ देशों में राष्ट्रीय संघ और संदर्भ के विश्वविद्यालय केंद्र दोनों हैं, जैसे अर्जेंटीना, ब्राजील, कोलंबिया, वेनेजुएला और उरुग्वे।

संक्षेप में, एक अत्यावश्यक पेशेवर संसाधन के रूप में 'समाजशास्त्रीय कल्पना' का सहारा लेना आवश्यक है। विरासत, कंडीशनिंग और चुनौतियों से परे, इसके संघ और इसका शिल्प शायद समाज में बदलाव के साथ समाजशास्त्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। ■

सभी पत्राचार मिगुएल सेर्ना को <miguel.serna@cienciassociales.edu.uy> पर प्रेषित करे।

**डेटा स्रोतों की समीक्षा के लिए, मैं समाजशास्त्रीय संघों और पेशेवर संघों के एएलएएस नेटवर्क के सहयोगियों, विशेष रूप से एडुआर्डो अरोयो (पेरू), एना सिल्विया मोनजोन (ग्वाटेमाला), फ्लाविया लेसा डी बैरोस (ब्राजील), एलेजांद्रो टेराइल्स (अर्जेंटीना), राउल गोंजालेज सालाजार (वेनेजुएला), ब्रिसेडा बैरेंटेस सेरानो (पनामा), कारमेन कैमाचो रोड्रिग्ज (कोस्टा रिका), और मोनिका वर्गास (चिली) को धन्यवाद देना चाहता हूं।*

> संकट और अनिश्चितता के समय में

लैटिन अमेरिका और कैरिबियन का समाजशास्त्र

ALAS (लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्रीय संघ) द्वारा

श्रेय: लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्रीय एसोसिएशन (ALAS).

महत्वपूर्ण सामाजिक विचार जिसने 1950 से अपने समय से जुड़े एक बौद्धिक आंदोलन के रूप में ALAS को बनाए रखा है, हमारे कांग्रेस में समर्थित है। डोमिनिकन गणराज्य में कांग्रेस दो साल की तैयारी की परिणिति है जो समाजशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, कला और मानविकी को एक ऐतिहासिक और सभ्यतागत अर्थ देने के इस प्रयास को निरंतरता प्रदान करती है। हमारा एफ्रो–अब्या याला अमेरिका कैरिबियन और लैटिन अमेरिकी है, हमारे अंतरसांस्कृतिक संबंध लिंग, जातीयता, क्षेत्रों और देशों की विविधता को पोषित करते हैं और हमारे स्वायत्त एकीकरण के लिए चुनौतियों को अद्यतन करते हैं, सत्ता की उपनिवेशवाद की आलोचना करते हैं, मुक्तिदायक और सह–अस्तित्व के अन्य रूपों के संस्थापकों के लिए खुले हैं, जो बहिष्कार, असमानता या भेदभाव के सभी रूपों के विपरीत हैं।

वैश्विक, प्रणालीगत, बहुआयामी प्रघटना के रूप में बहुसंकट जो सभी भू–राजनीतिक पैमानों को पार करता है, पश्चिमी नियमों पर आधारित विश्व व्यवस्था के संकट का परिणाम है। इसके साथ ही, हम एक नए बहुध्रुवीयवाद की आपातस्थिति देख रहे हैं जिसमें कैरेबियाई और लैटिन अमेरिका सक्रिय गुटनिरपेक्षता और एक नई आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक व्यवस्था के लिए संघर्ष के आधार पर दक्षिण–दक्षिण संबंधों का निर्माण कर सकते हैं।

यह संदर्भ सामाजिक असमानता और आय के क्रूर संकेन्द्रण को बढ़ाता है तथा अभूतपूर्व दरिद्रता प्रक्रियाओं को तेज करता है। हम विऔद्योगीकरण, शोषणवाद, तथाकथित अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में रोजगार की अनिश्चितता तथा ऐसे कारकों से पीड़ित हैं जो बेदखली द्वारा संचय की जटिल प्रक्रियाओं को गति प्रदान करते हैं, जो स्वदेशी लोगों तथा अफ्रीकी मूल के लोगों को बहुत प्रभावित करते हैं।

हिंसा मृत्यु का चेहरा है, मानवाधिकारों का उल्लंघन है, लाखों लोगों का जबरन गायब होना है तथा लाखों प्रवासियों का जबरन आंतरिक और अंतर्राष्ट्रीय विस्थापन है। इस तस्वीर में आर्थिक नीतियों द्वारा समर्थित राज्य का कमजोर होना भी शामिल है, जिसका नेक्रोपॉलिटिकल प्रतिरूप संगठित अपराध तथा शक्तिशाली लोगों के साम्राज्य द्वारा संचालित है। इसी तरह, रूढ़िवादी रीति–रिवाज जो सामाजिक बहिष्कार, असहिष्णुता और भेदभाव, पुरुष केंद्रित शक्ति, तथा बेदखल लोगों और युवाओं को कलंकित करने को दोहराते हैं, जो एक खंडित समाज का निर्माण करते हैं, दोहराए जाते हैं।

हमारा महाद्वीप जैव विविधता और अंतर–सांस्कृतिकता के सामाजिक–पर्यावरणीय संकट का अनुभव करता है। यह संकट प्रकृति की वस्तुओं, इसके निजीकरण और शोषण और बहिष्कार की रणनीतियों के प्रभुत्व पर एक भयंकर संघर्ष उत्पन्न करता है। इसके मद्देनजर, हम सामाजिक–पर्यावरणवादी आंदोलनों की क्षमता को पहचानते हैं जो वैश्विक दक्षिण से पारिस्थितिक–सामाजिक और अंतर–सांस्कृतिक रणनीतियों को तैनात करते हैं।

हाल के दशकों में, नारीवादी सामूहिक कार्रवाई ने यौन और प्रजनन अधिकारों का विस्तार और समेकन, देखभाल के समाज के लिए उभरती मांगों और इसके पक्ष में संस्थागत परिवर्तनों के माध्यम से लैटिन अमेरिका और कैरिबियन में लिंग संबंधों में निर्णायक बदलाव लाने में योगदान दिया है।

> >

2019 के बाद से, सामाजिक विस्फोटों (एस्टेलिडोस सोशलेस) ने बदलाव और वैकल्पिक परिवर्तनों के लिए नई कल्पनाओं और अपेक्षाओं को खोल दिया है, जिनके दायरे और नए परिदृश्यों पर आलोचनात्मक सामाजिक विचार को ध्यान देना चाहिए, विशेष रूप से अति–दक्षिणपंथ के आक्रमण के संदर्भ में। संयुक्त राज्य अमेरिका और कई लैटिन अमेरिकी देशों में हाल के चुनाव परिणामों ने लोकप्रिय समर्थन प्राप्त किया है और लैटिन अमेरिका और कैरीबियाई क्षेत्रों में श्वेत वर्चस्ववादी, पितृसत्तात्मक, नस्लवादी राष्ट्रवाद की विघटनकारी भूमिका के प्रभाव के बारे में अच्छी तरह से स्थापित आशंकाओं को और गहरा कर दिया है, जो प्रवासियों के उत्पीड़न को बढ़ाता है, क्षेत्र में विनाशकारी आर्थिक युद्ध को जन्म देता है, सैन्य–औद्योगिक परिसर की शक्ति को बढ़ाता है, और राज्य विनियमन की क्षमता और जीवन के सभी क्षेत्रों में गंभीर बहुसंकट को दूर करने के लिए किसी भी संभावित बहुपक्षीय कार्रवाई को बाधित करता है।

कैरिबियन में ALAS अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस सामाजिक संघर्षों की उपलब्धियों के विनाश के बारे में चिंतित है, जिसने समाज के लोकतंत्रीकरण का काफी विस्तार किया। यह घृणास्पद भाषण, सशस्त्र संघर्षों में हिंसा के स्वाभाविककरण, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सहित सार्वजनिक अधिकारों की अयोग्यता और अवहेलना, सार्वजनिक विरोध के अपराधीकरण और व्यक्तिवाद के अंतिम विस्तार के खिलाफ है।

यह सार्वजनिक शिक्षा की विभिन्न मांगों, विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान, समाजशास्त्र और सभी सामुदायिक और पैतृक ज्ञान की रक्षा का भी समर्थन करता है।

हम एक विवेचनापूर्ण और महानगरीय वैश्विक समाजशास्त्र के लिए खड़े हैं जो समाजशास्त्रियों की कई पीढ़ियों की अवधारणाओं और प्रतिबिंबों को फिर से सक्रिय करने में सक्षम है जो समाजशास्त्रीय कल्पना का लेखा–जोखा देते हैं। हम यूटोपिया के लिए प्रतिबद्ध हैं और नागरिकों और लोगों की मुक्ति के साथ एकजुटता में हैं।

इसी तरह, नए विज्ञान, वैज्ञानिक क्रांतियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल प्रौद्योगिकियों को इस तरह से शामिल किया जाना चाहिए जो अलग–थलग न हो, उपभोक्तावाद से बंधा न हो, प्रकृति के प्रति संवेदनशील हो और जो लोकतांत्रिक सह–अस्तित्व को बढ़ाए।

लैटिन अमेरिका और कैरिबियन पहचान और समावेशी भावनाओं के वाहक हैं जो अपने लोगों और राष्ट्रीयताओं के अच्छे जीवन के लिए शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व की ओर इशारा करते हैं, उनका व्यवसाय इजरायल सरकार द्वारा फिलिस्तीनी लोगों के नरसंहार के विरोध में मौलिक रूप से शांतिवादी है, और यूक्रेन के साथ–साथ उत्तरी अफ्रीका और दक्षिण एशिया में मानवता को पीड़ित सभी सशस्त्र संघर्षों में न्याय और सम्मान के साथ शांति को बढ़ावा देता है।

उपर्युक्त वैश्विक संकटों और अनिश्चितताओं के सामने विविधता में एकता की शैक्षणिक और सामाजिक अभिव्यक्ति में एक प्रमुख कर्त्ता के रूप में, ALAS रचनात्मकता को पोषित करने और परिवर्तनकारी समाजशास्त्रीय ज्ञान के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आलोचनात्मक सोच के ढांचे के भीतर अपनी ऐतिहासिक विरासत को इकट्ठा करने के लिए प्रतिबद्ध है, अपने व्यवहार के साथ सामाजिक और संज्ञानात्मक न्याय के सार्वभौमिक अधिकार का विस्तार और गहनता करता है। ■

7 नवंबर, 2024 को डोमिनिकन गणराज्य के सैंटो डोमिंगो में समाजशास्त्र की XXXIV लैटिन अमेरिकी कांग्रेस में ALAS की महासभा की घोषणा।

GLOBAL DIALOGUE

ISA International Sociological Association

https://globaldialogue.isa-sociology.org/
www.isa-sociology.org